पेज-10

सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल जीत.....

हिन्दी दैनिक

दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-11

रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में...

वर्ष : 13 | अंक : 59 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | शनिवार, 1 मार्च 2025 | website : www.dabanghind.com | मूल्य – ₹ 2

एक नजर

थाने से एसएचओ को घसीटकर ले गई एंटी करप्शन टीम

मिजार्पुर। यूपी के मिजार्पुर में एंटी करप्शन टीम ने थाना इंचार्ज को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। टीम उसे घसीटते हुए अपने साथ ले गई। इस बीच थाना इंचार्ज चीखता-चिल्लाता और मिन्नते करता रहा। उसने यहां तक कह डाला कि रिश्वत में लिए पैसे लौटा दूंगा। बता दें कि आरोपी थाना इंचार्ज ने शिकायकर्ता से रिपोर्ट दर्ज करने के बदले 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन टीम ने आरोपी थाना इंचार्ज को 30 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। दरअसल, गुरुवार को मिजार्पुर जिले के पुलिस विभाग में एक थाना प्रभारी के द्वारा पीड़ित से 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की गई, जिसको लेकर पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम मिजार्पुर को शिकायत की। एंटी करप्शन की टीम ने थाना प्रभारी को पहली किस्त 30 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथ वर्दी में गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए ने छत्तीसगढ़ में माओवादी नेता को किया गिरफ्तार

रायुर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ में आतंकी फंडिंग मामले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकी संगठन से जुड़े एक फ्रंटल संगठन के शीर्ष नेता को गिरफ्तार किया है। मूलवासी बचाओ मंच (एमबीएम) के नेता रघु मिडियामी को गुरुवार को एनआईए ने आरसी-02/2023/एनआईए/आरपीआर मामले में हिरासत में लिया. बता दें कि मूलवासी बचाओ मंच पर छत्तीसगढ़ सरकार ने भी प्रतिबंध लगा रखा है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने इससे पहले नवंबर 2023 में इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसे फरवरी 2024 में एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया था।

आत्मघाती विस्फोट में 5 की मौत, दर्जनों घायल

खैबर पख्तूनख्वा। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अकोरा खट्टक जिले में स्थित मदरसा दारुल उलूम हक्कानिया में हुए विस्फोट में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल, रेस्क्यू 1122 घटनास्थल पर पहुंच गया है और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल राशिद ने कहा कि अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच, रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने डॉन से पुष्टि की कि 20 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।
यह विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी।

झारखंड के 28945 सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को मिले टैबलेट

जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

- बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा में आज जुड़ा एक नया अध्याय
- बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- मोबाइल में सिमट गई है दुनिया

दबंग हिंद संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जमाना डिजिटल हो चुका है। कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है जो डिजिटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। हर दिन-डिजिटल सेवाएं अपग्रेड हो रही है। ऐसे में आप चाहे या ना चाहे, डिजिटल प्लेटफार्म से अपने को अलग नहीं रह सकते हैं। ऐसे में बेहतर है कि वक्त के अनुरूप आप अपने और आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे।

मुख्यमंत्री आज झारखंड मुख्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित समारोह में 28945 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के बीच टैबलेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन के लिए विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित- सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का भी ऑनलाइन शुभारंभ किया।

बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा में आज जुड़ा एक नया अध्याय

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध करने के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर

सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे. वहीं, टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी और उसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी।

बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था का व्यापक पैमाने पर डिजिटाइजेशन हो चुका है। स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज चल रहे हैं। डिजिटल शैक्षिक सामग्रियों का इस्तेमाल हो रहा है। ऑनलाइन कोचिंग क्लासेज चल रहे हैं। ऐसे में अगर हमारे बच्चे अगर डिजिटल फ्रेंडली नहीं होंगे तो उनके आगे की राह आसान नहीं होगी। उन्हें हर कदम पर कई चुनौतियां एवं परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने तथा डिजिटल रूप से उन्हें मजबूत करने करने के अभियान में जुट गई है। बच्चों का समग्र विकास हमारी सरकार प्रतिबद्धता है।

मोबाइल में सिमट गई है दुनिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक में आज तेजी से बदलाव हो रहा है। आपकी मुट्ठी में मोबाइल है और उस मोबाइल में सारी दुनिया सिमट गई है। अब आपको ना को पर्स लेकर चलने की जरूरत है और ना ही कैश। आप अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ तमाम जानकारियां हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हर चीज की सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं।

बच्चों को प्रोत्साहित कर रही है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आगे बढ़ सकें। आज जैक के साथ सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है वहीं, राज्य सरकार अपने खर्चे पर यहां के गरीब और होनहार विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका दे रही है। इसके अलावा अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़नी एवं उनके भविष्य को संवारने का काम हो रहा है।

नेटवर्क कनेक्टिविटी को किया जाएगा मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं के प्रभावित होने की बात बार-बार सामने आती है। डिजिटल कनेक्टिविटी की समस्या से तमाम प्रकार के कार्यों एवं सेवाओं में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। ऐसे में सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाएगी ताकि डिजिटल माध्यम से होने वाले सभी सरकारी कार्य सुचारू, सरल एवं सुविधाजनक तरीके से संचालित हो सके। इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह और झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन मौजूद थे।

सीएम हेमंत ने राज्यकर्मियों को दी बड़ी सौगात

स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया

दबंग हिंद संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी. उन्होंने झारखंड विधानसभा के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया. सीएम हेमंत सोरेन ने मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लआज व्यक्तिगत तौर पर बेहद सुखद अनुभव हो रहा है. देशभर में आज हर एक व्यक्ति किसी न किसी शारीरिक समस्या से जूझ रहा है. बीपी और शुगर की समस्या इन दिनों बेहद आम हो गई है. दवाइयों और अन्य चीजों की कीमत भी आसमान छू रही हैं।

योजना के तहत मुफ्त इलाज : इस योजना के तहत राज्य के कर्मियों, पेंशनर, विधानसभा के सदस्य, पूर्व सदस्य, विश्वविद्यालय के

शिक्षक और कर्मियों का 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में होगा. इसके अलावा गंभीर बीमारियों की स्थिति में कुल 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन भी किया जाएगा।

विशेष परिस्थितियों में एयर एंबुलेंस की सुविधा : विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा कर्तव्य : इरफान

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, आज का ये पल बेहद ही गौरवपूर्ण पल है. आज हमारे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना साकार हो रहा है।

बद्रीनाथ में हिमस्खलन से 41 मजदूर फंसे, 16 को बचाया गया

एजेंसी

चमोली। शुक्रवार को माणा के उच्च ऊंचाई वाले सीमावर्ती गांव के पास सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के शिविर पर हिमस्खलन के बाद उत्तराखंड के चमोली जिले के बद्रीनाथ में बचाव अभियान जारी है, जिसमें लगभग 41 मजदूर बर्फ के नीचे फंस गए हैं।शुरूआत में, कुल 57 मजदूर थे, जिनमें से अब तक 16 को बचा लिया गया है और उन्हें माणा गांव के पास एक सेना शिविर में भेज दिया गया है। बचाए गए मजदूरों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुबह माणा और माणा दर्रे के बीच हिमस्खलन हुआ, जिसमें भारत-तिब्बत सीमा की ओर सेना की आवाजाही के लिए आवश्यक बर्फ हटाने के काम में लगे मजदूर इसकी

चपेट में आ गए। चमोली के जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि फंसे हुए मजदूरों को बचाने के लिए कई टीमें चुनौतीपूर्ण इलाके, भारी बर्फबारी और बारिश से जूझ रही हैं। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आश्वासन दिया कि फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, फंसे हुए 57 बीआरओ श्रमिकों में से 16 को बचा लिया गया है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और अन्य विभागों की सहायता से बचाव अभियान जारी है। हमारी आपदा प्रबंधन टीम और पूरा प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रशासन और बीआरओ की टीमें घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं और बचाव अभियान जारी है।

रांची के कोतवाली थाने का दारोगा चढ़ा एसीबी के हत्थे

5 हजार का रिश्वत लेते धराया

दबंग हिंद संवाददाता

रांची। भ्रष्टाचार के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को कार्रवाई की है. एसीबी की टीम ने रांची के महिला थाना में कार्रवाई करते हुए 2018 बैच के दरोगा ऋषिकांत को पांच हजार घूस लेते रंगे के हाथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार दरोगा ऋषिकांत के द्वारा वादी से मोबाइल फोन रिलीज करने के नाम पर पांच हजार और केस डायरी लिखने के नाम पर 20 हजार रूपया घूस की मांग की गई थी,जबकि वादी घूस देने को तैयार नहीं था. जिसके बाद इसकी शिकायत एसीबी से की गई। एसीबी ने पूरे मामले का सत्यापन कराया तो दरोगा के द्वारा सही में घूस मांगे जाने की बात सही पाई गई. इसके बाद एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए दरोगा को रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया. बताया जा रहा है

कि इस दरोगा के द्वारा पूर्व में भी कई लोगों ने पुलिस के वरीय अधिकारी से घूस मांगने से संबंधित शिकायत की थी. यहां बता दें कि दरोगा ऋषिकांत कोतवाली थाना में पदस्थापित थे. एसीबी की टीम से बचने के लिए वो महिला थाना में छिप गये थे।

दरोगा ने आई फोन छोड़ने के नाम पर पांच हजार रुपया की डिमांड की थी, जिसके बाद मामले को लेकर ओम शंकर गुप्ता ने एसीबी से शिकायत की और फिर अउइ ने आरोपी दरोगा को गिरफ्तार कर लिया है. शिकायतकर्ता को पिछले दिनों आर्म्स एक्ट के तहद गिरफ्तार किया गया था. उसी वक्त आईफोन जप्त किया गया था. इसी आई फोन को छोड़ने को लेकर पांच हजार रुपया की मांग की गई थी. फिलहाल आरोपी ऋषिकांत से एसीबी द्वारा पूछताछ की जा रही है।

आर्थिक सर्वेक्षण : झारखंड की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि, जीडीपी में दोगुना इजाफा

- बजट का आकार 6067 करोड़ से बढ़कर 1.28 लाख करोड़
- जीएसडीपी में 10.7 प्रतिशत की दर से हुई बढ़ोतरी
- विकास दर देश की तुलना में अधिक

एजेंसी

रांची। झारखंड की अर्थव्यवस्था में पिछले तीन वर्षों से लगातार वृद्धि हुई है। राज्य की जीएसडीपी वर्ष 2011-12 में 1 लाख 50 हजार 918 करोड़

रुपये था, जो इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक स्थिर मूल्यों पर दो गुना और वर्तमान मूल्यों पर तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से विधानसभा में पेश वर्ष 2024-25 के झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण में इसका खुलासा।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के स्थिर मूल्यों पर दो गुना और वर्तमान मूल्यों पर तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है। वहीं वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के स्थिर मूल्यों पर जीएसडीपी में औसतन वार्षिक 7.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्यों पर जीएसडीपी में 10.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।

प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 105275 रुपए : इस अवधि में स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय में औसतन वार्षिक 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और चालू मूल्यों पर 9.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 57,172 रुपए से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 65,062 रुपए और चालू मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 88,500 रुपए से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 105274 रुपए हो गई है।

जीएसडीपी में वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान : झारखंड के जीएसडीपी के चालू और आगामी वित्तीय वर्षों में भी वृद्धि की गति को बनाए रखने का अनुमान लगाया गया है।

जीएसटी कानून से अब किसी को गिरफ्तार करना आसान नहीं होगा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जीएसटी कानून और कस्टम एक्ट यानी सीमा शुल्क कानून को लेकर एक अहम आदेश सुनाया है. जिसके बाद इन कानूनों के आधार पर किसी को गिरफ्तार करना आसान नहीं रह गया है. अदालत ने इन दोनों कानूनों के तहत होने वाली गिरफ्तारी या फिर दूसरी कड़ी कार्रवाई से सुरक्षा के लिए कुछ जरुरी उपाय भी किए हैं, जिनका असर आने वाले दिनों में दिखेगा. अब से कोई भी कार्रवाई या कार्यवाही इन कानूनों के तहत शुरू करने से पहले सरकारी अधिकारियों को ये स्थापित करना होगा कि ऐसा करने के पीछे ठोस वजहें थीं, इन्हें यूं ही नहीं शुरू किया गया। देश के मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली तीन

जजों की पीठ की तरफ से ये फैसला आया. फैसला सुनाने वाली पीठ में जस्टिस खन्ना के अलावा जस्टिस एम.एम. सुदरेश और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी शामिल थीं. तीनों जजों ने अपने फैसला में कहा कि इन मामलों में गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने का भी अधिकार होगा. ये उन मामलों में भी लागू होगा जहां कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, और उसके बदले जीएसटी या फिर कस्टम एक्ट के कानूनों के तहत आपराधिक प्रक्रिया को शुरू किया गया है. आइये समझें अदालत ने और क्या तय किया है।

इस मामले में याचिकाकताओं ने कथित टैक्स चोरी या फिर धोखाधड़ी के मामलों में लोगों को गिरफ्तार करने का अधिकार देने वाले इन दोनों कानूनों के प्रावधानों को चुनौती दी थी. याचिका दायर करने वालों का तर्क था कि ऐसी शक्तियाँ संविधान के अनुच्छेद 20(3) और 21 (स्वतंत्रता) के तहत हासिल संवैधानिक सुरक्षा का उल्लंघन हैं. सीमा शुल्क कानून के प्रावधानों को चुनौती देने का आधार यह भी था कि वे सीआरपीसी और पिछले सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के हिसाब से दुरुस्त नहीं हैं।

सरकार ने खिलाफ में ये दलीलें दीं : सरकार ने प्रावधानों का बचाव करते हुए तर्क दिया कि जीएसटी कानून के तहत होने वाली गिरफ्तारियां संदेह से ज्यादा लेकिन गंभीर संदेह से कम के मामले में अधिकारियों ने की।

देश में पहली बार में बिल्लियों में फैला बर्ड फ्लू

भोपाल। देश में पहली बार मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में पालूत बिल्लियों में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया है। गौरलब है कि छिंदवाड़ा जिले में बर्ड फ्लू का प्रकोप जारी है और अब यहां पहली बार पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है।

बिल्लियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि-छिंदवाड़ा में जांच में पाया गया कि बर्ड फ्लू का वायरस चिकन के माध्यम से बिल्लियों तक पहुंचा। जिन दुकानों से चिकन खरीदकर बिल्लियों को खिलाया जा रहा था, वहां की मुर्गियों में भी बर्ड फ्लू वायरस मिला है।

शेयर बाजार में भारी गिरावट : सेंसेक्स ने तोड़ा 28 साल पुराना रिकॉर्ड

निवेशकों के 7 लाख करोड़ स्वाहा

एजेंसी

मुंबई। अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं या फिर इसकी हलचल पर नजर रखते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद अहम है। इन दिनों शेयर बाजार की हालत बेहद खराब है। खासकर फरवरी महीने के आखिरी दिन, जब सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान पर खुले, पूरे बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट ने ना सिर्फ निवेशकों की कमाई को नुकसान पहुंचाया बल्कि शेयर बाजार ने 28 सालों का एक भयावह रिकॉर्ड भी तोड़ डाला। सेंसेक्स में गिरावट का ऐसा तूफान आया कि बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 7.16 लाख करोड़ रुपये घटकर 385.94 लाख करोड़ रुपये रह गया। यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट संकेत है कि

निवेशकों ने पिछले कुछ महीनों में भारी नुकसान उठाया है। खास बात ये है कि 1996 के बाद यह पहला मौका है जब लगातार पांच महीने शेयर बाजार में गिरावट का दौर देखने को मिला है। इस तात्कालिक गिरावट ने निवेशकों को चौंका दिया है और उनके लाखों रुपये स्वाहा हो गए हैं। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें प्रमुख हैं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिए गए टैरिफ बयान। ट्रंप के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने के ऐलान ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी, जिसका सीधा असर भारतीय बाजारों पर पड़ा। इसके अलावा धीमी आर्थिक वृद्धि, कमजोर कमाई और विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली ने भी भारतीय शेयर बाजार पर दबाव डाला। पिछले कुछ दिनों से बेंचमार्क इंडेक्स के लिए स्थिति नकारात्मक रही है।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

रामगढ़। शुक्रवार को जिले के उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति के उद्देश्यों की जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि समिति द्वारा जिले में कौशल विकास की संभावनाओं को तलाशने एवं उस दिशा में आगे कार्य करने को लेकर समिति का गठन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा समिति के अन्य सदस्यों के साथ रामगढ़ जिले में विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार मेला आयोजित करने, निजी क्षेत्र में नियुक्ति एवं प्लेसमेंट, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, कौशल

प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रो में सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार, एक्सपोजर विजिट आयोजित करने, जिला स्तर पर ही युवाओं को नियुक्ति प्रदान करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जिले में कौशल विकास को बढ़ावा देने को लेकर कई सुझाव भी दिए गए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले के शत प्रतिशत प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण श्रमाधान पोर्टल पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, राज्य कर पदाधिकारी, जिला अग्रनी प्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, ट्रेनिंग सर्विस प्रोवाइडर के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

रामगढ़। नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला लीड पिरामल फाऊंडेशन सिल्वेस्टर टोपनो पीपीआईए फेलो भावेश कुमार एवं श्वेता वर्मा द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम विंडो 2 के तहत इंक्लूसिव लाइवलीहुड प्रमोशन इन ट्राईबल ब्लॉक ऑफ एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट के तहत पतरातू प्रखंड में वैसी आदिवासी महिलाएं जिन्हें वर्तमान में सरकार की योजनाओं से नहीं जोड़ा गया है या वे किसी भी स्वयं सहायता समूह से नहीं जुड़ी हुई है उन्हें चिन्हित कर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है जिसके तहत उन्हें स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा, उनका खाता बैंक में खोला जाएगा, सुकर पालन बकरी पालन एवं मछली पालन को लेकर आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके उपरांत उन्हें पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा साथ ही उन्हें सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

अवैध मुहानों को बंद करने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा कड़ी कार्रवाई

दबंग हिन्द,संवाददाता

रामगढ़। अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को सुबह से ही बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया जो अलग-अलग जगहों पर गठित टीम के द्वारा संचालित अवैध मुहानों को बंद किया जाएगा। मौके पर अधिकारियों ने बताया कि जिले के अलग-अलग स्थलों पर अवैध मुहानों को चिन्हित किए गए मुहानों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए बंद करने हेतु कार्य प्रारंभ किया गया जो जिले के अलग-अलग क्षेत्र में भी अभियान मोड पर सभी अवैध मुहानों को बंद करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा : प्रभाकर

मध्य विद्यालय सौन्दा डी में प्रधानाध्यापक के सेवानिवृति पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। मध्य विद्यालय सौन्दा डी में प्रधानाध्यापक मटुक राम के सेवानिवृत पर शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक बिहारी लाल और संचालन मध्य विद्यालय सौन्दा डी के साहु सर ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि पतरातु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभाकर सिंह, विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय और पूर्व उप मुखिया सुधीर कुमार ने सेवानिवृत प्रधानाध्यापक मटुक राम का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय परिवार ने उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। मौके पर शिक्षा पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। लोगों ने मटुक राम के स्वस्थ्य शरीर और सुखद जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। मौके पर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुज खत्री, मनोज कुमार सिंह, सरवेन्दु प्रसाद सिंह, सुनिल कुमार पांडेय, रविश कुमार, रूपेश विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, दिपेंद्र कुमार, श्यामसुंदर करमाली, विभा कुमारी, भुनेश्वर महतो, राजेश प्रसाद, मटुक राम की पत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्र विभांशु कुमार, हिमांशु कुमार, बीआरपी अरशद, बरमेश्वर सहित मध्य विद्यालय अध्यक्ष शकुंतला देवी, पूर्व अध्यक्ष पुनम देवी और मध्य विधालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थें।

मृतक के बारे में सोशल मीडिया पर अपशब्द लिखने वाले पर पुलिस से कारवाई की हुई मांग

भुरकुंडा (रामगढ़)। सोशल मीडिया पर मृतक के बारे में अपशब्द लिखने वाले पर कारवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को चिकोर भदानीनगर निवासी सज्जाद रजा ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन दिया है। आवेदन में सज्जाद रजा ने कहा है कि चिकोर निवासी मो. सनाउला का पिछले दिनों प्रयागराज से अयोध्या जाने के क्रम में प्रतापगढ में सडक दुर्घटना में मौत हो गई। एक ओर जहां पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल पसरा हुआ है वहीं दूसरी ओर भुरकुंडा के युवक बासु सिंह द्वारा मृतक की तस्वीर पर अपशब्द लिखकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया गया है। जिससे लोगो को काफी ठेस पंहुचा है। आवेदन में पुलिस से मामले की जांच पड़ताल कर कानूनी कारवाई करने की मांग की गई है।

आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का असफल प्रयास, मामला थाने में दर्ज

दबंग हिन्द,संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड की एक महिला ने बीते 23 फरवरी को विष्णुगढ़ थाना में आजसू प्रखंड अध्यक्ष सह भेलवारा पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार मंडल पर दुष्कर्म करने का असफल प्रयास का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता ने थाने में आवेदन दर्ज किया। कांड संख्या 32/2025 के तहत भा.द.वी. धारा 74,75,79 में मामला दर्ज किया गया है। जिससे महिला ने अपने बयान में कहा है कि अजय कुमार मंडल के द्वारा मेरे साथ घोर अभद्रता, मयार्दा भंग, यौन उत्पीडन एवं गन्दी नियत से छेडछाड किया है। मेरे पति मुबई में काम रहते है ऐसी स्थिति का लाभ उठा कर पिछले करीब 02 महीनों से अजय कुमार मंडल आये दिन मुझे परेशान करता है।

दिनांक 12/01/2025 को लगभग रात 09:00 बजे रात अजय कुमार मंडल शराब पीकर मेरे घर आया और मनरेगा का काम दिलाने का बात कहते हुए मुझसे बात चीत करने लगा और बोलने लगा कि यहीं पर सो जाते है फिर वह अपने मन से मेरे कमरे के विस्तर में जाकर सो गया। और जबरन मेरा हाथ पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा। मैं शोर मचाई जिससे मेरे पड़ोसी मेरे घर पहुंचते ही वह भाग निकला। इस विषय पर पीड़िता ने थाने में त्वरित संज्ञान लेते हुए दोषी अजय कुमार मण्डल के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने की और न्याय की अपील की है।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने अवैध कोयला के मुहानों को चिन्हित कर बंद करने का दिया निर्देश

रामगढ़। रामगढ़ जिला के माण्डू प्रखण्ड अंतर्गत वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बसंतपुर कोतरे जंगल में संचालित विभिन्न अवैध कोयला के मुहानों को शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के द्वारा चिन्हित किया गया तथा कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इसके उपरांत जिल में संचालित विभिन्न अवैध मुहानों को चिन्हित कर बंद करने हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ एवं खनन पदाधिकारी, रामगढ़ को निर्देशित किया गया।

श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

विष्णुगढ़ । विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत बंदखारो यज्ञ स्थल पर श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य कैलाश महतो एवं संचालन मनोहर महतो ने किया । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 18 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने को लेकर कमेटी बनाई गई. ग्रामीणों के द्वारा सर्व सम्मति से लालचंद महतो अध्यक्ष, मनोहर महतो उपाध्यक्ष, श्रवन कुमार मंडल सचिव, कैलाश महतो उपसचिव, गौतम कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य में उमेश कुमार मंडल धनेश्वर महतो राजेंद्र कुमार संतोष कुमार महतो विशाल कुमार विपिन कुमार तुलसी महतो बालेश्वर महतो दुलारचंद मंडल पुसन महतो मुकेश मंडल आलोक कुमार नागेश्वर महतो राजू कुमार सुजीत कुमार सीताराम महतो विजय कुमार प्रकाश कुमार महेंद्र महतो रामजी साव को सदस्य मनोनीत किए गए। बैठक में लीला देवी बिंदा देवी जागेश्वरी देवी यशोदा देवी रथवा देवी बुंदिया देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सांसद मनीष जायसवाल ने आहूत की विशेष बैठक, लोकसभा क्षेत्र के सभी बीजेपी अध्यक्ष और महामंत्री हुए शामिल

- सांसद के साथ कई प्रबुद्धजनों ने किया संबोधित, सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा कार्यों के विस्तार और आगामी योजनाओं पर कार्यकताओं से की विशेष परिचर्चा, सहयोग का किया अपील
- सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही रहेगी प्राथमिकता : मनीष जायसवाल

दबंग हिन्द,संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने बढ़ते कदम और दायरे के साथ अपने सेवा कार्यों का भी विस्तार लगातार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कर रहें हैं। निरंतर क्षेत्र दौरा कर जहां विभिन्न क्षेत्रों की जनसमस्याओं से रूबरू हो रहें हैं वहीं जनहित में समस्याओं के निदान को लेकर भी सजग हैं। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अपने सेवा विस्तार और आगामी जनहित के कार्यों को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सांसद सेवा कार्यालय, हजारीबाग के सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की एक बैठक आहूत की। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने संयुक्त रूप से किया ।

इस अति कामकाजी और महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा और विकास के कार्यों के विस्तार में भाजपा के कार्यकताओं का अहम भूमिका बताते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उनसे सहयोग कर जनहित के कल्याणकारी योजनाओं को समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित सभी बीजेपी कार्यकताओं को बीते दिनों हजारीबाग की धरती पर उनके द्वारा आयोजित सांसद सामूहिक

विवाह उत्सव-2025 के माध्यम से 101 जरूरतमंद जोड़ों के सामूहिक विवाह को संपन्न कराने में अपार सहयोग के धन्यवाद दिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्ण बनाने के लिए बधाई दिया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने अपने आगामी गतिविधियों और जनहित के सेवा कार्यों के बाबत विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इन कार्यों में अपनी महत्ती भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सहयोग करने का अपील किया। आने वाले दिव्यांग और वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क उपकरण/ पंजीकरण शिविर के लिए प्रचारित करने, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जरूरतमंद बहन- बेटियों तक लहंगा पहुंचाने और आने वाले रामनवमी में लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों तक पारंपरिक अस्त्र- शस्त्र प्रदर्शन कला-कौशल को जीवंतता प्रदान करने हेतु लाठी और तलवार भेंट करने के लिए क्लबों का नाम उपलब्ध कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सेवा हमारी परंपरा रही है और जनहित में सेवा और विकास ही प्राथमिकता रहेगी । दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक यंत्र/ उपकरण का पंजीकरण/परीक्षण शिवर 02 मार्च को हजारीबाग में और 03 मार्च को रामगढ़ में लगेगासांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के दिव्यांग जनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहद खुशखबरी है कि आगामी दो और तीन मार्च 2025 को निःशुल्क सहायक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण/परीक्षण शिवर का आयोजन हजारीबाग और रामगढ़ जिले में किया जा रहा है। हजारीबाग जिले के लिए हजारीबाग टाउन हॉल परिसर में आगामी 02 मार्च 2025 (रविवार) को और रामगढ़ जिले के लिए आगामी 03 मार्च 2025 (सोमवार) को रामगढ़ टाउन हॉल परिसर में इस कैंप का आयोजन होगा। कैंप का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। ये कैंप सांसद मनीष जायसवाल के सक्रि यता और तत्परता से भारत सरकार के एपीड योजना और राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत आयोजित होगा। दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क एलिम्को कंपनी का सहायक उपकरण जरूरत के मुताबिक मिलेगा। इस योजना का लाभ के लिए लाभार्थी को यूडीआईडी कार्ड (न्यूनतम दिव्यांगता 40% से अधिक), आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 22500 रुपए अधिकतम) होना जरूरी है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक पात्रता में आधार कार्ड (60 वर्षीय एवं अधिक) एवं आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 15000 रुपए अधिकतम) होना जरूरी है । अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की हर जरूरतमंद बहन बेटियों को उनके शादी से पूर्व लहंगा का मिलेगा सौगात सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि उनके द्वारा साल 2017-18 से उनके द्वारा हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की जरूरतमंद बहन/बेटियों के बीच उनके शादी से पूर्व भाजपा कार्यकताओं और अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से उनके घर पहुंचाकर आकर्षक लहंगा भेंट किया जाता रहा है ताकि जरूरतमंद बहनों को भी अच्छे पकड़े पहनकर शादी करने का अरमान पूरा हो सके। पिछले साल 4000 से अधिक लहंगा क्षेत्र की बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व उपहार स्वरूप भेंट किया जा चुका है। अब संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी जरूरतमंद बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व लहंगा का सौगात दिया जाएगा और इस कार्य में भाजपा के कार्यकर्ता उन्हें चिन्हित करने से लेकर उनतक सौगात पहुंचाने में सहयोग करेंगे ।

एक नजर

एनटीपीसी माइनिंग और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, ढेंगा, में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया

बड़कागांव। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पीबीसीएमपी के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही फीता काटकर उद्घाटन समारोह की शुरूआत की। विज्ञान प्रदर्शनी में संस्थान के प्रशिक्षुओं द्वारा आधुनिक तकनीकी मॉडल और एनटीपीसी के प्रशिक्षुओं द्वारा आईआईटी गांधीनगर तक की यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए कई रोचक और अभिनव पजल्स प्रदर्शित किए गए। इस वर्ष के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय था ₹विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों, जिसमें संस्थान के नोडल ऑफिसर और एनटीपीसी उरफ प्रबंधक कमला राम राजक का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता रही, जिसमें 60 से अधिक तकनीकी मॉडल और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। इनमें सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं। इसके अलावा, 20 विभिन्न स्टॉलों पर स्कूली छात्रों के बीच पहेली समाधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विज्ञान उत्सव में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया, जिनमें कौटिल्य वोमेंस कॉलेज, संगम पब्लिक स्कूल, गर्ल्स मेमोरियल स्कूल, जीडीएम गर्ल्स हाई स्कूल, सरगम इंटर मेमोरियल स्कूल, बीएम मेमोरियल स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बड़कागांव शामिल थे। कुल मिलाकर 350 प्रतिभागियों की भागीदारी से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। मुख्य अतिथि फैज तैयब ने IIT गांधीनगर में इंटर्नशिप के लिए चयनित तीन मेधावी प्रशिक्षुओं को उनके कौशल विकास और उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही, विज्ञान के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि आईआईटी गांधीनगर के इंटर्न्स के सहयोग से इस कार्यक्रम की गुणवत्ता अत्यधिक ऊंची रही।

दिनदहाड़े दो लोगों को चाकू मार कर किया घायल अपराधी पुलिस के गिरफ्त में, हजारीबाग रेफर

बड़कागांव। बड़कागांव मुख्य चौक पर शाम 7:45 बजे दिनदहाड़े दो लोगों को चाकू मार कर अपराधी फरार हो गया। घायल ललन यादव और चंदन यादव दोनों ग्राम पिपराडीह गावं निवासी को प्राथमिक उपचार के लिए बड़कागांव समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने दोनों घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर घायल ललन ने पुलिस के बयान दिया कि चाकू मारने वाले चार लोग हैं। सभी कटकमदाग थाना क्षेत्र के रेवाली गांव के रहने वाले हैं। जिनका नाम रोहित , गोल्डन ,शिवम और राजा नाम है सभी रेवाली का रहने वाला है। ललन- आगे बताया कि मैं बरही निवासी रविंद्र यादव उर्फ राजा का 16 चक्का गाड़ी त्रिवेणी से बानादाग पिछले एक वर्ष से चला रहा था। गाड़ी मालिक के पास 16000 बकाया है। यही बकाया पैसा मैं फोन पर मांग रहा था तो लोग बोला कि बड़कागांव आकर के देते हैं। सभी स्कॉर्पियो से बड़कागांव मुख्य चौक आए और चाकू से हमला करके स्कॉर्पियो से भाग गए। ललन को छाती के किनारे पँजरा के पास और चंदन को पीठ पर चाकू लगी है। वही मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मार-पीट करने वाले सभी पुलिस के गिरफ्त में और सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

जिंदल फाउंडेशन की गर्ल्स फुटबॉल टीम ने जीता झारखंड अंडर-17 वर्ग की अस्मिता फुटबॉल लीग

भुरकुंडा (रामगढ़)। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के मागदर्शन में पतरातु में चल रहे जिंदल फाउंडेशन गर्ल्स फुटबॉल टीम की लड़कियों ने झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल टूनार्मेंट के तहत आयोजित झारखंड अंडर-17 वर्ग की अस्मिता फुटबॉल लीग जीती। 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025 तक धनबाद में आयोजित अस्मिता फुटबॉल लीग में छह लड़कियों की फुटबॉल अकादमियों ने हिस्सा लिया। विजेता के रूप में जिंदल फाउंडेशन गर्ल्स टीम को ट्रॉफी, मेडल और नकद 50 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। जिंदल फाउंडेशन गर्ल्स टीम की अनामिका कुमारी को मैन ऑफ द टूनार्मेंट और लक्ष्मी कुमारी को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। गर्ल्स फुटबॉल टीम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिंदल फाउंडेशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

भाजपा नेता की माता के निधन पर कोयलांचल में शोक की लहर, शोक संवेदनाओं का लगा तांता

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी निवासी भाजपा नेता राकेश सिन्हा की माता रामशिला देवी 70 वर्ष का गुरूवार की रात्रि करीब 10 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन से कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है। शुक्रवार को नलकारी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र राकेश सिन्हा ने दिया। स्व. रामशिला देवी अपने पीछे दो पुत्र, बहु सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में सांसद मनीष जयसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, सतीश सिन्हा, डॉ. संजीव जमुआर, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, मुखिया उपेंद्र शर्मा, मुखिया अजय पासवान, रामाशंकर पांडेय, संजीव कुमार बाबला, योगेश दांगी, सन्नी कुशवाहा, डब्लू पांडेय, सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी, अमरेश सिंह, अनुप ठाकुर, मुन्ना श्रीवास्तव, सुबोध सिन्हा, बामेश्वर प्रसाद, ललन प्रसाद, सलील मोहन सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, अजीत सिन्हा, अखिलेश टोप्पो, जुगल नायक, अशोक सोनी, दीपक सिंह, बाबूलाल नायक, अनिल सिंह, टुनटुन यादव, संजय मिश्रा, संजय यादव, भुन्नू सिंह, जयंत तुरी, चंदन साव सहित कायस्थ समाज के लोग शामिल थें।

केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति भुरकुंडा कोयलांचल का हुआ गठन

भुरकुंडा (रामगढ़)। रेलवे लाईन स्थित आदिवासी कार्यालय में शुक्रवार को केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति भुरकुंडा कोयलांचल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता श्रीनाथ करमाली और संचालन विक्रम करमाली ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पूजा धुमधाम से मनाने एवं सफलता को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संस्थापक विक्रम करमाली, राजन करमाली, संरक्षक श्रीनाथ करमाली, झरी मुंडा, रामविलास करमाली, हरिलाल बेदिया और रामलखन मुंडा चुने गये। वहीं अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष विकेश बेदिया, छोटा राजन, अरूण करमाली, कार्यकारी अध्यक्ष रंजीता करमाली, सचिव शशि करमाली, सह सचिव सरयू मुंडा, गुलाब करमाली, कोषाध्यक्ष देवशरण मुंडा, राजेन्द्र बेदिया चुने गये। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में अमर बाउरी, पिंटू बेदिया, अजय सोरेन, नंदु करमाली, अरविंद करमाली, रामदास बेदिया, विक्की करमाली, विकास करमाली, रोहित मुंडा, विरेन्द्र मुंडा, सूरज कुमार, अंजू देवी, सरीता टोप्पो, लक्ष्मी कुमारी, सुनिता देवी, शीला देवी, तन्नु करमाली, राजेश करमाली, अर्जुन करमाली, राज करमाली, रतन करमाली, पृथ्वी राज करमाली, मुनेश बेदिया, अजय राम शामिल हैं। बताया गया कि सरहुल पूजा को लेकर समिति का केन्द्र पटेलनगर स्थित सरना स्थल होगा।

छात्र देश की उम्मीद और भविष्य

जेआरयू के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची । झारखंड राय यूनिवर्सिटी (JRU) में आज 5वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे. उन्होंने 393 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की, जिनमें 122 स्नातकोत्तर और 184 स्नातक शामिल हैं. मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी और इस अवसर को अत्यंत गौरवपूर्ण बताया.राज्यपाल नें अपने संबोधन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विज्ञान और अनुसंधान के महत्व को बताया. 92 छात्राओं की सफलताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहले की अवधारणा को तोड़ता है कि महिलाएं शिक्षा से वंचित हैं.राज्यपाल ने बताया कि शिक्षा सिर्फ एक डिग्री नहीं, बल्कि समाज की सेवा और आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता है. उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल से राष्ट्र को गौरवित करने की प्रेरणा दी. अंत में, उन्होंने मूल्य आधारित शिक्षा पर जोर दिया, जो युवाओं में नैतिकता और संस्कारों का विकास करती है. कहा कि आप सभी देश की उम्मीद और भविष्य हैं. अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।

सदन में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश : झारखंड की अर्थव्यवस्था में लगातार वृद्धि

जीएसडीपी दोगुना से अधिक होने का अनुमान

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन सदन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश की. रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड की अर्थव्यवस्था में पिछले तीन वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है. राज्य के स्थिर मूल्यों पर जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) में औसतन वार्षिक 7.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्यों पर जीएसडीपी में 10.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष में स्थिर पर 6.7%,वर्तमान मूल्यों पर 9.8% वृद्धि का अनुमान : राज्य का जीएसडीपी जो वर्ष 2011-12 में 1,50.918 करोड़ रुपए था. इस वित्तीय वर्ष (2024-25) के अंत तक स्थिर मूल्यों पर दोगुना और वर्तमान मूल्यों पर तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है. इस वित्तीय वर्ष (2024-25) में स्थिर मूल्यों पर 6.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्यों पर 9.8 प्रतिशत की

वृद्धि होने का अनुमान है. इस अवधि में स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय में औसतन वार्षिक 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई. जबकि चालू मूल्यों पर 9.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गयी।

जानें स्थिर और चालू मूल्यों पर क्या है प्रति व्यक्ति आय: स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 57,172 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 65,062 रुपये हो गयी. वहीं चालू मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 88,500 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 1,05. 274 रुपये हो गयी. राज्य के जीएसडीपी के चालू और आगामी वित्तीय वर्षों में भी वृद्धि की गति को बनाये रखने का अनुमान लगाया गया है।

वृद्धि की गति : ▶▶ स्थिर मूल्यों पर जीएसडीपी में औसतन वार्षिक 7.7 प्रतिशत की वृद्धि ▶▶ वर्तमान मूल्यों पर जीएसडीपी में 10.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि

प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि : ▶▶ स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय में औसतन वार्षिक 6.7 प्रतिशत की वृद्धि ▶▶ चालू मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय में 9.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि

आगामी वर्षों में वृद्धि की उम्मीद ▶▶ राज्य के वास्तविक जीएसडीपी में चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) मं 6.7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान ▶▶ अगले वित्तीय वर्ष (2025-26) में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

राज्य की आर्थिक वृद्धि का अनुमान : ▶▶ राज्य के वास्तविक जीएसडीपी में चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान ▶▶ अगले वित्तीय वर्ष (2025-26) में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

राज्य के जीएसडीपी में वृद्धि का अनुमान वर्ष 2024-25 में : ▶▶ स्थिर मूल्यों पर : 3,04,165 करोड़ रुपये, ▶▶ वर्तमान मूल्यों पर : 5,06,356 करोड़ रुपये ▶▶ **वर्ष 2025-26 में:** ▶▶ स्थिर मूल्यों पर : 3,26,941 करोड़ रुपये, ▶▶ वर्तमान मूल्यों पर : 5,56,286 करोड़ रुपये

वर्ष 24-25 व 2025-26 के लिए राज्य की प्रति व्यक्ति आय के अनुमान: ▶▶ **वर्ष 2024-25 में :** ▶▶ स्थिर मूल्यों पर : 68,612 रुपये, झ वर्तमान मूल्यों पर : 1,14,271 रुपये ▶▶ **वर्ष 2025-26 में :** ▶▶ स्थिर मूल्यों परः 72,836 रुपये, ▶▶ वर्तमान मूल्यों पर : 1,24,079 रुपये।

रातू प्रखंड के हुरहुरी पंचायत सचिवालय में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

जागरूकता कर जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उद्देश्य : कविता कुमारी खाती

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची । माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में जस्टीस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम के तहत रातू प्रखंड के हुरहुरी पंचायत सचिवालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ श्रीमति कविता कुमारी खाती, पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनीता देवी, अफरोज अंसारी, निशांत निशचल, सुजिता देवी, नेहा तिर्की, प्रीतम सक्सेना, पुनम देवी, समेत अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी डिपुटी चीफ कविता कुमारी खाती ने लोगों को बाल श्रम, बाल अधिकार, बाल विवाह, डायन बिसाही, नशा उन्मूलन, पीड़ित मुआवजा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल श्रम और

बाल विवाह कानुनन अपराध है। लोगों को डायन कहकर इंगित करना भी अपराध की श्रेणी में आता हैं। उन्होंने नशा उन्मूलन पर कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए। पीएलवी पुष्पलता देवी ने वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन के लिए फार्म भरने के बारे में जानकारी दी गयी। सुनीता देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जॉब कार्ड के बारे में फोकस किये। अफरोज अंसारी ने लोक अदालत तथा सुजिता देवी ने मईंया सम्मान योजना के बारे में चर्चा किये। पीएलवी नेहा तिर्की, प्रीतम सक्सेना तथा पुनम देवी ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को वादकारी अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से करा सकते यह भी ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी के द्वारा रातू प्रखण्ड क्षेत्र में लोगों को मध्यस्थता एवं लोक अदालत की जानकारी दी। पीएलवी निशांत निश्चल ने मोटर वाहन दुर्घटना में पीड़ितों को मुआवजा देने पर प्रकाश डाला।

सरकार चतुर्थ वर्गीय पदों पर सीधी नियुक्ति करे : बंधु तिर्की

मुख्यमंत्री से आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम की बजाय कार्यालयों, निगम बोर्ड आदि में नियमित नियुक्ति करने की अपील

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह अपने विभिन्न कार्यालयों के साथ ही अपने अधीनस्थ सभी निगम, बोर्ड आदि में भी चतुर्थ वर्गीय पदों पर कर्मचारियों एवं श्रमिकों की सीधी और पूर्ण नियुक्ति करे साथ ही पहले से आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मियों को नियमित करे.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे

गये एक पत्र में श्री तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालय के साथ ही विभिन्न निगमों, प्राधिकार, बोर्ड आदि में बड़ी संख्या में चतुर्थ वर्गीय पदों पर वैसे कामगार और कर्मचारी कार्यरत हैं जो नियमित नहीं है. उनमें से अधिकांश आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मी हैं जो रोजगार के अभाव एवं गरीबी के कारण वैसी आउटसोर्स कंपनियों के माध्यम से अनुबंधित होते हैं और अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं.श्री तिर्की ने कहा कि वैसे श्रमिकों एवं कर्मचारियों को निर्धारित पारिश्रमिक या वेतन की अपेक्षा काफी कम पारिश्रमिक या वेतन का भुगतान किया जाता है और वैसे लोग किसी से शिकायत करने की स्थिति में भी अपने-आपको असहाय पाते हैं. वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसे कार्यों में कार्यरत अधिकांश आउटसोर्सिंग कंपनियां वैसे अनुबंधित कर्मचारियों एवं श्रमिकों को निर्धारित राशि की बजाय बहुत कम राशि का भुगतान करती है. इसके साथ-साथ वैसे कर्मचारियों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति से पूर्व उनसे अवैध रूप से मोटी रकम की भी मांग की जाती है जिसे देने में वे असमर्थ तो होते हैं लेकिन हर महीने रोजगार की लालच में वे जैसे-तैसे उस अवैध मोटी रकम का भुगतान आउटसोर्सिंग कंपनी या उसके दलालों, बिचौलियों आदि को करते हैं क्योंकि वे वैसे अवसर को पाना चाहते हैं।

ओरमांझी प्रखंड के मौजा जिराबार में 17 साल पुराना जमीन विवाद सुलझा

दबंग हिन्द,संवाददाता

ओरमांझी। ओरमांझी प्रखंड के मौजा जिराबार में एक आदिवासी मुंडा परिवार की खतियानी कायमी जमीन, जिस पर ग्राम हुंदूर निवासी मोहन बैठा पिता स्वर्गीय शामू बैठा ने लगभग 17 वर्षों से कब्जा कर रखा था को आखिरकार प्रशासन की मौजूदगी में वास्तविक रैयत को वापस सौंप दिया गया। जमीन की असली रैयत सोहरी देवी पति जतरु मुंडा ने वर्षों तक इस कब्जे के खिलाफ संघर्ष किया और 2017-18 में मोहन बैठा के खिलाफ एस ए आर कोर्ट में मुकदमा दायर किया। लंबी सुनवाई के बाद, कोर्ट ने पाया कि मोहन बैठा के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है, जिससे जमीन पर उनके दावे को साबित किया जा सके। इसके बाद एस ए आर कोर्ट ने सोहरी देवी के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट के आदेशानुसार ओरमांझी अंचल पदाधिकारी उज्ज्वल सोरेन ने दोनों पक्षों को चार-चार बार नोटिस जारी किया, लेकिन मोहन बैठा अंचल कार्यालय में कोई भी ठोस कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर अंचल कार्यालय ने सोहरी देवी को दखल-दहानी का आदेश जारी किया और गुरुवार को सीओ उज्ज्वल सोरेन की अगुवाई में प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दखल-दहानी की प्रक्रिया पूरी कराई। इस दौरान मौके पर ओरमांझी ब्लॉक के सीआई रंजीत सिंह, अंचल अमीन शोएब अंसारी, सहयोगी अमीन मुख्तार आलम, पंचायत समिति सदस्य पश्चिमी प्रमिला उरांव, आदिवासी 22 पड़हा सरना समिति सदमा-ओरमांझी-कांके क्षेत्र के अध्यक्ष बाबूलाल महली, शंभू करमाली, रवि मुंडा, संजय मुंडा, मनोज उरांव, विक्रम मुंडा, पुसु उरांव, इंदु उरांव और ओरमांझी थाना के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पांच सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने दिया धरना

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने राजभवन के समक्ष पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. इस दौरान आंगनबाड़ी सहायिका ने कहा कि हर साल मानदेय में पांच सौ रुपये की बढ़ोतरी की योजना है, जिसके लिए उन्हें मुखियाओं से लिखित आवेदन देना पड़ता है. वे गांव-घर के बच्चों को ढूंढकर आंगनबाड़ी में नामांकित करती हैं. लेकिन सरकार मोबाइल के माध्यम से काम करवा रही है. इसके लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को मोबाइल प्रशिक्षण नहीं दिया गया है. इसके अलावा सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या भी है। महासचिव सुंदरी तिर्की ने कहा कि जो काम कर रहे हैं, उनका मानदेय 1 से 15 तारीख तक दिया जाए. उन्होंने यह भी कहा कि आज केंद्रीय और राज्य सरकार की आपसी लड़ाई में आंगनबाड़ी

सेविकाओं और सहायिकाओं को यह समझ नहीं आ रहा है कि वे किसकी कर्मचारी हैं।

झारखंड में कुल 80 हजार आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं कार्यरत हैं : बेड़ो से आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका ने बताया कि बच्चों को 20-24 अंडे खिलाए जाते हैं. लेकिन इसके लिए सरकार द्वारा कोई पैसा नहीं दिया जाता. इसके कारण उन्हें दुकान से उधारी चुकाने के लिए खेत से उपजने वाली सब्जियों को बेचकर कर्ज चुकाना पड़ता है।

इनकी मांगे हैं : ▶▶ आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 20,000 रुपये और सहायिकाओं का 15,000 रुपये किया जाए. ▶▶ महिला पर्यवेक्षिकाओं में पदोन्नति के लिए 50 प्रतिशत पदों पर योग्यताधारी सेविकाओं और सहायिकाओं की सीधी नियुक्ति की जाए. ▶▶ आंगनबाड़ी सेविकाओं को रिटायरमेंट के समय 10 लाख रुपये और सहायिकाओं को 5 लाख रुपये दिया जाए. ▶▶ पोषाहार सामग्री की दर में वृद्धि की जाए. ▶▶ सेविकाओं का कौशल सुधारने के लिए नई तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया जाए.मौके पर बहालेन कच्छप, छोटी देवी, सूर्यमुखी उरांव, ललिता देवी, बसंती देवी, वीणा जोशी, चंचला भोक्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

पीएलवी लता कुमारी ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी

डायन कहकर मारना या प्रताड़ित करना एक अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची । माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा वाई.बी.एन. यूनिवर्सिटी के सहयोग से नामकूम प्रखंड के लाली पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एल.ए.डी.सी. डिपूटी चीफ, श्री राजेश कुमार सिन्हा, नालसा, झालसा एवं डालसा, रांची के मध्यस्थ श्रीमति अरूणा प्रकाश, वाई.बी.एन. यूनिवर्सिटी के एसिस्टेंट प्रोफेसर, श्रीमति निकिता तिवारी, कानूनी अध्ययन के मुख्य, श्री अजीत कुमार गांड, विधि विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री अंतरा रॉय, श्री विक्रम दुबे, श्री सुसोभन अधिकारी, छात्र-छात्राएं, देवराज, मीनु माहतो, बिकिस फिरदौस, अभिषेक कुमार, विशाल कुमार, सगुफा प्रवीण, सुरज गुप्ता, आशा कुमारी, सोनाली पांडे, अमन राज, जय, वरूण कुमार माहतो, वासुदेव माहतो, पीएलवी लता कुमारी, प्रीति कुमारी, रूही अग्रवाल, अनिता कुमारी, बिनोद कश्यप, युधिष्ठिर

महतो, प्रहलाद उपाध्याय अन्य लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन वाई.बी.एन. यूनिवर्सिटी के एसिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमति निकिता तिवारी के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया जाता है, ताकि दबे-कुचले व जरूरतमंदों को सरकार के लाभकारी योजना का लाभ मिल सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीबों को डालसा, रांची के सहयोग से लाभ पहुंचाना ही है। श्रीमति अरूण प्रकाश ने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डालसा, रांची सभी प्रखंडों व पंचायतों में पीएलवी को नियुक्त किये है, ताकि गरीबों को उनके अधिकारों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रखंड या पंचायत में पीएलवी से सम्पर्क कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन दे सकते है। बाल तस्करी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चियों को लालच देकर झारखंड से दूसरे राज्य में ले जाकर उससे वैश्यावृत्ति का काम कराते हैं या फिर उन्हें भिखारी बनाकर भीख मांगने पर मजबूर करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रम कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया। आगे उन्होंने मानव तस्करी पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा एलएडीसी डिपुटी श्री राजेश कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में महिलाओं से संबंधित कानून के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने डायन प्रथा, बाल तस्करी एवं बाल विवाह पर लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही अंधविश्वास है, किसी भी महिला को डायन कहकर मारना या प्रताड़ित करना कानून अपराध है।

पंचायत सचिव सह प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी रंजित सिंह का विदाई समारोह

दबंग हिन्द,संवाददाता

चान्हों। प्रखंड सह अंचल कार्यालय, चाहौं के सभागार कक्ष में *पंचायत सचिव सह प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी श्री रंजित सिंह जी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अन्य पदाधिकारी, सुपरवाइजर, सभी जनसेवक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, अन्य प्रखंड कर्मी और सभी कंप्यूटर ऑपरेटर सम्मिलित हुए। इस विदाई समारोह में रंजित सिंह के साथ सम्मिलित होने के लिए उनकी धर्मपत्नी और प्रथम सुपुत्र श्री रोहित सिंह जी भी आए थे। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए जनसेवक सह प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री उपेंद्र कुमार सिंह जी ने सभी का अभिवादन किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय श्री वरुण कुमार जी की अनुमति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत हो रहे पंचायत सचिव रंजित सिंह जी और उनकी धर्मपत्नी का स्वागत प्रखण्ड की महिला पंचायत सचिव के समूह ने पुष्प गुच्छ देकर किया । तत्पश्चात अलग-अलग व्यक्तित्व में पंचायत सचिव श्री शशि

उरांव जी में श्री सिंह के व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया । बेयासी पंचायत के मुखिया श्री भोला उरांव जी ने श्री सिंह जी के साथ अपने विगत 3 सालों के कार्य अनुभव की बातें साझा की और कहा कि रंजीत सिंह जी किसी भी आदर्श सरकारी सेवक के जीते जागते उदाहरण हैं। मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री गुंजन कुमार ने रंजित सिंह जी के कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि इनसे बेहतर पंचायत सचिव उन्होंने अपने कार्यकाल में नहीं देखा है, जो सभी से एक जैसा मृदुल व्यवहार करते हैं। मनरेगा के सहायक अभियंता श्री रोहित जी ने श्री सिंह जी के काम के बारे में बताते हुए कहा कि उनके साथ काम करने का अनुभव बेहतरीन रहा है। रोजगार सेवक श्री युसूफ अंसारी जी ने श्री सिंह के बारे में बताया कि सर के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा है और पूरे कार्यकाल उन्होंने अपने छोटे भाई की तरह उनके साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया।

एक नजर

बंधु तिर्की की सीएम से की अपील, आउटसोर्सिंग कंपनियों पर लगे पाबंदी

दबंग हिन्द,रांची। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि राज्य सरकार अपने विभिन्न कार्यालयों और निगमों, बोर्ड आदि में चतुर्थ वर्गीय पदों पर कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति करे. कहा है कि आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये अनुबंधित कर्मियों को नियमित किया जाए और आउटसोर्सिंग कंपनियों पर सख्त पाबंदी लगाई जाए. उन्होंने कहा कि ये कंपनियां कर्मचारियों को निर्धारित पारिश्रमिक की बजाय कम पारिश्रमिक देती हैं और उनसे अवैध रूप से मोटी रकम की मांग भी करती हैं।

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद उग्रवादी हुआ फरार

दबंग हिन्द,रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद उग्रवादी फरार हो गया. फरार हुए उग्रवादी की पहचान समीर तिर्की उर्फ साकिर तिर्की के रूप में हुई है. उसे दस साल की सजा सुनाई गई थी. यह घटना गुरुवार देर शाम 6.40 बजे की है. इस मामले में जेल प्रशासन की ओर से रांची पुलिस को लिखित शिकायत दी जा चुकी है.उग्रवादी के जेल भागने की घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है, साथ ही जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है. उल्लेखनीय है कि समीर को साल 2018 में पुलिस ने गुमला से गिरफ्तार किया था. वह मूलरूप से गुमला के भंडरा टोली वृंदा का रहने वाला है।

एक्सक्लूसिव अपडेट: निहंग्स ने जी स्टूडियो की 'शौंकी सरदार' की शूटिंग को आशीर्वाद दिया, जिसमें गुरु रंधावा शामिल हैं

दबंग हिन्द,रांची/मुंबई। सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक श्रद्धा के एक विशेष क्षण में, निहंग समुदाय ने 'शौंकी सरदार' की शूटिंग के लिए अपना आशीर्वाद दिया। यह फिल्म की ताकत, वीरता और अटूट भावना के विषयों को प्रतिबिंबित करता है। यह स्वीकृति प्रामाणिकता फिल्म की प्रामाणिकता को मजबूत करती है और सिख योद्धाओं की विरासत को सम्मान प्रदान करती है, जिससे इसकी प्रभावशाली कथा को और अधिक गहराई मिलती है। जी स्टूडियो गर्व से 'शौंकी सरदार' प्रस्तुत करता है, जो बब्बू मान, गुरु रंधावा और निम्रित अहलूवालिया की बहुप्रतीक्षित पंजाबी ब्लॉकबस्टर है। आधिकारिक विश्वव्यापी वितरक के रूप में, जी स्टूडियो 16 मई, 2025 को दुनिया भर के दर्शकों के लिए इस उच्च-ऑक्टेन मनोरंजन को लाने के लिए तैयार है। फिल्म का संगीत, जो इसकी जीवंत कथा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, विशेष रूप से जी म्यूजिक कंपनी पर उपलब्ध होगा।

अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म का भव्य उद्घाटन,बेहतरीन सहूलियत और मुनासिब खर्चे पर हज और उमराह

दबंग हिन्द,रांची। रांची के मिर्जा मार्केट, शॉप नंबर 5, फर्स्ट फ्लोर, बरियातू रोड में अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म का उद्घाटन एआईएमएम नेता महताब आलम और मौलाना मंसूर, इमाम जामा मस्जिद, बड़गाइ ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया । मुख्य अतिथि महताब आलम ने कहा कि झारखंड के सभी लोगों की सेवा किफायती दर में अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म करेगी। उन्होंने कहा कि अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म भारत सरकार से लाइसेंस प्राप्त ट्रेवल कंपनी है। अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म सर्विस पर पहले ध्यान देती है बाद में प्रॉफिट पर ध्यान देती है। उद्घाटन के अवसर पर अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म के संस्थापक और डायरेक्टर मोहम्मद राशिद ने कहा कि अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म पिछले कई सालों से लोगों के सेवा देते आ रही है। अल मातफ ट्रैवल एंड टूरिज्म,सदस्य है ऑल इंडिया हज उमराह दूर लिमिटेड से जुड़ा है। इसी क्रम में झारखंड की राजधानी रांची में इसकी ब्रांच खोली गई। उन्होंने कहा कि हमारे यहां हज, उमराह,एयर टिकट, रेल टिकट, वीजा स्टांपिंग ,बैतूल मुकद्दस का टूर,देश और विदेश की के टूर पैकेज ,फॉरेक्स और वाकाला की सेवा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हम जायरीन को ऐसी सेवा देंगे जो अब तक किसी भी ट्रेवल वालों ने नहीं दिया है। मोहम्मद राशिद ने कहा कि रांची से हर सप्ताह उमराह के लिए ग्रुप जाएगा, ग्रुप में अगर दो या पांच लोग हैं तब भी वह उमराह के लिए जा पाएंगे। उन्होंने कहा कि बेहतरीन सहूलियत और मुनासिफ खर्च पर हम झारखंड वासियों रांचीवासियों को हजार घर आ जाएंगे ।

मांडर रेफरल अस्पताल में पुर्व मंत्री ने किया प्रबंधन समिति का बैठक

दबंग हिन्द,मांडर । मांडर प्रखंड सभागार में रेफरल अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक झारखंड सरकार सम्मानवयक समिति के सदस्य सह पुर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रखंड के उड चंचला कुमारी और प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी किशोर कुल्लू उपस्थित रहे। बैठक में पुर्व मंत्री ने अस्पताल में मरीजों के लिए दवा वैक्सिन एवं उपकरण की उपलब्धता की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जो भी जरूरी सामान है उसे तुरंत उपलब्ध कराया जाय साथ जितने भी प्रखंड में सी एच ओ सहिया एवं अस्पताल के कर्मचारियों के साथ महीना में एक बार बैठक कर उनकी समस्या और मरीजों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करने का भी निर्देश दिए ।

सुभाष चंद्र बोस पार्क में चल रहा है नर्सरी, निगम ने कर दिया है आवंटित

दबंग हिन्द,रांची। रांची नगर निगम और उपायुक्त कार्यालय के सामने स्थित देश के महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर एक पार्क बनाया गया था, ताकि लोग सुभाष चंद्र बोस के बारे में अच्छे से जान सकें और उनके आदर्शों पर चल सकें. लेकिन अब नगर निगम ने नर्सरी चलाने वाले 21 लोगों को इस पार्क में दुकान लगाने का आवंटन कर दिया है. नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हर नर्सरी वाला व्यक्ति नगर निगम को हर महीने 1500 रुपये दुकान लगाने के लिए जमा करता है।

सूखे पत्तों और चबूतरे से घिरा है प्रतिमा : 8 दिसंबर 1995 को नेताजी की जन्मशताब्दी के अवसर पर राज्यपाल डॉ. ए.आर. किदवई द्वारा नेताजी की मूर्ति का लोकार्पण किया गया था. यह पार्क शहर में एकमात्र सुभाष चंद्र बोस के नाम पर बना पार्क है. लेकिन अब नर्सरी वालों ने इस पार्क पर कब्जा कर लिया है. यहां स्थापित प्रतिमा के चारों ओर सूखे पत्तों और गंदगी का ढेर लगा रहता है और नगर निगम के कर्मचारी कभी भी यहां सफाई करने के लिए नहीं पहुंचते हैं।

फुटपाथ पर भी अवैध कब्जा : नर्सरी वालों को जहां नर्सरी लगाने के लिए जगह आवंटित की गई है, वहां न लगाकर वे सभी लोग फुटपाथ पर अपनी दुकानें लगा रहे हैं. इससे फुटपाथ पर चलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हेमंत सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कर रही कार्य: मंटू

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । झामुमो की रितुडीह शाखा कमिटी के पुनर्गठन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसे संबोधित करते हुए झामुमो बोकारो महानगर प्रमुख मंटू यादव ने कहा कि हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आज आम जनता में झामुमो के प्रति बढ़ती हुई पसंद इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं, उनके परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। यही कारण है कि लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं । मंटू यादव ने यह भी कहा हमारी पार्टी जनता के हितों के लिए काम करती है,अब हमें और ज्यादा सक्रिय होकर हर शाखा में मजबूत संगठन खड़ा करना है। कहा कि संगठनात्मक मजबूती पार्टी की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। बैठक में मुख्य रूप से रामदयाल सिंह, राजकुमार सोरेन, आकाश टुडू, श्यामलाल मांझी, शिवलाल किस्कू, दिशा हेंब्रम, शिवलाल मांझी, डोमेन हेंब्रम, विजय हेंब्रम, रतिराम किस्कू, मनसा मांझी, फूलमनी देवी, सोनिया देवी, टुसू देवी, सुनीता देवी, रेशमा कुमारी, भगवती देवी, मीरा देवी, उर्मिला देवी इत्यादि उपस्थित थे। रितुडीह शाखा कमिटी के अध्यक्ष-कालेश्वर मांझी सचिव-जुगल सोरेन उपाध्यक्ष-रित्वरण हेंब्रम -कोषाध्यक्ष-प्रदीप हेंब्रम संगठन सचिव- वकील सिंह को कमिटी का पदाधिकारी बनाया गया।

गर्मी से पूर्व पेयजलापूर्ति व्यवस्थाओं को करें दुरूस्त: उपायुक्त

▸▸ मिशन मोड में खराब पड़ें चापाकलों जलमीनार को करे दुरूस्त जल सहिया के लिए आयोजित करें कार्यशाला

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले में संचालित विभिन्न पेयजलापूर्ति योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएसओ शालीनी खालखो, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता चास तेनुघाट राम प्रवेश राम,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी सहायक अभियंता कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे। डीसी ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस दौरान पूर्ण योजनाओं को पंचायतों को हैंड ओवर करने की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पेयजल एवं पंचायती राज विभाग को समन्वय स्थापित कर टीम गठित कर सभी पूर्ण योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आगामी 7 मार्च तक हैंडओवर करने को कहा। जिस मुखिया या जल सहिया के द्वारा हैंड ओवर लेने में दिलचस्पी नहीं ली जाएगी, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर मुखिया का वित्तीय क्षमता सीज की जाएगी।

इस दौरान योजनाओं के धीमी रफ्तार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी संवेदक को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब प्रदर्शन और धीमी रफ्तार पर संबंधित एजेंसी संवेदक को नोटिस निर्गत करते हुए कार्रवाई के लिए अनुशंसा करने को कहा। समीक्षा क्रम में पंचायत के मुखिया द्वारा योजनाओं के संचालन में दिलचस्पी नहीं लेने की बात सामने आई। इस पर उपायुक्त ने सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने में अगर कोई बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके विरूद्ध भी कार्रवाई होगी। उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को यह संदेश नीचे तक ले जाने की बात कहीं।

रोड सेफ्टी के लिए बनाया खास डिवाइस, रूपेश राष्ट्रीय स्तर व जापान टूर के लिए चयनित

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । डीपीएस बोकारो का होनहार छात्र रहे रूपेश कुमार ने नवोन्मेषता संबंधी भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतिम चरण में चयनित होकर अपने विद्यालय, शहर और राज्य का नाम गौरवान्वित किया। उसे जापान टूर का सुनहरा मौका भी मिला है। रूपेश ने एक खास डिवाइस और मोबाइल एप्लीकेशन ह्यरक्षकह्ल तैयार किया है। इसकी मदद से दुर्घटना होने के साथ ही संबंधित घटनास्थल के एक किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी अस्पतालों को कॉल और एसएमएस के जरिए वाहन के लोकेशन के साथ सूचना मिल जाएगी। इससे सही समय पर घायल व्यक्ति तक एंबुलेंस पहुंचाई जा सकेगी। इतना ही नहीं, अस्पतालों के साथ-साथ वाहन में सवार लोगों के परिजनों और पुलिस को भी तत्काल सूचना मिल सकेगी। बीएसएलकर्मी रविशंकर कुमार एवं बिहार में राजस्व पदाधिकारी सुनीता कुमारी के पुत्र रूपेश को अपने पिता के एक मित्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत के बाद यह आइडिया सूझा। अगर सही समय पर एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई होती, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। रूपेश ने नागपुर यूनिवर्सिटी में आयोजित 108वीं इंडियन साइंस कांग्रेस में भी झारखंड का प्रतिनिधित्व किया था।

बीएसएल के कोक ओवन में फेडरेशन ने सोनाराम व अनिल पर जताया भरोसा

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । सेल एससी झ्र एसटी इम्प्लाईज फेडरेशन, बोकारो यूनिट का बोकारो स्टील प्लांट में कोक ओवन एण्ड कोक केमिकल विभाग का विभागीय बैठक आज द बीएसएल कैंटीन नङ्ग 1 में किया गया।अध्यक्षता फेडरेशन के सचिव ललित उरॉव और संचालन विशेश्वर रजवार ने किया। बैठक में विभाग के कर्मियों से संबन्धित समस्याओ पर चर्चा किया गया और उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यो के प्रस्ताव पर फेडरेशन का कोक ओवन विभाग में विभागीय समिति का पुनर्गठन किया गया। विदित हो कि विभागीय समिति से कुछ लोग बोकारो यूनिट के कार्यकारिणी में शामिल हो गए हैं जिसके कारण विभागीय समिति का पुनर्गठन जरूरी हो गया। समिति में सर्वसम्मति से सोनाराम उरॉव अध्यक्ष, कुमार सानु और राजेश कुमार लकड़ा कार्यकारी अध्यक्ष, मंतोष पासवान, हरेन्द्र नाथ बाउरी, उपाध्यक्ष, अनिल पासवान

सचिव, सीकेएस मुंडा, अनिल कुमार संयुक्त सचिव, ज्योतिष कुमार कोषाध्यक्ष, मनोज महानंद, रामेश्वर कुमार उपकोषाध्यक्ष, प्रदीप मराण्डी, उड़े राम, आर के रजवार और मधेशवर पासवान कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। शम्भु कुमार बोकारो यूनिट अध्यक्ष सह सदस्य केन्द्रीय कमिटी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कोक ओवन में एससी एसटी कर्मचारियों की जनसंख्या सबसे ज्यादा है इसलिए विभागीय समिति का यह सर्वप्रथम कार्य होगा कि वो कर्मचारियों को फेडरेशन की सदस्यता दिलाये जिन्होंने नहीं लिया है।बैठक में करतार सामंत महासचिव बोकारो यूनिट सह उपाध्यक्ष केन्द्रीय कमिटी, राकेश कुमार, महेंद्र राम, दीपक किस्कू, रामलाल किस्कू, एस आर उरॉव, सुमन पासवान, देवेश टुडू, प्रेमनाथ राम, माणिकराम मुंडा आदि उपस्थित थे।

विशेष सचिव ग्रामीण विकास विभाग को फेडरेशन ने किया सम्मानित

बोकारो । राजेश कुमार राय विशेष सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार को सेल एससी एसटी इम्पलाईज फेडरेशन बोकारो यूनिट द्वारा फेडरेशन कार्यालय सेक्टर 3ए 79 में सम्मानित किया गया जिसमें एमके अभिमन्यु केंद्रीय अध्यक्ष सेल एससी एसटी इम्पलाईज फेडरेशन केंद्रीय कमेटी सह बोकारो यूनिट अध्यक्ष ने सॉल ओढा कर सम्मानित किया। फेडरेशन के महासचिव रवींद्र महली ने महात्मा बुद्ध बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी देविका राय को महात्मा बुद्ध का बुके देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा हीं एक मात्र ऐसा जरिया है। जिससे हर मुकाम पर पहुंचा जा सकता है। इसलिए समाज के सभी लोगों को कहना चाहता हूं कि हर संभव अपने बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा देने का प्रयास करें । भारत रत्न,बाबा साहेब डॉ भीमरावअंबेडकर कहा करते थे कि समाज के जो लोग अच्छे पद पर जाते हैं उन्हें चाहिए।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : विज्ञान-जगत में अक्षत ने किया बोकारो का सिर गर्व से ऊंचा

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । इस्पातनगरी बोकारो जितना इस्पात उत्पादन के लिए देश-दुनिया में विख्यात है, उतनी ही इसकी ख्याति शिक्षा के क्षेत्र में भी है। यही कारण है कि इसे झारखंड की शैक्षणिक राजधानी के रूप में भी माना गया है। 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। इस दिन आज हम बोकारो के कुछ ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों की चर्चा करेंगे, जिन्होंने अपनी काबिलियत के बूते इस शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। ये वो बच्चे हैं, जिन्होंने वैज्ञानिक नवाचार की मिसाल पेश करते हुए छोटी उम्र में बड़े कारनामे कर बोकारो का सिर गर्व से ऊंचा किया है।जिसमे अक्षत प्रियदर्शी ने नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म केएएमपी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा एनएएसटीए - 2024 में डीपीएस बोकारो में पांचवी कक्षा का छात्र अक्षत

प्रियदर्शी नेशनल टॉपरों की फेहरिस्त में शुमार हुआ। उसे नेशनल टॉपर-रैंक-2 के साथ सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस प्रदान किया गया है। बोकारो स्टील प्लांट में उप महाप्रबंधक आमोद प्रियदर्शी एवं दंत चिकित्सक डॉ. तोशिबा प्रियदर्शी के होनहार पुत्र अक्षत को ओवरऑल ग्रेड 'ए प्लस' मिला तथा नेशनल अवॉर्ड कैटेगरी के लिए चयनित किया गया। केएएमपी-एनएएसटीए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीएसआईआर काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च तथा एनआईएसपीआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन पॉलिसी रिसर्च की एक महत्वपूर्ण पहल है।

सीबीएसई साइंस चैलेंज वं विद्यार्थी विज्ञान मंथन मे स्टेट टॉपर बना आरुष

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, जागरुकता एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से सीबीएसई केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित सीबीएसई साइंस चैलेंज 2024-25 में डीपीएस बोकारो की दसवीं कक्षा के छात्र आरुष रंजन ने पूरे झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 10वीं कक्षा की कैटेगरी में आरुष पूरे झारखंड से इस चैलेंज को क्वालीफाई करने वाला एकमात्र विद्यार्थी है। विज्ञान, पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी विषयवस्तु पर आधारित इस चैलेंज में देश के अलग-अलग प्रांतों से सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें आरुष ने उच्चस्तरीय प्रदर्शन के साथ सफलता पाकर अपने विद्यालय व शहर के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। आरुष ने हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन वीवीएम में भी पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। एक निजी बीमा कंपनी में अधिकारी निरंजन कुमार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण झालसा की कर्मी आरती रंजन के होनहार पुत्र आरुष को खगोलीय भौतिकी में काफी रुचि है। वह आगे चलकर इसी क्षेत्र में शोध कर एक खगोलीय वैज्ञानिक बनना चाहता है।

इस्पात कर्मियों उनके आश्रितों के मानसिक भावनात्मक व पेशेवर विकास की दिशा में समझौता महत्वपूर्ण कदम

ईएपी कार्यक्रम से कर्मचारियों को मिलेगी 24 .7 काउंसलिंग व सहयोग

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो । स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड अपने कर्मचारियों के मानसिक भावनात्मक और पैसे पर सशक्तिकरण के प्रति प्रयासरत है इसी दिशा में इएपी इंडिया के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के तहत कर्मचारी सहायता कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसे सेल के सभी इकाइयों में लागू किया गया है कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और उनके आश्रितों को व्यक्तिगत एवं पेशेवर चुनौतियों से निपटने के लिए काउंसलिंग सहायता प्रदान करना है यह पहल तनाव प्रबंधन संघर्ष समाधान व्यक्तिगत संबंधों में सामंजस्य चिंता एवं अवसाद कार्य स्थल पर उत्पीड़न अशोक एवं अशोक संत दुर्व्यवहार एवं आघात वित्तीय असुरक्षा जैसे जटिल परिस्थितियों से उबर में सहायता प्रदान करेगी बोकारो स्टील प्लांट में इस पहल का औपचारिक शुभारंभ ज्ञान अर्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया इस अवसर पर अधिशासी निदेशक मुख्य महाप्रबंधक वरिष्ठ अधिकारी बड़ी संख्या में कर्मचारियों तथा इएपी इंडिया की फाउंडर डायरेक्टर सुश्री भारती महिमकर और उनकी टीम उपस्थित थे। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी ने इस पहल को कर्मचारियों और उनके आश्रितों के मानसिक भावनात्मक और पेशेवर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया कार्यक्रम के दौरान इएपी इंडिया की टीम ने विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि यह

काउंसलिंग सेवा पूरी तरह से निशुल्क गोपनी है और सुरक्षित अन्ना केवल कर्मचारी बल्कि उनके आश्रित में बिना किसी जीजा के सीधा संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं इस पहल के तहत कर्मचारियों के लिए 24 घंटे टेलिफोनिक परामर्श वेब एवं मोबाइल आधारित काउंसलिंग वीडियो काउंसलिंग और व्यक्तिगत परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गई है इसके अतिरिक्त या योजना मानसिक स्वास्थ्य कार्यस्थल की चुनौती पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्या वित्तीय एवं कानूनी परामर्श जैसी आवश्यकताओं के लिए विशेष सहायता भी प्रदान करती है या सेवा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध है जिससे इसे अधिक समावेशी और सुलभ बनाया गया है। सेल के कर्मचारी इएपी इंडिया के हेल्पलाइन नंबर 18008909810 व्हाट्सएप नंबर 86938 2226 या पोर्टल पर जाकर रजिस्टर कर कभी भी संपर्क कर सकते हैं इसके अलावा किसी भी अप्रत्याशित घटना या आपात स्थिति में 48 घंटे के भीतर त्वरित परामर्श सेवा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है जिससे संकट के समय तत्काल सहायता उपलब्ध हो सके।

एक नजर

लापरवाही बरतने कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले संवेदक मुखिया के विरुद्ध करें कार्रवाई : जाधव

बोकारो । 14 वें वित्त आयोग के तहत सोलर लघु जलमीनार के खराब पड़े जलापूर्ति योजना को दुरूस्त करने का निर्देश डीसी ने दिया है। उन्होंने संबंधित पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव को वैसे जलमीनार जहां सोलर प्लेट डैमेज, मोटर खराब, हैंड पंप पेयजल विभाग के अलावा अन्य मद से निर्मित खराब आदि हुआ है, उसे दुरुस्त करने का कार्य करें। उपायुक्त ने संबंधित सहायक अभियंता कनीय अभियंता को लंबे समय से पेजयलापूर्ति बाधित होने की किसी तरह की शिकायत प्राप्त नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने की बात कहीं, खराब चापाकलों की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करें। समीक्षा क्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता ने जल सहियाओं द्वारा खराब चापाकलों एवं मरम्मती के बाद दुरुस्त चापाकलों की फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया।बैठक में पेयजलापूर्ति पाइप अधिष्ठापन को लेकर विभिन्न विभागों से लंबित एनओसी की भी उपायुक्त ने समीक्षा की। समीक्षा में राष्ट्रीय राज मार्ग, वन विभाग एवं पथ प्रमंडल विभाग से संबंधित एनओसी को अविलंब विभाग को समर्पित करने को कहा। उन्होंने मिशन मोड में खराब पेयजलापूर्ति व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने को कहा। उपायुक्त ने आमजनों से पेयजल की समस्या शिकायत टोल फ्री नंबर 18003456502 पर दर्ज करने का अपील किया।

अनुकंपा समिति ने 4 की नियुक्ति के लिए की अनुशंसा 6 मामलों पर की गई सुनवाई

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। जिसमे कुल 6 मामलों पर सुनवाई की गई।बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी बोकारो सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, स्थापना उप समाहर्ता प्रेमचंद सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा शालिनी खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त व समिति के अन्य सदस्यों ने क्रम वार सभी मामलों की गहनता से समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा किए गए आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति आय आवासीय चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की जानकारी ली। उपायुक्त ने विभागों से अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए कुल 10 मामलों पर सुनवाई की और स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। जिला अनुकंपा समिति के समक्ष जिला शिक्षा विभाग का 3, जिला सामान्य शाखा का 1, बोकारो वन प्रमंडल का 1, जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय का 1 मामला प्रस्तुत किया गया था। इसी क्रम में सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 4 मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए समिति ने अनुशंसा की। 4 मामलों में पदाधिकारी से संबंधित ब्युटी भट्टाचार्य, चांदमनी सोरेन एवं मीना कुमारी का तीन मामला और प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा से संबंधित राजेश कुमार मुर्मू एक मामला शामिल था। मौके पर जिला स्थापना शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

25 साल पूर्व जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पांच साल सश्रम कारावास

बोकारो। 25 साल पहले खेत जोतने से रोकते हुए हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ गरिमा मिश्रा के न्यायालय में जानलेवा हमले में आरोपी सेक्टर चार थाना क्षेत्र के सेक्टर चार पिलगड़िया खटाल निवासी मेदनी यादव 55 को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रूपए का जुमार्ना भी किया गया है। मामले में सरकार की ओर से कोर्ट में अभियोजन का पक्ष अपर लोक अभियोजक आरके राय ने रखा। उन्होंने बताया कि मामले में अन्य विभिन्न धाराओं में तीन साल व 3 हजार रूपए जुमार्ना और दो साल सजा व दो हजार जुमार्ना भी किया गया है। सभी सजा साथ-साथ चलेगी लेकिन जुमार्ना की राशि पूरा देनी होगी। बताया कि घटना सेक्टर चार थाना क्षेत्र के सेक्टर-4जी विश्वकर्मा मंदिर के समीप 28 जून 2000 को घटी थी। सेक्टर-4 जी विश्वकर्मा मंदिर के समीप नारायण महतो, साधु महतो, नुरू महतो व अन्य खेत जोत रहे थे। इसी बीच सेक्टर चार पिल्गरिया खटाल निवासी दूध विक्रेता दोषी आकर खेत जोतने से मना करते हुए कहा कि इस जमीन पर भैंस को चराते है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में काहा सुनी होने लगा और आरोपी ने खेत जोतने से रोकते हुए हमला कर दिया। जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद सेक्टर चार थाना में आरोपी के विरूद्ध प्रा ?थमिकी दर्ज करायी गयी थी। मामले में आरोपी वेल करवा कर काफी दिनों तक फरार हो गया। फिर 8 अप्रैल 2024 को उसको गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

किशोरियों के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन

बोकारो । किशोरियों को नेतृत्व क्षमता विकास के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सहयोगिनी द्वारा कसमार के बगदा पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक प्रेम कुमार महतो ने कहा कि लड़कियों के कैरियर को सुनिश्चित करने के लिए जीवन कौशल के तरीकों को अपनाना जरूरी है। जीवन कौशल का प्रशिक्षण के माध्यम से लड़कियां अपना भविष्य संवार सकती है। साहबिनी के कार्यक्रम समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि कसमार प्रखंड के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता का विकास किया जा रहा है। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा महिला हिंसा रोक थाम पर काम किया जा रहा है। संगीता देवी ने कहा कि व्यक्तिगत विकास के लिए जीने के तरीको को समझने की जरूरत है। सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड के 30 गांवों में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता का विकास को लेकर विभिन्न गतिविधिया आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान नेहा कुमारी, निशा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, संजु,नीलम, रुबी कुमारी आदि उपस्थित थी।

बीएड के प्रशिक्षु के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

चास । डॉ एस राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजूकेशन परिसर में बीएड सत्र 2024 एवं 26 के प्रशिक्षु के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस भ्रमण के लिए प्रशिक्षु को पश्चिम बंगाल के पुरलिया जिले के विज्ञान केंद्र में ले जाया गया कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर गायत्री कुमारी ने सभी छात्रों और व्याख्याता को बधाई देते हुए भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाई और कहा कि भ्रमण से बच्चों का बौद्धिक मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास होता है पुरुलिया में छात्रों ने विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया और विज्ञान संग्रहालय में विज्ञान से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी अर्जित की इस भ्रमण का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉक्टर कुमारी चायना डे के द्वारा किया गया तथा उनके साथ सहायक प्राध्यापक डॉक्टर हरेंद्र शाह सुनीता कुमारी तथा अन्य व्याख्याता शामिल रहे।

चार प्रखंडों में लाभुकों की संख्या कम होने पर डीएओ से स्पष्टीकरण, 481 आवेदनों को किया अनुमोदित

बोकारो । उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री पीएम कुसुम योजना की जिला स्तरीय गठित कमेटी का बैठक किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, कार्यपालक अभियंता विद्युत एस तिवारी, पीएम कुसुम योजना के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।मौके पर पीएम कुसुम योजना के नोडल पदाधिकारी ने कमेटी अध्यक्ष व सदस्यों को बताया कि पीएम कुसुम योजनान्तर्गत जिलों में किसानों को अनुदानित दर पर सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्प सेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन किया जाना है। इस क्रम में कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराएं गए आवेदनों की संख्या से अवगत कराया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने चास, चंदनकियारी, जरीडीह और बेरमो प्रखंड में पीएम कुसुम योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की कम संख्या पर नाराजगी जताई। उन्होंने इस बाबत जिला कृषि पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पीएम कुसुम योजना के तहत जो भी आवेदक है उनकी सूची श्रेणी के आधार पर सूचीबद्ध प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। साथ ही, भविष्य में जो भी भौतिक सत्यापन होगा उसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया का सत्यापन अनिवार्य करने की बात कहीं। नोडल पदाधिकारी, पीएम कुसुम योजना ने बताया गया कि कुल 542 आवेदन आनलाइन प्राप्त हुए है। आनलाइन आवेदन सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा किसानों का चयन जेडा राँची के द्वारा सभी मानकों के आधार पर एवं स्थलीय जाँच के उपरांत कुल 481 आवेदन स्वीकृत कर भेजने का निर्देश दिया।

के एन बॉक्सी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

गिरिडिह। के एन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दिनांक 28.02.2025- 01.03.2025 तक आयोजित होने वाले दो दिवसीय 12वां वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ हुई।

इस अवसर संस्थान के चेयरमैन डॉ शिव शक्ति नाथ बक्शी, उपाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार एवं प्राचार्य डॉ अजित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर डॉ शिव शक्ति नाथ बक्शी ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को अपनी ओर से शुभकामनायें दी एवं कहा कि खेल भावना के साथ खेलें एवं कॉलेज के साथ साथ जिला, राज्य एवं राष्ट्र का नाम रौशन करें। जब आप स्कूल में शिक्षक के रूप मे चयनित होकर जाएंगे तब आप अपने इस ज्ञान का लाभ उन छात्रों को दे पाएंगे।

इस प्रतियोगिता के कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक श्री नीलेश लकड़ा, उप प्राचार्य बिनोद सुमन, डॉ रणजीत कुमार, डॉ सुरेश यादव, मदन कुमार, नूतन शर्मा, डॉ गौतम गुप्ता, सुमित सहगल, रागिनी कुमारी, विनय कुमार, नारायण कोल, राकेश सिंह, एवं छात्रों में मुख्य रूप से अमित, कुंदन, आबिद, ओमकार, गौतम, पप्पू, माइकल, रंजीत, रणधीर, बुलबुल, सुशीला, रिया, शिल्पी, वर्षा, बेबी आदि शामिल रहे।

आज मुख्य रूप से 100 मीटर, 200 मीटर, लांग जम्प, हाई जम्प, गोला, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में आयोजित हुई।

पुराना बाजार मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है - सोहराब खान

दबंग हिन्द,संवाददाता

धनबाद। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के प्रवक्ता विजय सैनी ने बताया कि दिनांक 27-02-2025 दिन गुरुवार, समय संध्या 4 बजे, स्थान होटल चंद्रकला(पंचशील प्लाजा) पुराना बाजार में चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार की कार्यकारणी सदस्यों की पहली बैठक चैंबर अध्यक्ष सोहराब खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के प्रवक्ता विजय सैनी ने बताया कि आने वाले दिनों में पवित्र माह रमजान, होली एवं ईद जैसे त्यौहार व्यवसायी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है,इसको लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार की कार्यकारणी की बैठक में टोटो की समस्या के समाधान, आनलाइन बाजार के प्रभाव, सफाई, बिजली, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, महिला शौचालय एवं सुलभ शौचालय सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई, संबंधित विभाग से समाधान का प्रयास चैंबर द्वारा किया जाएगा।

हर महीने के अंतिम गुरुवार को चैंबर की कार्यकारणी की बैठक बुलाई जाएगी जिसमें कार्यों की समीक्षा की जाएगी। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि पुराना बाजार धनबाद का सब से पुराना एवं व्यस्तम व्यवसायी क्षेत्र है। परंतु आजादी के 78 साल बाद भी महिला शौचालय, सुलभ शौचालय एवं पार्किंग जैसे मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है। चैंबर सभी समस्याओं के समाधान हेतु योजनाबद्ध ढंग से प्रयासरत है।

आगामी त्यौहारों को देखते हुए चैंबर द्वारा धनबाद शहर की जनता से पुराना बाजार में खरीदारी की अपील की गई। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार की पहली कार्यकारणी बैठक में सोहराब खान, कुणाल कुमार, विजय सैनी, संजय पांडेय, दीपक झा, दीपक सिंह, सरदार नारायण सिंह, आशीष मेहता, दिनेश प्रसाद, रफीक अलाम, भावेश राठौर, गोपाल प्रसाद, रियासत हुसैन, रोहित सरावगी, तनवीर अंसारी आदि मौजूद थे।

भगवान बिरसा की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण

धनबाद। युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला प्रशासन से मांग है कि वैसे असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई हो। श्री सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा हमारे भगवान हैं और उनके प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ युवा संघर्ष मोर्चा कतई बर्दास्त नहीं करेगा। बार- बार यहां की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है इस पर भी ध्यान दें। श्री सिंह कहा कि प्रतिमा की सुरक्षा का प्रशासन पुख़्ता इंतजाम करें ताकि भविष्य में ऐसी घटना दुबार ना हो। दिलीप सिंह ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर उन्हें सम्मान देने का काम किया। मौके पर ओमप्रकाश गुप्ता, ब्रिजन राम, पिंटू मोदी, मना राम, विवेक कुमार, राजा राम, रंजीत कालिंदी, कुंदन कुमार उपस्थित थे।

गिरिडीह कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

गिरिडीह। बआज गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह कॉलेज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के द्वारा किया गया। आज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ अनुज कुमार एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार वर्मा थे। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (National Science Day) हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य विज्ञान के प्रति जागरूकता फैलाना और वैज्ञानिक अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देना है। जब कि प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि 28 फरवरी 1928 को प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रमन ने "रमन प्रभाव" की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी इस उपलब्धि के सम्मान में भारत सरकार ने 1986 में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इस कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के स्वयंसेवक अंकित, राहुल, रवि, रंजीत, रंजीत दास, सतीश, सुनील, राजन रोहित आदि उपस्थित रहे हैं।

बीसीसीएल द्वारा सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देने की शिकायत

दबंग हिन्द,संवाददाता

धनबाद। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने आयोजित जनता दरबार में जिले के बलियापुर, गोविंदपुर, तोपचांची, झरिया सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतें सुनी।

इसमें गोविंदपुर महुबनी के सुंदर पहाड़ी से आयी एक वृद्ध महिला ने एडीएम को बताया कि उनके पिता भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड (बीसीसीएल) में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु वर्ष 1982 में हो गई थी। कई दशक बीत जाने के बाद भी बीसीसीएल ने उनके स्वर्गवासी पिता का पीएफ, ग्रेच्युटी एवं सेवानिवृत्ति के अन्य लाभ का भुगतान नहीं किया है। गौरतलब है कि महिला काफी उम्रदराज थी और स्पष्ट हिन्दी बोलने में असमर्थ थी। इसलिए वह संथाली भाषा में एडीएम के साथ वातालाप कर रही थी। उनकी बातों को अच्छे से समझने के लिए एडीएम ने संथाली भाषा बोलने वाले एक कर्मी को बुलाया। उसने महिला की सारी बातें संथाली भाषा में सुनी और महिला की पीड़ा एडीएम को बताई। एडीएम ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखने और महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। एक अन्य महिला ने बताया कि उसने आमाघाटा लेमन चिल्ली होटल के पास जमीन दलाल से 2 डेसिमल जमीन खरीदी। जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई है। जब वह जमीन पर घर बनाने गई तब पता चला कि जमीन सीएनटी एक्ट की है। महिला ने बताया कि उन्होंने ऋण लेकर जमीन दलाल को भुगतान किया है। उन्होंने जमीन के लिए दिए गए पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई। जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करने, ऑनलाइन पंजी 2 में नाम दर्ज कराने, भू-माफियाओं द्वारा रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

क्षेत्रीय भाषा को आगे बढ़ाने में विनय कुमार तिवारी का अहम योगदान

दबंग हिन्द,संवाददाता

तोपचांची (धनबाद)। तोपचांची अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ खूंटी झारखंड के बैनर तले धनबाद जिला तोपचांची प्रखंड डांगी पंचयत रोआम गांव के निवासी सुप्रसिद्ध कवि, लेखक गीतकार, कलाकार विनय कुमार तिवारी को झारखंड के लोकप्रिय भाषा खोरठा साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने हेतु मंच की ओर से प्रशस्ति पत्र, शाल व बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सदानंद महतो ने गीतकार विनय कुमार तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री महतो ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा को आगे बढ़ाने में पूरे प्रदेश में इनका अहम योगदान रहा है। बधाई देने वालों में रमेश भगत,सरयू प्रसाद महतो, नारायण रजवार, दुर्गा प्रसाद गोप, अमर भारती, गोपाल भारती, रामचंद्र ठाकुर, शंकर रवानी, ओम प्रकाश महतो, फारकेशवर महतो, विवेक महतो, संजय सिंहा, प्रकाश ठाकुर आदि लोग मुख्य रूप से दी है।

सेवा निवृत्त सीनियर अकाउंटेंट बाबू को किया गया सम्मानित

दबंग हिन्द,संवाददाता

पुटकी। अखिल झारखंड दुसाध महासभा धनबाद जिला द्वार प्रेम नगर कॉलोनी पुटकी में बीसीसीएल पीबी एरिया कार्यालय में सीनियर अकाउंटेंट बाबू के पद पर कार्यरत बी आर के पासवान के सेवा निवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में महासभा के अधिकारियों, सदस्यों द्वारा सेवा निवृत्त बी आर के पासवान को फूल माला व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन पासवान एवं संचालन राम बिलाश राम के द्वारा किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष अर्जुन पासवान, जिला वरीय उपाध्यक्ष रामचरित्र पासवान, जिला कोषाध्यक्ष शिवनंदन पासवान, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामविलास राम, जिला प्रवक्ता विजय पासवान, रामचंद्र पासवान, कुसुम देवी लकी देवी सरोजनी देवी व अन्य उपस्थित रहे।

स्व मुकेश की 13 वीं पुण्यतिथि निरसा प्रखण्ड कार्यालय परिषर में मनाया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता

निरसा। शक्रवार को निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ के तत्वावधान में वरिष्ठ पत्रकार स्व मुकेश श्रीवास्तव की 13 वीं पुण्यतिथि निरसा प्रखण्ड कार्यालय परिषर में मनाया गया। संघ के सदस्यों ने स्व मुकेश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। संघ के अध्यक्ष सचिव इंद्रदेव प्रसाद सचिव संजय सिंह ने स्व मुकेश के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आज ही के दिन मुकेश जी तेरह साल पूर्व दिवंगत हो गए। वे एक अच्छे क्रिकेटर थे। पत्रकारिता के क्षेत्र में वे कलम के धनी ब्यक्ति थे। सच्चाई से कभी समझौता नही की। वे बेवाक होकर सच्चाई को उजागर करते रहे। वे आज के पत्रकारों के लिये प्रेरणाश्रोत बने। उनके द्वारा बताए गए पदचिन्हों पर चलकर हमलोग पत्रकारिता कर रहे हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार ब्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा मे पत्रकार सर्वश्री इंद्रदेव प्रसाद, संजय सिंह, बी के सिंह, सुनील अम्बष्ट, हरेंद्र सिंह सैनी, उत्तम झा, धर्मेंद्र चौधरी, बिस्वजीत पांडेय, पूर्णेन्दु दत्ता, इंद्रदेव राजवंसी, विजय श्रीवास्तव, अरुप पाल, कांजी लाल, बुबाई घोष, राजकुमार सिंह, विजय गुप्ता, निवास सिंह, दिनेश गोस्वामी, साधू जी, सहित बीडीओ इंदरलाल ओहदार, कल्लू शेख, मकर रविदास, बिमल गोराई, श्यामदेव चौरसिया, रौशन लाल सफाया आदि उपस्थित थे।

अलकड़ीहा पतालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में महाभण्डारा का आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

तिसरा। बलियापुर प्रखंड के अलकड़ीहा, स्थित पतालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्री के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी भोलेनाथ व अन्य देवी देवताओ का पूजा अर्चना, कर महा प्रसाद का भोग लगाई गई। 51 कुंवारी कन्याओं का महिलाओ द्वारा प्रथम चरण में पांव पखारने के पश्चात अंग बस्त्र श्रृंगार युक्त कन्याओं का पूजन कर प्रसाद ग्रहण कराई गई, इसके बाद पश्चात आम उपस्थित गणमान्य भग्तों के लिए महाप्रसाद वितरण का आयोजन देर रात्री तक चलता रहा।

मंदिर के पूजारी ने बताया की, जात पात पूछे नहीं कोई, हरी के भजे सो हरी के होई। धनबाद जिले के शिव भक्तों के सहयोग से इस तरह का विशाल महाभण्डारा का आयोजन वर्षों से लगातार हो रहा हैं। सैकड़ो भग्त गण के सहयोग 24 आवर्श सक्रिय रूप से तन मन और धन से समर्पित शिव भग्तों के अटूट श्रध्दा से व ग्राम वासियों का सहयोग मंदिर प्रांगण मे देखने लायक रहा। सैकड़ो की संख्या में जो भी भग्त उपस्थित हुए श्रद्धा से बैठ कर महाप्रसाद ग्रहन कर संतुष्ट हो कर अपने परिजनो के लिए भी अन्य पात्र में लेकर दिन भर आते और जाते रहें।

इस अवसर पर तिसरा थानेदार सुमन कुमार अपने दल बल के साथ शिव भग्तों की सेवा में तत्पर रह कर सहयोग किया। मंदिर कमिटि के पूजारी शंदीप शास्त्री अमित मुखर्जी बसंत ठाकुर नविण मुखर्जी प्रविर मुखर्जी मंदिर कमिटि के अध्यक्ष जयन्ती सिंह चण्डीचरण मोदक कुलदीप साव हीरालाल मोदक दीपक मोदक शिदधेश्वर मोदक नरेश महतो व अन्य भग्त सेवा में लगे रहें।

आयुष्मान भारत से इलाज को लेकर झरिया विधायक ने विधानसभा में सवाल उठाया

दबंग हिन्द,संवाददाता

झरिया। विधानसभा के बजट सत्र में झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान सदन में आयुष्मान भारत योजना का मामला उठाते हुए कहा कि धनबाद जिला सहित राज्य के अन्य जिलों में आमजनों को चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु अनेकों सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ निजी अस्पतालों में आमजनों के बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने को लेकर आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। लेकिन धनबाद में ऐसे कई सरकारी व निजी स्वास्थ्य केंद्र है, जिनमें आयुष्मान भारत योजना के चिकित्सीय लाभ से आमजन को वंचित रखा जा रहा है व उनका इलाज नहीं किया जा रहा है। विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा कि झारखण्ड के मंत्री के जवाब से असंतुष्ट है। उनके द्वारा दिए गए जवाब में यह स्पष्ट नहीं है कि धनबाद जिले में कितने सरकारी व निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग

धनबाद जिले के उन सभी सरकारी व निजी अस्पतालों की एक सूची जारी करे, जहां इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। धनबाद जिले में ज्यादातर अस्पतालों में लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसपर सरकार को गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग को जल्द से जल्द सूचीबद्ध अस्पतालों में योजना को क्रियान्वित करने का आदेश दी जानी चाहिए। निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत किए गए इलाज का भुगतान सरकार द्वारा समय पर नहीं दिए जाने से निजी अस्पताल इलाज करने को मना कर देते है। श्रीमती सिंह ने कहा कि राज्य सरकार को केंद्र सरकार की योजना से जुड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई पड़ती, जिसके कारण योजना को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू करने में कमी रह जाती है और इसकी विभागीय जांच करा कर जिन सूचीबद्ध अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना का पालन नहीं हो रहा उनपर कार्यवाही की जाए।

वही दूसरी ओर प्रश्नकाल के दूसरे पाली में झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सुरक्षा मामले सवाल करते हुए कहा कि जिले जब एक विधायक सुरक्षित नहीं तो आम जनता क्या सुरक्षित रहेगी क्योंकि अपराधी खुलेआम फायरिंग कर वहां से निकल जाते है और दोषियों पर कार्यवाही तक नहीं हो रही ऐसे में आम जनता कितनी सुरक्षित रहेगी। विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने मुख्यमंत्री से इस मामले में स्वतः संज्ञान ले जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किए जाने को लेकर गंभीरता दिखाए जाने की मांग की है।

एक नजर

झारखंड अधिविध परिसद के सदस्य ने गांधी स्मारक उच्च विद्यालय सिजुआ का किया औचक निरीक्षण

कतरास। गांधी स्मारक उच्च विद्यालय सिजुआ में इंटर के परीक्षा के दौरान अचौक निरीक्षण के लिये झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य सह पर्यवेक्षक राधारमण साहु ने परीक्षा केन्द्र गाँधी स्मारक उच्च विद्यालय सिजुआ का निरीक्षण किया। प्रथम पाली में मैट्रिक में (189) परीक्षार्थी व द्वितीय पाली (118) में 177 परीक्षार्थी को उपस्थित पाया। निरीक्षण के दौरान पर्यवेस्तक ने संतुष्टि व्यक्त की तथा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए निर्देश दिया, इस दौरान केन्द्र अधीक्षक निरुपमा मुखोपाध्याय, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी अब्दल गफार, सैन्यबल विनोद सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, सिवानी पूर्वी तैनात पाए गए। तत्पश्चात S.S.N.M. इंटर कॉलेज, गल्स हाईस्कूल मुडीडीह का निरीक्षण किया।

पुटकी में शिवरात्रि हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पुटकी। पुटकी, मुनीडीह, भागाबांध व करकेन्द में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। पुटकी ए टाइप स्थित श्रीश्री आदित्य नंदेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लग गई। मंदिर के पुजारी ब्रजकिशोर पाठक के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान मंदिर समिति द्वारा भगवान शिव की पूजा प्रारम्भ हुआ। रात्री में शिव-पार्वती विवाह सम्पन्न होनें साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। शिव मंदिरों में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी प्रकार कच्छी बलिहारी मंदिर, पीबी प्रोजेक्ट मंदिर, करकेन्द हटिया मंदिर, पुटकी थाना मोड़ मंदिर, मुनीडीह, बालुडीह, धोबनी, लालपुर, लोयाबाद, कोकप्लांट, न्यू ड्रिप, श्री नगर, सेनेटरी ऑफिस, भागाबांध, अरलगड़िया, केन्दआडीह, पेटियां, पारसिया, गरभूडीह, साउथ बलिहारी व अन्य मंदिरो में भी उल्लासपूर्ण माहौल में अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। अनुष्ठान को सफल बनाने में गोपाल चंद्र गोराई, रामचंद्र पासवान, जितेंद्र शर्मा, राजू सिंह, बबलू मोदक, अक्षयवर प्रसाद, भारत भूषण महतो, अरुण सिंह, विरेन्द्र पाल, गणेश यादव, हरिवंश राजभर, विपिन कुमार, अखिलेश सिंह, अजय महतो, विजय पासवान, बिरोनी महतो व अन्य का सराहनीय योगदान है।

अवकास प्राप्त कर्मी का विदाई सह सम्मान समारोह संपन्न

तिसरा। गोलकडीह 0 सीम कुइयां कोलियरी में कार्यरत सदरे आलम, अभिजीत हलधर गुरु राय को एक सादे समारोह में विदाई सह सम्मान समारोह कर विदाई दी गई। जिसकी अध्यक्षता प्रहलाद महतो द्वारा की गई। भेट स्वरूप कई आवश्यक सामग्री व माला पहनाकर कर स्वागत की गई। इस अवसर पर खान प्रबंधक चन्द्रशेखर सिंह, सहायक प्रबंधक मोहित अग्रवाल, ठाकुर जी अभियंता सप्तम रोजी मितय यूनियन प्रतिनिधी देव रंजन दास, सुभाष महतो, कैलाश सिंह, रामबली पासवान, दिनेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार प्रजापति, राकेश सिन्हा, अलोक सिंह, शिव शंकर महतो, निताई चन्द्र माजी, लव कुमार, भगवान प्रसाद नोनिया, विरेन्द्र कुमार मोदी, हरि बाउरी छुननु रजवार घुचु राय आदि उपस्थित थें।

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन

चिरकुंडा। महाशिवरात्रि के सुअवसर पर yegaarkund दक्षिण पंचायत शिव मंदिर निम्न बंगाल में डांस काम्पटीसन का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार मौसमी बाउरी, द्वितीय पुरस्कार बंदना मोदी, तृतीय पुरस्कार इंदु मोदी, चतुर्थी पुरस्कार रिया कुमारी, पंचमी पुरस्कार राशी कुमारी को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन egarkund दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय कुमार राम के हाथों से कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष मनोज राजवंशी, एवं सभी सदस्य गण मुन्ना बउरी, उदय साव, बिक्कि पासवान, किसन बउरी, कपिल रबिदास, टिंकु प्रसाद, तुफान बउरी, विशाल बाउरी, अर्जुन बाउरी, जैकी राजवंशी, राजा बउरी, सुरेश रबिदास, जोगेंदर रबिदास, सागर मोदी, मानिक मोदी, करण मोदी, वीवेक बाउरी आदि ने काफी सहयोग किया।

लियाफी द्वारा आयोजित विश्राम दिवस सभी शाखाओं में शांतिपूर्ण संपन्न

धनबाद। अभिकात्ताओं का लंबित मांगों को लेकर लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया(लियाफी)द्वारा पूर्व आयोजित कार्यक्रम के अनुसार आज धनबाद, सिंदरी, चिरकुंडा, गोविंदपुर, कतरास सहित हजारीबाग मंडल के सभी शाखाओं में विश्राम दिवस शांतिपूर्ण तरीके से बनाया गया। लंच ऑवर में अभिकर्त्ता द्वारा नारे भी लगाए गए। नारे में मुख्य रूप से अभिकताओं पर लगाए गए काला कानून वापस लेना होगा लेना होगा, अभिकताओं का पीएफ, ग्रेच्युटी, पेंशन लागू करना होगा करना होगा, सभी अभिकात्ताओं को मेडी क्लेम देना होगा देना होगा। शाखा में अभिकताओं को अपमानित करना बंद करो बंद करो, जैसे कई नारे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान जोनल अध्यक्ष प्रशांत कुमार दुबे धनबाद के सभी शाखाओं जाकर अभिकात्ताओं के मांगों को लेकर संबोधित किया। श्री दुबे ने कहा की 23 फरवरी को हजारीबाग मंडल का महासम्मेलन में मंडल के सभी शाखाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जो धन्यवाद के पात्र हैं। इसी तरह से आगे भी इसी तरह जोश और उमंग के साथ निरंतर जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा की नकारात्मक चर्चा पर चर्चा करके संगठन को कमजोर करने की वजह सकारात्मक सौच पर चर्चा पर अपने ज्ञान को केंद्रित करते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करें। साथ ही साथ मार्च का महीना है। इसवक्त आप सभी को अपने व्यवसाय पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह, मंडल सचिव संजय निकुंभ, मंडल के सी एल आई ए सचिव विनोद कुमार दुबे, दिलीप चटर्जी, दिनेश उपाध्याय, महीप कुमार सिंह, रामअवधेश सिंह, कृष्ण मोहन शुक्ला, पारस राय, गोपाल पांडेय सहित कई शामिल थे।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियों का बिगड़ा संतुलन हुई दुर्घटनाग्रस्त

गिरिडीह। रोड एक्सीडेंट की घटना पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। वहीं आज शुक्रवार को भी जिले के बिरनी दर्दनाक हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि बिरनी के भरकट्टा ओपी के सलेडीह गांव मे एक तेज रफ़्तार से गुजर रहे स्कार्पियो का संतुलन बिगड़ गया और पलटी मार कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान स्कादर्पियो मे सवार दो लोगो कि मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। मृतकों मे सलेडीह गांव निवासी 19 वर्षीय आकाश राय के साथ जिले के मधुबन थाना इलाके के बिट्टू तुरी शामिल है। वहीं गाड़ी मे सवार घायलों में मधुबन थाना इलाके के विवेक कुमार, जतिन कुमार, डब्लू राय और संतोष राय शामिल है।

मैडल जीत कर नंदू हाड़ी ने किया हाड़ी समाज का नाम रोशन

धनबाद। प्रकाशम कोठा गोदाम, सिंगरौली कोलियरी में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड इंटर कंपनी एथलेटिक्स मिट 2024 - 2025 में बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र 10 के नंदू हाड़ी ने 10 हजार मीटर दौड़ में ब्रॉंच मेडल प्राप्त किया। नंदू हाड़ी ने बीसीसीएल के साथ साथ पूरे हाड़ी समाज व पूरे झारखंड प्रदेश का नाम रोशन किया।

अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई: उपायुक्त

दबंग हिन्द,संवाददाता

- समन्वय के साथ कार्य किए जाने से निकलेंगे बेहतर परिणाम
- ट्रेंच कटवाकर अवैध परिवहन के मार्ग को करें अवरूद्ध
- जनवरी में 54 वाहनों को किया गया जब्त, अर्थ दण्ड के रूप में वसूले गये 26 .25 लाख रुपए
- उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फॉर्स की हुई बैठक

पलामू। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रियता से कार्य करें। सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवानों की आपसी समन्वय से बेहतर व कारात्मक परिणाम निकलेंगे। पदाधिकारी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में गोपनीय तरीके से छापेमारी करें। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाएं। इसमें जुड़े वाहनों को जब्त करें, अर्थ दण्ड लगाएं और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर रहे थे।

उपायुक्त ने अनुमंडल, अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में विषेष चौकसी बरतने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से षिकायत मिलती है। इसलिए सभी की जिम्मेवारी है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम करने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी कर सुनिश्चित करें कि लीज एरिया का विचलन कर कोई खनन कार्य तो नहीं कर रहा है। साथ ही लीज कहीं का और खनन होने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने बालू के अवैध उठाव एवं भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही ट्रेंच कटवाकर अवैध परिवहन के मार्ग को अवरूद्ध करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि बालू के अवेध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु अंचल एवं थाना स्तर पर ट्रेंच कटिंग, बैरिकेडिंग एवं चौकीदार की प्रतिनियुक्ति से इसके अवैध रोकथाम में मदद मिलेगी। उपायुक्त ने खनिजों के ओवरलोड की जांच कर कार्रवाई का निदेश दिया। वहीं बिना व्यवसायिक पंजीयन के संचालित ट्रैक्टर/ट्रॉली के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा सीटीओ में अंकित शर्तो के अनुपालन की प्रदूषण विभाग द्वारा जांच का निदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई तथा चालान वाले व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने का निदेश दिया।

वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने वन क्षेत्र में अवैध खनन की षिकायत पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। उन्होंने विशेषकर छत्तरपुर, पिपरा एवं चैनपुर के अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए चौकसी बढ़ाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है।

बैठक के शुरूआत में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने जनवरी 2025 में किए गए कार्रवाई से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में जिला खनन कार्यालय की ओर से 38 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 6 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दण्ड स्वरूप 18.90 लाख रुपए वसूले गये हैं।

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया कि परिवहन कार्यालय द्वारा भी निरंतर कार्रवाई की गई है। 16 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 7.35 लाख रुपए का अर्थ दण्ड वसूला गया है। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर वन प्रमण्डल द्वारा 9 क्रसरों को जब्त कर सभी संचालकों पर वनवाद दायर किया गया है।

बैठक में उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

एसपी ने व्यवसाई प्रभात गुप्ता को किया सम्मानित

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस स्टेडियम में आयोजित शहीदों के नाम फुटबॉल टूनार्मेंट में बाहर से आए खिलाड़ियों का स्वागत और सम्मान करने को लेकर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने शहर के प्रसिद्ध व्यवसाई प्रभात उर्फ पिंटू गुप्ता को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू में व्यवसाई वर्ग के लोग हर समय लोगो को सहयोग और सम्मान करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम में व्यवसाई वर्ग के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वही बाहर से आए खिलाड़ियों का मान सम्मान रखने को लेकर एसपी ने प्रभात गुप्ता को धन्यवाद दिया। वही मौके पर उपस्थित प्रभात गुप्ता ने कहा कि पलामू पुलिस ने शहीदों के सम्मान में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन कर पूरे देश के शहीदों के परिजनों का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है।

विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

दबंग हिन्द,संवाददाता

हरिहरगंज। एम पब्लिक स्कूल व अल्फाबेट्ज इंटरनेशनल फ्री स्कूल टंडवा रोड़ हरिहरगंज व छकनबाग में शुक्रवार को पांचवीं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने स्वनिर्मित विज्ञान के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की ओर से बनाए गए जेसीबी, वेक्यूम क्लीनर, क्रेन, ज्वालामुखी, स्मार्ट सिटी प्लान, ग्रीन हाउस, ग्रीन सिटी, एटीएम, हाइड्रोलिक पंप, मॉडर्न पार्किंग, हृदय, धमनी, ह्यूमन ब्रेन, ग्लोबल वार्मिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सहित विज्ञान के मॉडलों को स्टॉल लगाकर प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में आए आगंतुकों और अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं की ओर से बनाए गए विज्ञान के मॉडलों, आर्ट गैलरी की खूब सराहना की। विद्यालय के संचालक एम परवेज व प्रधानाध्यापिका रूमी नाज नूरी व सेंटर इंचार्ज सोनी कुमारी ने कहा कि विद्यालय में इस तरह का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। ताकि विज्ञान के मॉडल से बच्चों में जागरूकता और नई सोच विकसित हो। इस मौके पर साकिब, सुजीत, अवधेश स्नेही, सोनी, तान्या, रिया, सिमरन, मोना के अलावे छोटू सिंह, संतोष सोनी, खुशबू सोनी, बबीता देवी, शिवांगी श्रीवास्तव व सुलेखा कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व अभिभावक शामिल थे।

जिले के 23 लाभुकों को मिलेगा वेद व्यास आवास

उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

दबंग हिन्द,संवाददाता

पलामू। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज मत्स्य कृषकों को वेद व्यास आवास आवंटित किए जाने को लेकर लाभुकों के चयन हेतु चयन समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में 23 लाभुकों को वेद व्यास आवास आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में वेद व्यास आवास निर्माण योजना अंतर्गत सामान्य कैटेगरी में 20 एवं अनुसूचित जाति कैटेगरी में 3 का लक्ष्य प्राप्त था। इस आलोक में लाभुकों से आवेदन पत्र प्राप्त किया गया था। चयन समिति द्वारा लक्ष्य के अनुरूप सभी लाभुकों का चयन किया गया। वहीं अनुसूचित जनजाति को भी सामान्य कैटेगरी से आवास निर्माण का निर्णय लिया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि मत्स्य कृषकों को आवास योजना का लाभ सहजता से देना सुनिश्चित करें। योजनाओं का लाभ देने में लाभुकों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिला मत्स्य पदाधिकारी मो. कमरू जमां ने बताया कि वेद व्यास आवास निर्माण योजना अंतर्गत जिला मत्स्य कार्यालय को लाभुकों आवेदन प्राप्त हुआ था। जिले में मत्स्य पालन से जुड़े मत्स्य कृषक, जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें वेद व्यास आवास आवंटित किए जाने का प्रावधान है। आवास का निर्माण कम-से-कम दस के कलस्टर में किया जाना है। सक्रिय अथवा परंपरागत मत्स्य पालक/ मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/ प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/ मत्स्य बिक्री में सक्रिय हैं और गरीबी रेखा के नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहते हैं आदि सरकार के द्वारा विभिन्न निर्धारित अहर्ता को पूर्ण करने वाले मत्स्य कृषकों को आवास आवंटित किए जाने हेतु लाभुकों का चयन किया गया है। इसके लिए लाभुकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। बैठक में माननीय विधायक के प्रतिनिधिगण, जिला मत्स्य पदाधिकारी मो. कमरू जमां, कोषागार पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

बाइक के धक्के से बुजुर्ग की मौत, बाइक सवार दोनों युवक घायल

दबंग हिन्द,संवाददाता

साहिबगंज। साहिबगंज जिले के बरहेट-लिट्टीपाड़ा मुख्य मार्ग पर बरहेट थाना क्षेत्र के हरवाड़ी गांव के समीप शुक्रवार को बाइक के धक्के से एक बुजुर्ग यासीन अंसारी (75 वर्ष) की मौत हो गई। वह हरवाड़ी गांव का रहने वाला था। बुजुर्ग को धक्का मारने के बाद बाइक भी पलट गई, जिसमें बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, यासीन अंसारी नमाज पढ़कर अपने घर हारवाड़ी की ओर जा रहा था। तभी बरहेट बाजार की ओर जा रही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे बुजुर्ग को धक्का मारते हुए पलट गई। बाइक पर सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के चटकम गांव निवासी रामेश्वर मड़ैया व राजू मड़ैया सवार थे। हादसे में बजुर्ग व बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तीनों को बरहेट सीएचसी पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग यासीन अंसारी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई।

कोयला लदा हाइवा सड़क किनारे पलटा, चालक की मौत

दबंग हिन्द,संवाददाता

लातेहार। मनिका थाना क्षेत्र के रेवत कला गांव में गुरुवार देर रात एक कोयला लदा हाइवा सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में हाइवा चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हाइवा का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल उप चालक को सदर अस्पताल, लातेहार में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतक चालक की पहचान कुंदन यादव के रूप में हुई है। इधर घटना की सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के निर्देश पर एएसआई मिश्रा मांझी घटनास्थल पर पहुंचे और हाइवा को सड़क से हटवाया। पुलिस हाइवा में लदा कोयला की वैधता की जांच कर रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हाइवा (JH-16F-8602) बालूमाथ से कोयला लोड कर मनिका होते हुए डाल्टनगंज जा रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे पलट गया। हाइवा के पलटने से सड़क किनारे स्थित राजकिशोर यादव व नागेश्वर यादव की दुकानें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। दुर्घटना के बारे में उन्होंने बताया कि इस हादसे से करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

नीलगायों को महुआडांड़ के जंगलों में छोड़ने का निर्णय वापस ले सरकार

दबंग हिन्द,संवाददाता

लातेहार। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पलामू व गढ़वा के जंगलों से लाकर नीलगायों को महुआडांड़ के जंगलों में छोड़ने के वन विभाग के फैसले को वापस लेने की मांग की है। विधानसभा सत्र के शून्य काल के दौरान विधायक सिंह ने विगत दिनों दो प्रमुख अखबारों में छपी समाचार का हवाला देते हुए सदन को बताया कि वन विभाग के द्वारा पलामू व गढ़वा के जंगलों से हजारों की संख्या में नीलगायों को लाकर उनके विधानसभा क्षेत्र के महुआडांड़ के जंगलों में छोड़ने का फैसला लिया है। वन विभाग के इस फैसले से महुआडांड़ के लोगों में काफी आक्रोश है। विधायक ने कहा कि महुआडांड़ पहले से ही पीटीआर क्षेत्र में आता है। यहां के लोगों के कृषि कार्य पर निर्भर हैं। अगर यहां नीलगायों को लाकर छोड़ा गया तो उनकी खेती मारी जायेगी। यहां के लोग पलायन को विवश होंगे। विधायक ने तत्काल इस निर्णय रद्द करने का आदेश वन विभाग को देने का आग्रह सरकार से किया। बता दें कि वन विभाग के इस निर्णय से महुआडांड़ एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों में खासा आक्रोश है। वन विभाग के इस फैसले के खिलाफ केंद्रीय जनसंघर्ष समिति ने आगामी चार मार्च को विरोध प्रदर्शन व रैली निकालने का निर्णय लिया है।

विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू। ए के सिंह कॉलेज जपला में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्राचार्य सूर्य मणि सिंह एवं एकेडमिक इंचार्ज डॉ० राम सुभग सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उसके पश्चात पाँच सदस्यीय ज्यूरी मेम्बर - प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 राम सुभग सिंह, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो० राहुल कुमार सिंह, भौतिक विभागाध्यक्ष प्रो० रवि कुमार सिंह, एवं रसायन शास्त्र के व्याख्याता प्रो० सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं प्रयास की सराहना की। इन्होंने एक-एक कर सभी प्रतिभागियों से उस विषय पर प्रश्न किया और संतोष जनक उत्तर प्राप्त किया। 25 प्रतिभागियों ने अपने प्रदर्शन किये। जिसमें मुख्य रूप से शिखा कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, अंशु कुमारी, दिव्या कुमारी, रेणु कुमारी, रागिनी कुमारी, अंजली कुमारी, खुशी कुमारी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, आरती कुमारी, मुसर्रत परवीन इत्यादि ने भाग लिया। कॉलेज कर्मी में मुख्य रूप से प्रो० मुकेश कुमार सिंह, प्रो० शशि भूषण सिंह, प्रो० शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो० नरेश कुमार सिंह, प्रो० अशोक कुमार देव, प्रो० आलोक रंजन, अमरेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, लेखपाल ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। प्राचार्य ने कहा कि जल्द ही प्रथम तीन विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पिपरा के बीईईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण

दबंग हिन्द,संवाददाता

पलामू। उपायुक्त-सह-जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निदेश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटरों के साथ बैठक की। बैठक में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना सहित विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। पीएम पोषण शक्ति निर्माण, योजना अंतर्गत एसएमस पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसके तहत विद्यालयों में प्रतिदिन उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या, प्रति सप्ताह उपलब्ध अनाज एवं कुकिंग कॉस्ट, पूरक पोषाहार, प्राप्त कुकिंग कॉस्ट, पूरक पोषाहार तथा प्राप्त अनाज की मात्रा का एसएमएस किया जाता है। समीक्षा के दौरान पिपरा क्षेत्र के विद्यालयों में कार्य दिवसवार एसएमएस भेजने में षिथिलता बरतने की बात प्रकाश में आने पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने पिपरा के बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण की मांग की। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण का जवाब नहीं मिलने एवं असंतोषजनक जवाब की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं एमडीएम कम्प्यूटर ऑपरेटर पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का एसएमएस शत प्रतिशत कराना सुनिश्चितत करें। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत रसोइया-सह- सहायिका का आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से शत प्रतिशत अच्छादन का निदेश दिया। इसके अलावा विद्यालयों में विद्यार्थियों का अच्छादन में बृद्धि करने, अध्यनरत विद्यार्थियों को आयरण, फॉलिक एसिड की गोली खिलाने का निदेश दिया।

उपायुक्त पलामू के निदेश पर कार्यदिवस में जिला से जिला एमडीएम ऑपरेटर के द्वारा 25 विद्यालय एवं प्रखण्ड से प्रखण्ड एमडीएम ऑपरेटर द्वारा 10 विद्यालय का फोन पर अनुश्रवण करने का भी निदेश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार सहित बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर उपस्थित थे।

एक नजर

बीडीएम मेंबर के साथ बीएम ने की बैठक, दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड परिसर स्थित बीएमएमयू ऑफिस में बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति ने एफपीओ के बोड मेंबर के साथ शुक्रवार को बैठक किया। जहां उपस्थित लोगों को कई जानकारियां देते हुए पिजी समूह से एफपीओ में जोड़ने वाले सदस्यों का पूर्ण रूपेण डिटेल्स जमा करने की बात कही गई। वही अन्य कर्मियों को जल्द से जल्द दिए हुए टारगेट को पूरा करने की बात कही। बैठक में एफपीओ प्रखंड डायरेक्टर प्रतिमा देवी, नीलम देवी, सरिता देवी, सिसी निशांत कुमार, सुनील पासवान, जितेंद्र सिंह, आइपीआरपी अजय सिंह, सुनीता देवी, सेजल कुमारी, बीआरपी बिजय रजक, युगेश्वर दांगी, सीएलएफ अध्यक्ष शिला कुमारी, सदस्य उषा देवी आदि उपस्थित थे।

जनता शॉपिंग मॉल का हुआ उद्घाटन

इटखोरी(चतरा)। इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के हजारीबाग रोड स्थित पुराना पेट्रोल पंप के समीप करनी के नजदीक जनता शॉपिंग मॉल का उद्घाटन भाजपा नेता सुजीत भारती ने विधिवत फीता काटकर शुक्रवार को किया। इस अवसर पर शॉपिंग मॉल के संचालक मो.शमीम ने कहा कि मेरे प्रतिष्ठान में ग्राहकों को बाजार से सस्ते मूल्य पर साड़ी, लेडीज सूट, लहंगा, पैंट शर्ट, टी-शर्ट, समेत सभी तरह के कपड़े उपलब्ध हैं। ग्राहकों के हिसाब से ही दुकान में वस्त्रों को लाया गया है। उद्घाटन में मुख्य रूप से भाजपा नेता डोमन राणा, देवकुमार सिंह, संतोष दांगी, रणधीर सिंह, शौकत अली, बबलू समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

एसडीपीओ ने थाना का किया निरीक्षण, कहा अफीम तस्करी से जुड़े लोगों पर रखें विशेष निगरानी

गिद्धौर(चतरा)। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्रवार को वार्षिक निरीक्षण करने गिद्धौर थाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाना भवन तथा परिसर की स्थिति के साथ स्वच्छता का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने थाना से जुड़े विभिन्न पंजी तथा गतिविधियों की जानकारी लेते हुए लंबित कण्डों का अवलोकन कर दागी व्यक्तियों पर नजर रखने की हिदायत थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने विगत वर्षों से अफीम तस्करी में जेल गए अभियुक्तों पर तथा वैसे अभियुक्त जो जमानत पर बाहर है, उनपर विशेष निगरानी रखने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया। एसडीपीओ ने थाना से संबंधित महत्वपूर्ण पंजी में फिरारी, गिरोह, डकैती, लुट, आर्म्स लाइसेंस, गृह भेदन, मलखाना, उग्रवाद संबंधित पंजी का निरीक्षण के उपरांत अनुपालन को लेकर हिदायत दिया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए नियमित गस्ति एवं अपराध पर लगाम लगाने के लिए रात्रि गस्ति का अनुपालन शख्ती से करने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस निरीक्षण अवधेश सिंह, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

नौ वर्षीय प्रवक्ता ऐंजल मिश्रा रही रुद्र यज्ञ में आकर्षण का केंद्र

ऐंजल ने कहा परमात्मा का दिया गया यह नश्वर शरीर है

चतरा। सदर प्रखंड चतरा के चौनपुर गांव में आयोजित पांच दिवसीय रूद्र सह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूणार्हुति एवं भव्य भंडारे के साथ संपन हो गया। वहीं यज्ञ में नौ वर्षीय प्रवक्ता ऐंजल मिश्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। इतनी कम उम्र की नन्ही सी बच्ची नें अपने ज्ञान और प्रवचन से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। अपने प्रवचन में लोगों को संबोधित करते हुए ऐंजल नें कहा कि हमें परमात्मा का दिया गया यह नश्वर शरीर है। इसलिए हमें किसी भी बात का घमंड करने से बचना चाहिए। जब तक यह नश्वर शरीर हमारे पास है तब तक हमें दीन दुखियों की सेवा, भगवत भजन और अच्छे कर्म करके सुखी जीवन और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि आस्तिक बनकर प्रभु और परमात्मा की सेवा करें। नास्तिक बनकर खाने-पीने, घूमने फिरने, मौज-मस्ती करने और लड़ने झगड़ने में मानव जीवन को व्यर्थ ना करें। आगे अपने प्रवचन में उन्होंने बुराइयों से बचने के लिए गांधी जी के तीन बंदरों के उदाहरण से लोगों को समझाया। वहीं सामाजिक कुरीतियों, बलि प्रथा और पर्यावरण संरक्षण सहित जीव हत्या पर भी उन्होंने प्रकाश डालते हुए यज्ञ की महत्ता को समझाकर लोगों को बसीभूत किया। नन्ही सी प्रवक्ता नें अपने कीर्तन, भजन, छंद, चौपाई एवं वैदिक मंत्रों से लोगों का मन मोह लिया। मौके पर यज्ञाचार्य अमित कुमार मिश्रा, पंडित कृष्णा पाठक, देवेन्द्र द्विवेदी, बंशीधर पांडेय एवं सत्येंद्र पांडेय ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि इतनी कम उम्र में ऐंजल ने हम सबका मन मोह लिया है। आने वाले कुछ ही वर्षों में यह देश के प्रमुख प्रवचनकताओं की तरह ख्याति प्राप्त करेगी। यज्ञ को संपन्न बनाने में पंकज कुमार मिश्रा, यजमान तुलसी पांडेय, शंभू तिवारी, राजा पांडेय समेत अन्य नें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सडक दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

सिमरिया (चतरा)। सिमरिया थाना क्षेत्र के बेलगड्डा मुख्य पथ में बीते रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने घटनास्थल से सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिये हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक का प्रमोद तुरी, शीला-बकचोमा निवासी है। वहीं घायल करम उरांव पिता बलराम उरांव लातेहार जिला के हेरहंज थाना अंतर्गत मासिलौंग निवासी है। उक्त दोनों युवक सिमरिया थाना क्षेत्र के कोदवारी गांव में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आये हुए थे। जहां से कुछ सामान लेने के लिए मोटर्स से बगरा जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक वाहन से टकराकर दुर्घटना हो गई। घायल युवक ने बताया कि उसका विवाह कोदवारी गांव में तय हुआ था। रिश्तेदार की मृत्यु क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए वह दोनों कोदवारी आए हुए थे। घटना की जानकारी मिलते हैं परिजन एवं हित कुटुम आनन फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचे।

आम्रपाली परियोजना में रेलवे लाइन निर्माण के विरुद्ध ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा पत्र

टंडवा (चतरा)। टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में रेलवे लाइन निर्माण को लेकर जारी गतिरोध लगातार गहराता हीं जा रहा है। बता दें अनापत्ति लेने हेतु पत्रांक 614 के माध्यम से 12 मई 2023 को हुई ग्रामसभा में कथित तौर पर फजीर्वाड़ा होने के साक्ष्य सहित गंभीर आरोप ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों के समक्ष लगाये थे। जबकि, संलिप्ततों के विरुद्ध अबतक समुचित जांच व कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में अविश्वास और आक्रोश लगातार बढ़ता हीं जा रहा है। हालांकि इस लंबे अंतराल में लगभग 15 वीं बार अनापत्ति लेने के विभागीय प्रयासों को ग्रामीण विफल कर चुके हैं। दूसरी ओर सीसीएल प्रबंधन का संरक्षण और इशारा पाकर अंचल प्रशासन बगैर हार माने 5 मार्च को पुनः बैठक कराने के जुगत में जुटा है। जबकि 17 फरवरी को कसियाडीह पंचायत की मुखिया सरीता कुमारी समेत, पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी, उप मुखिया प्रेम कुमार समेत सैंकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त पत्र उपायुक्त को सौंपकर समुचित कार्रवाई की मांग की गई है। प्रस्तावित सात गांवों के जगह सिर्फ सेरनदाग के लिए बार-बार अनापत्ति लेने का प्रयास व अधिकारियों के दोहरे बयान से भी लोगों में शंका गहराता हीं जा रहा है। अब सवाल उठता है कि आखिर किसके प्रभाव में आकर जिले व राज्य के वरीय अधिकारी गुपचुप तरीके से जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के फर्जी हस्ताक्षर तथा मुहर के जरिए अनापत्ति लेने के प्रयास का भंडाफोड़ होने के बावजूद भी राजस्व कर्मियों को ना जाने क्यों बचाने की जुगत में जुटे हुवे हैं।

व्यवहार न्यायालय, गुमला, में राष्ट्रिय लोक अदालत 8 मार्च को

न्यायालयो में लंबित सुलहनिय वादों का होगा निपटारा

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार आगामी 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में होगा।इस संबंध में तैयारी का जायजा लेने के लिए माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा समय-समय पर संबंधित विभाग के सभी पदाधिकारीयों से बैठक कर उचित दिशा निर्देश दिया गया है ।तथा इसी क्रम में आज प्रधान जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं अधिवक्ता गण से बैठक किया। माननीय जिला जज ने न्यायिक पदाधिकारी से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री कॉन्सिलिएशन सिटिंग कर मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया तथा अधिवक्ताओं से भी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराने हेतु कोशिश करने के लिए कहा ।ज्ञात हो कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल प्रकृति के सभी मामले ,बैंक के मामले, बिजली मामले ,परिवारिक विवाद के मामले ,भरण पोषण, चेक बाउंस,वन विभाग ,उत्पाद विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना के मामलो दीवानी मुकदमे आदि का लोक अदालत में निष्पादन किया जाएगा ।बैठक में मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई जिसमें इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता भी उपस्थित रहे तथा इंश्योरेंस कंपनी के पदाधिकारी भी ऑनलाइन उपस्थित रहे ।बैठक में एडीजे प्रथम श्री प्रेम शंकर ,फैमिली जज श्री ओम प्रकाश, एडीजे द्वितीय,मनोज शर्मा , एडीजे तृतीय भूपेश कुमार ,एडीजे चतुर्थ संजीव भाटिया , सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम कुमार लाल गुप्ता ,एलडीसी श्री डी एन ओहदर, अधिवक्ता नंदलाल, राकेश रंजन, अवनीत पांडे बलदेव शर्मा, आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा संपन्न

- 10 मार्च तक सभी स्तरों पर नियमानुसार राशि व्यय का निर्देश
- असैनिक निर्माण योजना की असंतोषजनक स्थिति देख अभियंताओं के वेतन पर लगाई रोक
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई के नए सत्र से नए भवन में संचालन का निर्देश

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुमला समाहरणालय अवस्थित सभागार में आज शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ, एपीओ, लेखा पदाधिकारी एवं सहायक अभियंता के साथ जिले के सभी बीईओ, बीपीओ, लेखापाल एवं कनीय अभियंता उपस्थित हुए। उपायुक्त द्वारा कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों को पोशाक, स्कूलों के कंपोजिट ग्रांट, सीआरसी ग्रांट, बीआरसी ग्रांट, पीटीएम मद सहित जिला, प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर किए जाने वाले व्यय की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष की शीघ्र समाप्ति को देखते हुए 10 मार्च तक सभी स्तरों पर नियमानुसार राशि व्यय करते हुए पीएफएमएस पर अपलोड कर भुगतान के निर्देश दिए ।उपायुक्त द्वारा डीईओ एवं डीएसई को इसकी दैनिक रूप से समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि जो काम नहीं कर रहे उनके विरुद्ध करवाई का प्रस्ताव दें । समीक्षा में चैनपुर प्रखंड सभी मामलों में पीछे पाया गया वहीं पोशाक वितरण में घाघरा एवं गुमला प्रखंड को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के संचालन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा पारदर्शी तरीके से शेष बचे परीक्षाओं के आयोजन तथा सभी परीक्षार्थियों के योग्यतानुरूप इंटरनल अंक देने का निर्देश दिया गया । विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, साइंस लैब, व्यावसायिक शिक्षा आदि की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालय में आईसीटी/ व्यावसायिक इंस्ट्रक्टर की उपलब्धता सहित यदि किसी विद्यालय में उपकरणों के मरम्मत या कोई तकनीकी समस्या है तो 15 दिनों में उसके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया । जिले के सभी कस्तूरबा विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को प्राप्त होने वाली सभी सुविधाओं हेतु डीईओ को निर्देशित किया गया कि समीक्षा कर होली से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लंबित बिलों का भुगतान करा दें तथा पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु राज्य से परमिशन की मांग करें । उपायुक्त द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई की समीक्षा करते हुए शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने सहित नए छात्रावास भवन में शिफ्टिंग कार्य जल्दी करवाते हुए अप्रैल में नए सत्र का आरम्भ अनिवार्य रूप से नए भवन में ही किए जाने हेतु डीईओ एवं डीएसई को निर्देशित किया गया।

बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

चक्रधरपुर । जराइकेरला थाना क्षेत्र के रायकापाट के टुंगरीटोला में बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक अमित टूटी की मौत हो गई। घटना बीते बुधवार की देर रात की बताई जा रही है। घटना के बावत मिली जानकारी के अनुसार अमित टूटी अपने अबुवा आवास के निर्माण के लिए ट्रैक्टर से बालू ले जा रहा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान बालू लदा ट्रैक्टर का डाला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे अमित उसकी चपेट में गया।घटना से अमित डाला में दब गया,साथ ही गाडी का एक चक्का उसके सर में चढ़ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक सह चालक मौके से गाडी का इंजन खोल कर फरार हो गया। बाद में घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनो ने मामले की जानकारी पुलिस को दिया जहां पुलिस मामले की पड़ताल करते हुए शव जब्त कर लिया है।

विधायक जगत माझी से मिले राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष

दबंग हिन्द,संवाददाता

चक्रधरपुर । जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर मनोहरपुर के सम्मानित युवा विधायक जगत माझी जी को भारत के संविधान की उद्देशिका भेंट कर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने बधाई एवं मंगलकामनाएं प्रेषित किया। वन संरक्षण और पलायन जैसे गंभीर विषय पर चर्चा की गई,पंचायती राज्य विभाग विधायक के साथ समन्वय स्थापित कर उनके विधानसभा में झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करेगी।आरजीपीआरएस(राजीव गांधी पंचायती राज संगठन)के प्रदेश अध्यक्ष ने आशा जताया कि संविधान के अनुरूप पेसा कानून 1996 जल्द ही लागू होगा ।यह मुलाकात जनहित की आकांक्षाओं को ध्यान में रख कर किया गया विशेषकर सारंडा वन को संरक्षित करने में महती भूमिका निभाए माननीय विधायक एवं पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया को पूर्व की भांति वित्तीय राशि उपलब्ध कराए सरकार ।मौके पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के रांची महानगर अध्यक्ष अंजनी रंजन भी शामिल रहें।

महाशिवरात्रि के बाद माता पार्वती की विदाई का अनूठा आयोजन, विधिपूर्वक संपन्न हुई रस्म

दबंग हिन्द,संवाददाता

चाईबासा । कल संपन्न हुए महाशिवरात्रि पर्व के बाद आज संध्या को पूरी धार्मिक रीति-रिवाज के साथ माता पार्वती की विदाई का आयोजन शहर के सिद्धेश्वर मंदिर में धूमधाम से हुआ। यह आयोजन विशेष रूप से धार्मिक आस्था और परंपराओं का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और विधिपूर्वक सभी रश्मों को निभाया।कल महाशिवरात्रि के दिन शहर के लगभग 14 प्रमुख धार्मिक संस्थाओं के द्वारा हजारों भक्तों के साथ शिव जी की बारात निकाली गई थी, जिसमें भूत-प्रेत के अलावा देवी-देवताओं के रूप में झांकियां भी प्रदर्शित की गईं। रात्रि के समय सिद्धेश्वर मंदिर में विवाह की रसम संपन्न होने के बाद भक्तों में मिष्ठान वितरण का भी आयोजन हुआ। पारंपरिक रूप से शादी के दूसरे दिन विदाई की रस्म होती है, जो आज विधिपूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर शहर के सिद्धेश्वर मंदिर में सैकड़ों महिलाएं उपस्थित हुईं और सभी पारंपरिक रश्मों को निभाते हुए माता पार्वती की विदाई की। यह विदाई समृद्धि और शुभ संकेतों के रूप में जानी जाती है, जो संतान सुख की प्राप्ति की प्रतीक मानी जाती है।माता पार्वती की विदाई समारोह में सिद्धेश्वर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल महतो, उपाध्यक्ष पप्पू निषाद, महासचिव पवन शर्मा सहित अन्य कमेटी सदस्यगण भी उपस्थित रहे और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाई। यह आयोजन चाईबासा के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है, जो न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को प्रगाढ़ करता है, बल्कि धार्मिक एकता और सामाजिक सौहार्द का भी प्रतीक है।

महादेवशाल में महाशिवरात्रि पर छऊ नृत्य का रंगारंग समापन

दबंग हिन्द,संवाददाता

चक्रधरपुर । कराईकेला थाना क्षेत्र के सुबानसाई महादेवशाल होनु टोटा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दो दिवसीय छऊ नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसका समापन गुरुवार को हुआ। इस सांस्कृतिक आयोजन में सुबानसाई ऊपर टोला और सुबानसाई नीचे टोला की दो छऊ नृत्य मंडलियों ने भाग लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

पौराणिक कथाओं पर आधारित प्रस्तुतियां: कार्यक्रम की शुरूआत सुबानसाई ऊपर टोला छऊ नृत्य मंडली द्वारा गणेश वंदना से हुई। इसके बाद दोनों मंडलियों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित विभिन्न नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें शिव-पार्वती मिलन महिषासुर वध, जय माँ काली, राधा-कृष्ण, ताड़कासुर वध जैसे नृत्य शामिल थे। कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं।

कलाकारों को किया गया सम्मानित: कार्यक्रम के अंत में पूजा समिति ने दोनों छऊ नृत्य मंडलियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन स्थानीय संस्कृति को जीवंत रखते हैं और युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा ग्रामीणों का सहयोग: इस आयोजन की सफलता में आर्यन महतो, अजय महतो, मोटू महतो, सोनू महतो, बीजू महतो, मुन्ना महतो सहित कई ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्थानीय लोगों ने कहा कि महाशिवरात्रि पर इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से धार्मिक आस्था को बल मिलता है और सामुदायिक एकता भी मजबूत होती है।

चिल्ड्रन अकैडमी प्लस टू उच्च विद्यालय रन्हे में मनाया गया डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

गुमला। चिल्ड्रन अकैडमी प्लस टू उच्च विद्यालय रन्हे घाघरा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई । सर्वप्रथम डॉ राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । विद्यालय के निदेशक विजय कुमार साहू ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे ।उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। और भारतीय संविधान के निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है । भारत के प्रथम राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्य मंत्री का दायित्व भी निभाया था। सम्मान से उन्हें प्राय राजेंद्र बाबू के नाम से बुलाया जाता है। उनका जन्म 3 दिसंबर 1984 को बिहार के सिवान जिला के जिला देवी गांव में हुआ था ।

अंडर -23क्रिकेट टूनामेंट में शुक्रवार को खेले गये मुकाबले में

खूंटी ने पलामू को छः विकेट से पराजित किया

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे मैच में पलामू की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. शुरूआत से ही पलामू की टीम संघर्ष करते दिखी. पूरी टीम 24.1ओवरो में महज 60रनो पर सिमट गयी. खूंटी की ओर से सत्यम सिंह ने चार, आर्यन हुड्डा ने तीन और मीत जैन व निखिल को एक -एक विकेट मिला.पलामू के शिवम राज 11व अनिकेत ने 13रनो का योगदान दिया. जबाबी पारी खेलने उतरी खूंटी की टीम ने 15.1ओवरो में चार विकेट गवा कर जीत का आंकड़ाछू लिया. खूंटी की ओर से दिलीप मुंडा 23व निखिल ने 21रनो की नाबाद पारी खेली. आर्यन ने 15रनो का योगदान किया. पलामू की ओर से विकास ने तीन व अनिकेत ने एक विकेट हासिल किया. खूंटी के सत्यम सिंह मैन ऑफ द मैच चुने गये. टी आर डी ओ अनवर मुस्तफा, अंपायर कांजीलाल, ओ पी राय, स्कोरर संदीप रॉय, अनिकेतन ने प्लेयर ऑफ मैच को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. मौके पर जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सन्नी साहू, शशि प्रकाश, मधुसूदन उरांव, बिनीत नाग सहित अन्य उपस्थित थे. शनिवार को लीग चरण के आखिरी मुकाबले में सिमडेगा व खूंटी की टीम आमने -सामने होगी।

गुमला पॉलिटेक्निक ने उत्साह और भव्यता के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

दबंग हिन्द,संवाददाता

गुमला । गुमला पॉलिटेक्निक ने 28 फरवरी, 2025 को नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी.वी. रमन की विरासत का सम्मान करने और प्रतिभागियों के बीच वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। समारोह की शुरूआत प्रिंसिपल डॉ. शिबा नारायण साहू और हेड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अजीत कुमार शुक्ल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई, जो ज्ञान और बुद्धि के प्रकाश से अंधकार को दूर करने का प्रतीक है।विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, विशेष रूप से रमन प्रभाव की खोज, जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार मिला, को याद करते हुए, सर सी.वी. रमन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।यह आयोजन सर सी.वी. रमन के जीवन और खोज पर एक संक्षिप्त जानकारी के साथ शुरू होता है। भौतिकी के व्याख्याता श्री अमृत कुमार पाठक ने रमन प्रभाव पर एक ज्ञानवर्धक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया, जिससे उपस्थित लोगों को इस अभूतपूर्व खोज और विज्ञान के क्षेत्र में इसके महत्व के बारे में गहन जानकारी मिली।इस अवसर पर, गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने कई रोमांचक कार्यक्रमों की मेजबानी की, जिसमें सार्वजनिक भाषण, ड्राइंग और मॉडल प्रदर्शनी शामिल थी।केन्द्रीय विद्यालय, गुमला, डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला, सेंट मैरी पब्लिक स्कूल, टोटो, वेस्कॉट पब्लिक स्कूल, गुमला, पीएम श्री स्कूल, जेएनवी गुमला और जिला सीएम एसओई, गुमला के छात्रों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में अपने कौशल और ज्ञान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रमों ने छात्रों को खुद को अभिव्यक्त करने, अपने विचारों को साझा करने और एक-दूसरे से सीखने के लिए एक मंच प्रदान किया। उत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी थी, जिसमें गुमला के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के अभिनव और रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित किया गया। मॉडल छात्रों की सरलता और सीमित संसाधनों का उपयोग करके समाधान खोजने की उनकी क्षमता का प्रमाण थे।प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने प्रेरक भाषण देते हुए आज के दौर में वैज्ञानिक खोज और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में निदेशक अभिजीत कुमार ऑनलाइन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तकनीक का जन्म विज्ञान की कोख से होता है। स्थानीय छात्रों में अपार प्रतिभा है और इसे निखारने के लिए गुमला पॉलिटेक्निक अपनी स्थापना के समय से ही प्रतिबद्ध है।

पश्चिमी सिंहभूम की लगातार पाँचवीं जीत, दुमका को पाँच विकेट से हराया

दबंग हिन्द,संवाददाता

चाईबासा । झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के द्वारा लातेहार में आयोजित अंतर जिला अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में पश्चिमी सिंहभूम ने दुमका को पाँच विकेट से पराजित किया। यह पश्चिमी सिंहभूम की लगातार पाँचवी जीत है।

दुमका की टीम ने की संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी: टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दुमका की टीम 26.4 ओवर में 114 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वामहस्त स्पिनर आशीष कुमार सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 41 रन देकर पाँच विकेट चटकाए।

पश्चिमी सिंहभूम की शानदार पारी: उत्तर में बल्लेबाजी करने उतरी पश्चिमी सिंहभूम ने 18 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर मैच जीत लिया।

आशीष कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार: आशीष कुमार सिंह की शानदार गेंदबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार (5000) से सम्मानित किया गया।

एक नजर

युवती से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में युवक को जुमार्ना सहित 5 वर्ष की सजा

चाईबासा । पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के कोंदवा गांव में एक युवती से दुष्कर्म के प्रयास मामले में चाईबासा कोर्ट ने आरोपी मथुरा कारवा को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है।साथ ही, आरोपी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।कोर्ट का फैसला आते ही पुलिस ने आरोपी को दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नदी में स्नान करने गई थी युवती : घटना के दिन पीड़िता स्नान करने के लिए नदी गई थी। वह कपड़े बदल रही थी, तभी आरोपी मथुरा कारवा वहां पहुंचा और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया, जिससे आरोपी घबरा कर मौके से भाग गया। इसके बाद पीड़िता ने टोंटो थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने जुटाए पुख्ता सबूत : पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और पीड़िता के बयान के आधार पर साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान मिले सबूत और गवाहों की गवाही के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया और उसे पांच साल की सजा सुनाई।

खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने विधानसभा में कस्तूरबा विद्यालय का मामला उठाया

चाईबासा । खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने विधानसभा में कस्तूरबा विद्यालय का मामला उठाया. उन्होंने शिक्षा मंत्री से कोल्हान प्रमंडल के सभी तीनों जिले के अंशकालिक शिक्षिकाओं की मंत्र6000 रुपया मानदेय दिए जाने पर जवाब मांगा. शिक्षा मंत्री द्वारा विधायक दशरथ गागराई द्वारा पूछे गए सवाल पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय बालिका की अंशकालिक शिक्षिकाओं के लिए 11 000 हजार रुपया मानदेय के साथ राज्य योजना के तहत 22 000 रुपया अतिरिक्त के साथ कुल 13200 रुपया प्रति माह मानदेय स्वीकृत होने की बात कही. इसके साथ ही कोल्हान प्रमंडल के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आवश्यकता से अधिक अंशकालिक शिक्षिकाओं को सेवा लेने के कारण 6 से 8 में कार्यरत शिक्षिकाओं को प्रति कार्य दिवस 240 रुपया अधिकतम 25 दिन के लिए तथा कक्षा 9 से 12 में कार्यरत शिक्षिकाओं को प्रति दिन 720 रुपया प्रति दिन अधिकतम 25 दिन के लिए दिए जाने की बात कही है।

एमजीएम अस्पताल में नवजात का चल रहा इलाज, बच्चा शारीरिक रूप से असामान्य

चाईबासा । जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में एक दुर्लभ नवजात बच्चे का इलाज चल रहा है. यह बच्चा शारीरिक रूप से बेहद असामान्य है. उसके एक ही पैर हैं और लिंग का भी कोई स्वरूप नहीं है. इस बच्चे का वजन मात्र डेढ़ किलो है, जो किसी नवजात के लिए अत्यंत कम होता है. डॉक्टर बच्चे का इलाज कर रहे हैं. दरअसल बुधवार को सरायकेला के नीमडीह थाना क्षेत्र के पारगामा निवासी बिनोद सिंह सरदार की पत्नी आशा सिंह सरदार को प्रसव पीड़ा शुरू हुई. उन्हें तुरंत नीमडीह प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां आशा सिंह सरदार ने एक दुर्लभ बच्चे को जन्म दिया, जिसके बाद स्थिति को देखते हुए बच्चे को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अंजुमन इस्लामिया के तत्वाधान में पवित्र रमजान के मौके पर तरबीह के विशेष नमाज के लिए हाफीजो की घोषणा

गुमला । अंजुमन इस्लामिया के द्वारा पिछले दिनों एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यकारिणी समिति की हुई जिसमें शहर के विभिन्न मस्जिदों के इमाम, और मस्जिद कमेटियों के पदाधिकारी के साथ बैठक अंजुमन इस्लामिया गुमला के द्वारा किया गया इसमें सदर मुशाहिद आजमी सेक्रेटरी मकसूद आलम की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पवित्र रमजान के मौके पर तरबीह सुनाने के लिए हाफिजों का चयन कुछ इस तरह हुआ,इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के प्रवक्ता आशिक अंसारी ने रमजान की मुबारकबाद पेश करते हुए एक बयान जारी कर कहा है कि चांद के मुताबिक उम्मीद है कि शनिचरा यानी आज से शहर के विभिन्न मस्जिदों लगभग 12 स्थान में तरबीह पढ़ी जाएगी,1 थाना रोड स्थित जामा मस्जिद में हाफिज व कारी जनाब मोहम्मद इंतेसाब आलम,2, गौसिया मोती मस्जिद बाजार बाजार ताड़ गुमला में हाफिज जाहिद हुसैन,3, जैनब मस्जिद रजा कॉलोनी गुमला में हाफिज मसीहुद्दीन,4, मक्का मस्जिद सिसई रोड गुमला में हाफिज शोएब आलम, कादरिया मस्जिद में कारी हैदर वारसी6, मस्जिद राजा ए मुस्तफा हुसैन नगर में हाफिज व करी शकीरा रजा नूरी,7, मस्जिद रजा ए हबीब में हाफिज व कारी बाबर अली साहब,8, मस्जिद फैजाने रजा में मोहम्मद सागिल अतारी 9, मदीना मस्जिद आजाद बस्ती गुमला में हाफिज मौलाना अबू र्ददा साहब तथा सिसई रोड स्थित मदरसा फैज ए आम मैं तरबीह की विशेष नमाज पड़ी जाएगी ऐसे में अंजुमन इस्लामिया तमाम मुसलमान भाइयों से अपील करती है कि जहां उन्हें सहूलियत मिले वहां अपना नमाज अदा करेंगे।

भाकपा माले पतरातू प्रखंड कमेटी का 19वां एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न, कमेटी का हुआ गठन

भुरकुंडा (रामगढ़)। हुरूमगढा स्थित जवाहरनगर पंचायत भवन में शुक्रवार को भाकपा माले पतरातू प्रखंड कमेटी का 19वां एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पांच सदस्यीय मंडली संजय शर्मा, देवानंद गोप, नीता बेदिया, सरजू मुंडा और मनोज मांझी ने किया। सम्मेलन में पर्यवेक्षक बिगेन्द्र ठाकुर, जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम पार्टी के दिवंगत विनोद लहरी, हैदर व शहीद साथियों के प्रति एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन का उद्घाटन जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भुनेश्वर बेदिया ने कहा कि आज देश के सामने केन्द्र में सत्तासीन भाजपा, आरएसएस के द्वारा देश के संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। देश से लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। देश को बचाने, लोकतंत्र की रक्षा, संविधान को बचाने का वक्त है। उन्होंने कहा कि भाकपा माले पतरातु प्रखंड में बड़े पैमाने पर औद्योगिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मजदूरों, किसानों, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, किसानों को संगठित कर आंदोलन को तेज करने पर जोर देगी। सम्मेलन में पर्यवेक्षक बिगेन्द्र ठाकुर ने 21 सदस्यीय प्रखंड कमेटी की घोषणा की। जिसमें सर्वसम्मति से नरेश बड़ाईक को अंचल सचिव चयनित किया गया। साथ ही हीरा गोप, अमल कुमार, देवानंद गोप, नीता बेदिया, सरयू मुंडा, नागेश्वर मुंडा, तृतियाल बेदिया, राजेन्द्र राम, बृजनारायण मुंडा, सोहन बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, पवन गोप, मनोज मांझी, प्रेमसागर महतो, संजय कुमार शर्मा, अर्जुन कुमार सिंह, निरंजन कुमार पटेल, देवकी बेदिया, धनीराम प्रजापति, सुनंदा देवी, सीता देवी, उमेश गोप को सदस्य बनाया गया। सम्मेलन में सात प्रस्ताव भी पारित किये गये।

रोटरी क्लब दिल में सुराख वाले बच्चों का करायेगा फ्री ऑपरेशन

भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब के गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के तहत प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को रांची के राज हॉस्पिटल में दोपहर एक बजे से चार बजे तक प्रसिद्ध डीएम कार्डियोलॉजी डॉ. राजेश झा दिल में छेद वाले बच्चों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं।4 मार्च को इसी अस्पताल में मेगा स्क्रीनिंग कैंप लगाया जायेगा। जिसमें अमृता अस्पताल कोच्चि के डॉक्टर ऐसे मामलों की स्क्रीनिंग करेंगे। ऑपरेशन के लिए चयनित बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन अमृता अस्पताल कोच्चि में कराया जायेगा।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन" गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

तस्वीर की सियासत बनाम सियासत की तस्वीर ?

निर्मल रानी

दिल्ली में 27 साल का वनवास खत्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे राजनैतिक मुद्दा बना लिया।

देश सरकारी कार्यालयों में प्रायः राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र लगाये जाते हैं। जबकि राज्यों में इनके साथ मुख्यमंत्री व राजयपाल के चित्र भी लगाये जाते हैं। इस व्यवस्था को प्रोटोकॉल अथवा शिष्टाचार / नवाचार कहा जाता है। शीर्ष पदों पर बैठे लोग समय समय पर अपनी सुविधानुसार या किसी पूर्वाग्रह के चलते स्वेच्छा से इसमें बदलाव भी करते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर आपको झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय में मुख्यमंत्री की कुर्सी के ठीक पीछे मुख्य रूप से केवल उनके पिता शिबू सुरेन का ही चित्र लगा मिलेगा। जाहिर है वे उन्हें ही अपना आदर्श नेता मानते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र से आकार में भी बड़ा तथा बिल्कुल मध्य में गुरु गोरखनाथ का चित्र लगाया गया है। अनेक मुख्यमंत्रियों के कार्यालयों में उनकी अपनी पसंद के आधार पर चित्र लगाये गए हैं।

दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जनवरी 2022 में गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में केवल बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगाने के निर्देश जारी किये थे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया था कि दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में किसी अन्य नेता की तस्वीरें प्रदर्शित नहीं की जायें। तब से लेकर पिछले दिनों दिल्ली की सत्ता बदलने तक दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर राज्य के अधिकांश कार्यालयों में महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति की तस्वीर हटाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगा दिए गये थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कुर्सी के ठीक पीछे बाबासाहेब और भगत सिंह के चित्र लगाये थे जो उनके बाद आतिशी के मुख्यमंत्री काल में भी लगे रहे।

परन्तु जिस दिन दिल्ली में 27 साल का वनवास खत्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे

राजनैतिक मुद्दा बना लिया। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तस्वीर हटाने पर कहा कि 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली विधानसभा का नेतृत्व ऐसी पार्टी कर रही है, जो दलित और सिख विरोधी है। भाजपा ने अपना दलित विरोधी रुख दिखाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र हटा दिए हैं।' परन्तु तस्वीरों पर सियासत करने वाली आप भी ऐसे सवालों से बच नहीं सकती। आम आदमी पार्टी नेताओं को भी यह बताना पड़ेगा कि उन्होंने अपने कार्यालय से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की फोटो क्यों हटाई थी? यदि मान लिया जाये की नरेंद्र मोदी उनके घोर विरोधी नेता हैं परन्तु वे देश के प्रधानमंत्री भी हैं। मान लीजिये कि राजनैतिक पूर्वाग्रह के कारण उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र नहीं लगाया परन्तु उन्होंने आखिर राष्ट्रपति का चित्र क्यों नहीं लगाया गया?

जहाँ तक सवाल है तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा मात्र चित्र लगाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह को सम्मान दिये जाने का, तो यदि अरविंद केजरीवाल के वक्तव्यों पर नजर डालें तो केजरीवाल की बातें तो इन नेताओं के मूल विचारों के बिल्कुल विरुद्ध हैं। मिसाल के तौर पर अरविंद केजरीवाल ने 27 अक्टूबर 2022 को मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र के माध्यम से यह मांग की थी कि भारतीय नोटों पर गांधी जी के साथ-साथ लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर भी छपे। उनका कहना था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को भगवान का आशीर्वाद मिलेगा। विघ्नहर्ता का आशीर्वाद होगा तो अर्थव्यवस्था सुधर जाएगी। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि भारतीय करेंसी के ऊपर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर छापें। क्या केजरीवाल का यह सुझाव बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों के विचार सम्मत है? किसी का चित्र लगाने का अर्थ आखिर क्या होता है? केवल उस महापुरुष के समर्थकों या उनके समुदाय को खुश करना या उनके आदर्शों को मानना व उनपर चलना? बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के जीवन की कौन सी शिक्षा है जिसने केजरीवाल को इस बात के लिये प्रेरित किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को उपरोक्त सलाह दे डाली। वह भी स्वयं एक शिक्षित व राजस्व सेवाओं के अधिकारी होने के बावजूद। हद तो यह है कि प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखते समय केजरीवाल ने यह भी लिहा था कि यह देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक ओर महात्मा गांधी व दूसरी ओर लक्ष्मी-गणेश जी की तस्वीर भी लगाई जाए। केजरीवाल ने 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि होने के नाते नहीं बल्कि सही मायने में देश के बहुसंख्य समाज को वरगलाने के लिये ही तस्वीर की सियासत यह शगूफा छोड़ा था।

इसी तरह विधान सभा चुनावों की घोषणा से पूर्व दिसंबर 2024 में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने एक और ऐसी ही चुनावी फुलझड़ी छोड़ते हुये यह घोषणा कर डाली कि आम आदमी पार्टी के चुनाव जीतने पर मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। केजरीवाल ने इसे पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना का नाम दिया। इस घोषणा की आलोचना करते हुये भाजपा ने उसी समय यह जवाब दिया था कि चुनावी हिंदू केजरीवाल ने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले हैं और उनकी पूरी राजनीति हिंदू विरोधी रही है। यहाँ भी यही सवाल है कि क्या पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों की सोच के अनुरूप थी जिनके चित्र उन्होंने अपने कुर्सी के पीछे लगा रखे थे?

भाजपा भी इसी तरह गांधी व बाबासाहेब अंबेडकर व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उनपर खास अवसरों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपने आदर व सम्मान का दिखावा तो जरूर करती है परन्तु हकीकत में वह भी दिखावा मात्र ही है। अन्यथा घोर हिंदुत्ववादी राजनीति का गांधी व बाबासाहेब आंबेडकर व भगत सिंह जैसे महान देशभक्त मानवतावादी नेताओं से क्या लेना देना? यह तो धर्म और राजनीति के ऐसे घालमेल को ही विध्वंसक मानते थे। कहना गलत नहीं होगा की इसी तस्वीर की सियासत ने ही देश की सियासत की तस्वीर को बदनुमा कर डाला है जिसकी भरपाई महात्मा गांधी व बाबासाहेब , व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नहीं बल्कि केवल सच्चे मन से उनके बताये हुये रास्तों व उनके आदर्शों पर चलकर ही की जा सकती है?

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

संपादकीय

अधिकार क्षेत्र की बात

दोषी करार दिए गए नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने वाली याचिका का केंद्र सरकार ने विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में सरकार ने कहा आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र का कहना है, याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह विधान को फिर से लिखने या संसद को विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने सरीखा है। दागी नेताओं के बचाव में मोदी सरकार यूं ही नहीं नजर आ रही। उसके 39 फीसद मंत्री भी दागी हैं। 2009 की लोक सभा में केवल 30 फीसद दागी नेता थे, जबकि 2024 में यह बढ़कर 46 फीसद हो चुका है। 251 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 27 सांसदों को अदालतों द्वारा दोषी करार दिया जा चुका है। केरल, तेलंगाना, ओड़िसा के 95, 82, 76 फीसद दागी हैं तो झारखंड़, बिहार व बंगाल के 71, 53, 52 फीसद दागी सांसद हैं। उप्र, हिमाचल व महाराष्ट्र के आधे यानी 50 फीसद सांसद दोषी हैं। बहरहाल, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा8(1) के तहत अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारीख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल है। शीर्ष अदालत के समक्ष आने वाले दोषी नेताओं के मसलों पर हमेशा यह सवाल खड़ा होता है। पारदर्शिता, भ्रष्टाचार मुक्ति व पक्षपात के खिलाफ बढ़-चढ़कर बोलने वाली मोदी सरकार दागियों को पार्टी में शामिल करने, उन्हें टिकट देने और मंत्री बनाने में तनिक हिचकती नहीं नजर आती। गंभीर मामलों के दोषियों को माननीय का चोला ओढ़ाने में सरकार की भूमिका स्पष्ट है। देश भर के राजनीतिक दलों का यही हाल है। यही कारण है, इस गंभीर बात पर कोई चीख-चिल्लाहट नहीं मचती। राजनीति में स्वच्छ छवि वालों का टोटा होता जा रहा है। हालांकि सिर्फ राजनीतिक कीचड़. उछालने के लिए छद्म आरोपों का भी कम इस्तेमाल नहीं किया जाता है। मगर त्वरित आरोपों को सुलझाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। कानून बनाने वाले सम्मानियों का दोषमुक्त नजर आना बेहद जरूरी है। लोकतंत्र का अर्थ यह कदापि नहीं होना चाहिए कि सजायाफ्ताओं को देशवासी सम्मान देने को मजबूर हों। संसद का अधिकार क्षेत्र सर्वोपरि है मगर सांसदों के चरित्र और दोषमुक्त होने के प्रति जवाबदेही राजनीतिक दलों की होनी चाहिए।

सूक्ति

शिक्षा किसी घड़े को भरने जैसा नहीं है यह तो अग्नि प्रज्वलित करने के समान है

– डब्ल्यू बी. बीट्स

बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है

– धीरूभाई अंबानी

चिंतन-मनन

दीर्घजीवी होती है विनम्रता

एक साधु बहुत बूढ़े हो गए थे। उनके जीवन का आखिरी क्षण आ पहुंचा। आखिरी क्षणों में उन्होंने अपने शिष्यों और चेलों को पास बुलाया। जब सब उनके पास आ गए, तब उन्होंने अपना पोपला मुंह पूरा खोल दिया और शिष्यों से बोले- 'देखो, मेरे मुंह में कितने दांत बच गए हैं?' शिष्यों ने उनके मुंह की ओर देखा। कुछ टटोलते हुए वे लगभग एक स्वर में बोल उठे- 'महाराज आपका तो एक भी दांत शेष नहीं बचा। शायद कई वर्षों से आपका एक भी दांत नहीं है' साधु बोले-'देखो, मेरी जीभ तो बची हुई है' सबने उत्तर दिया- 'हां, आपकी जीभ अवश्य बची हुई है'

इस पर साधू ने कहा- 'पर यह हुआ कैसे? मेरे जन्म के समय जीभ थी और आज मैं यह चोला छोड़ रहा हूं तो भी यह जीभ बची हुई है। ये दांत पीछे पैदा हुए, ये जीभ से पहले कैसे विदा हो गए? इसका क्या कारण है, कभी सोचा?' शिष्यों ने उत्तर दिया-ह्यहमें मालूम नहीं। महाराज, आप ही बतलाइए' उस समय मृदु आवाज में संत ने समझाया - यही रहस्य बताने के लिए मैंने तुम सबको इस बेला में बुलाया है। इस जीभ में माधुर्य था, मृदुता थी और खुद भी कोमल थी, इसलिए वह आज भी मेरे पास है, परंतु मेरे दांतों में शुरू से ही कठोरता थी, इसलिए वे पीछे आकर भी पहले खत्म हो गए, अपनी कठोरता के कारण ही ये दीर्घजीवी नहीं हो सके। दीर्घजीवी होना चाहते हो तो कठोरता छोड़ो और विनम्रता सेखो।

शून्य भेदभाव दिवसः शून्य भेदभाव अभियान मिसाल नहीं, मशाल बनें

ललित गर्ग

दुनिया में भेदभाव की ऊंची-ऊंची दीवारों पर अमानवीयता, छूआछूत, अन्याय, शोषण, उत्पीड़न के काले अध्याय लिखे हैं, इनके खिलाफ लड़ाई के लिए बहुआयामी, उदार एवं मानवीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो मूल कारणों एवं जड़ों पर प्रहार करते हुए सामाजिक-राजनैतिक मानदंडों को चुनौती दे और पहचान के विभिन्न आयामों में समावेशिता और समानता को बढ़ावा दे। भेदभाव के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देकर, हम सभी के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और समतापूर्ण दुनिया बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है, जो कोई प्रतीकात्मक उत्सव नहीं है, बल्कि सीमाओं, संस्कृतियों और समुदायों के बीच समानता की एक शक्तिशाली घोषणा है, इसे मिसाल नहीं, मशाल बनाना होगा। यह निष्पक्षता, समानता और सभी के लिए सम्मान के लिए लड़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शून्य भेदभाव दिवस-2025 की थीम है ह्यहम एक साथ खड़े हैं।ह्न इसके द्वारा जातिवाद, रंगवाद, नस्लवाद, भाषावाद आदि विषमता एवं विसंगतिमूलक व्यवस्थाओं एवं सोच की जड़े हिलाई गयी है। दुनियाभर में इस क्रांतिकारी अभियान का मुक्तभाव से स्वागत हो रहा है।

इक्कींसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। इसी तरह लैंगिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिससे महिलाओं को अक्सर वेतन में अंतर, सीमित करियर उन्नति और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित कर देती हैं, जिससे उनकी स्वतंत्रता और क्षमता सीमित हो जाती है। उम्र के आधार पर भेदभाव युवा और बुजुर्ग दोनों को प्रभावित करता है। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से वैश्विक स्तर पर संस्कृतियों एवं समाजों में भेदभाव के बारे में चिंताजनक आंकड़े मिलते है। भेदभाव के दुष्परिणाम व्यक्तिगत अनुभवों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, जो पूरे समुदाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। भेदभाव सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा देता है, जिससे पीढ़ियों तक नुकसान का चक्र चलता रहता है। जैसे-जैसे शून्य भेदभाव दिवस आंदोलन ने गति पकड़ी, भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में मील के पत्थर हासिल होते गए, जिससे अधिक समावेशी भविष्य की उम्मीद जगी है।

महात्मा गांधी ने भारत में भेदभाव, ऊंच-नीच, छूआछूत की अमानवीता को न केवल धोया, बल्कि एक अधिक समानता एवं समतापूर्ण आदर्श-समाज व्यवस्था की नींव रखी। अगर गांधी ने अछूतोद्धार आन्दोलन नहीं चलाया होता, उनके कल्याण के लिए संघर्ष नहीं किया होता, उनकी बस्ती मे उनके साथ जाकर नहीं रहे होते तो ये हरिजन आज हीन एवं दीन ही बने रहते। जब गांधी के गुजरात का प्रमुख शहर, हीरों का विश्वभर में निर्यात करने वाला सूरत गन्दगी से सड़कर ह्वप्लेगह्व से जूझ रहा था, तब देश के सबसे बड़े प्रान्त उत्तर प्रदेश में आन्दोलनकारियों पर गोली चलाई गई। जिसने राजघाट में सोयी उस आत्मा को पीड़ा से भर दिया। गांधी ने एक मुट्ठी भर नमक उठाया और करोड़ों लोगों ने मुट्ठियां तान दी थीं। चर्खे पर खादी का धागा काता और विदेशी कपड़ों की होली हर चौराहे पर जला दी। ह्वकरो या मरोह्व का नारा दिया और कितने ही वकील, डॉक्टर, अध्यापक, व्यापारी अपना पेशा छोड़कर मैदान में कूद पड़े। ऐसा चरित्र आज कहां? उनका व्यक्तित्व सुन्दर चमड़ी का नहीं था, उनकी छवि विदेशी कपड़ों से नहीं थी, उनके विचार आयात किए हुए नहीं थे। एक दुबला, पतला, लंगोटीधारी, जो भारत की धरती के लोगों के हृदय की भाषा बोलता था और इंसान इंसान को बांटने वाली हर दीवार को और हर भेदभाव को मिटाता चला गया। आज तो नेता समस्याओं को सड़ा रहे हैं-- समाधान नहीं दे रहे हैं। लोगों का विश्वास टूट रहा है।

भेदभाव के खिलाफ लड़ाई गांधी जैसे अनेक विश्व व्यक्तित्वों के अथक प्रयासों से प्रेरित हैं, जिनकी न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता ने वैश्विक मंच पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने, हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए आवाज उठाने और बदलाव को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसी ही एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं नेल्सन मंडेला, जिनकी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद को खत्म करने के लिए आजीवन प्रतिबद्धता उत्पीड़न के खिलाफ लचीलेपन का प्रतीक है। लड़कियों की शिक्षा के लिए निडर योद्धा मलाला यूसुफजई तालिबान द्वारा हत्या के प्रयास से बचने के बाद एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरीं। सभी के लिए शिक्षा के प्रति मलाला के अटूट समर्पण और लैंगिक समानता के लिए उनके अथक प्रयास ने उन्हें 17 साल की उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार दिलाया, जिससे वह इतिहास में सबसे कम उम्र की पुरस्कार प्राप्तकताओं में से एक बन गईं। हार्वे मिल्क ने पहले खुले तौर पर समलैंगिक सार्वजनिक अधिकारी के रूप में कैलिफोर्निया में समलैंगिकों के अधिकारों की व्यापक दृश्यता और स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त किया। मिल्क की साहसी सक्रियता ने समलैंगिक अधिकार आंदोलन के शुरूआती चरणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रूथ बेडर गिन्सबर्ग, एक अग्रणी कानूनी विद्वान और सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश, ने अपना करियर लैंगिक भेदभाव से लड़ने के लिए समर्पित कर दिया। उनके अभूतपूर्व काम और ऐतिहासिक कानूनी फैसलों ने महिलाओं के अधिकारों को गहराई से प्रभावित किया है और कानूनी परिदृश्य को आकार देना जारी रखा है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नागरिक अधिकारों की खोज से लेकर मैल्कम एक्स की नस्लीय न्याय की वकालत और एम्मा गोंजालेज की बंदूक हिंसा के खिलाफ सक्रियता से लेकर ग्रेटा थनबर्ग की जलवायु न्याय की लड़ाई तक, प्रत्येक व्यक्ति ने एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

शिक्षा और जागरूकता भेदभाव से निपटने की नींव बनाती है, जो समझ को बढ़ावा देने और गहराई से जड़ जमाए हुए पूर्वाग्रहों को खत्म करने में महत्वपूर्ण है। समाज विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर समावेशी पाठ्यक्रम को एकीकृत करके रूढ़िवादिता को चुनौती दे सकता है और सहानुभूति को बढ़ावा दे सकता है। भेदभाव से निपटने के लिए कानूनी और नीतिगत विकास महत्वपूर्ण प्रगति के साथ अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। दुनिया भर की सरकारें और संगठन व्यक्तियों को भेदभाव से बचाने के लिए मजबूत कानून की आवश्यकता को महसूस करते हैं। हाल के वर्षों में हाशिए पर पड़े समूहों की सुरक्षा और समान अवसरों को बढ़ावा देने वाले प्रभावशाली कानून की ओर बदलाव देखा गया है। ये कानून विविधता, निष्पक्ष व्यवहार और भेदभाव को बनाए रखने वाली प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने के महत्व पर जोर देते हैं। भेदभाव के खिलाफ प्रगति के बावजूद, एक संतुलित, समानता एवं समतापूर्ण समाज-निर्माण में महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं।

ईवीएमः विवाद का निपटारा हो जाना चाहिए



रजनीश कपूर

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों एक बयान देकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि 'चुनाव के लिए सबसे सुरक्षित माध्यम बैलट पेपर ही है।' ट्रंप ने टेक्नोलॉजी दिग्गज एलन मस्क के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि मस्क का भी यही मानना है कि 'कंप्यूटर वोटिंग के लिए नहीं है।' ट्रंप के बैलेट पेपर के समर्थन के बयान पर भारत में करीब सभी विपक्षी दलों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कांग्रेस लंबे समय से बैलेट पेपर की वापसी की मांग कर रही है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल लगातार ईवीएम से चुनाव में हेरफेर का आरोप लगाते रहे हैं। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान ने तो आग में घी डालने का काम किया है।

जब भी कभी देश में चुनाव होते हैं तो ईवीएम फिर से चर्चा में जरूर आती है। चुनाव के बाद सत्ता परिवर्तन होगा या नहीं होगा यह तो नतीजों के बाद ही पता चलता है। परंतु बीते कुछ चुनावों में यह देखा गया है कि इलाक्रेकी जनता की नाराजगी के बावजूद वहां के मौजूदा विधायक या सांसद ने पिछले चुनावों के मुकाबले काफी अधिक संख्या से जीत हासिल की। ऐसे में चुनावी मशीनरी पर सवाल खड़े होना जाहिर सी बात है। जो भी नेता हारता है वो ईवीएम या चुनावी मशीनरी को दोषी ठहराता है। ऐसा नहीं है कि किसी एक दल के नेता ही ईवीएम की गड़बड़ी या उससे छेड़-छाड़ का आरोप लगाते आए हैं। इस बात के अनेकों उदाहरण हैं जहां हर प्रमुख दलों के नेताओं ने कई चुनावों के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग की बात करें तो वो इन आरोपों का शुरू से ही खंडन कर रहा है। आयोग के अनुसार ईवीएम में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश ही नहीं है। 1998 में दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधान सभा की कुछ सीटों पर ईवीएम का इस्तेमाल हुआ थाङ्क परंतु 2004 के आम चुनाव में पहली बार हर संसदीय क्षेत्र में ईवीएम का पूरी तरह से इस्तेमाल हुआ। 2009 के चुनावी नतीजों के बाद इसमें गड़बड़ी का आरोप भाजपा द्वारा लगा। गौरतलब है कि दुनिया के 31 देशों में ईवीएम का इस्तेमाल हुआ परंतु खास बात यह है कि अधिकतर देशों ने इसमें गड़बड़ी कि शिकायत के बाद वापस बैलट पेपर के जरिये ही चुनाव किए जाने लगे। किसी भी समस्या की शिकायत करने से उसका हल नहीं खोजा जाता, मगर जब शिकायत के साथ समाधान का सुझाव भी दिया जाए तो उस पर गौर करना चाहिए। 2023 में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह ने विधान सभा चुनाव में ईवीएम की गड़बड़ी पर आरोप लगाए और उन्हें रोकने के लिए सुझाव भी दिया। उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग को सुझाव दिया कि यदि ईवीएम से निकलने वाली पर्ची को मतदाता को दे दिया जाए और इन पर्चियों को अलग से रखी मतपेटी में डाल दिया जाए। तो न सिर्फ मतदाता को इस बात की संतुष्टि हो जाएगी कि उसके द्वार चुने गए उम्मीदवार को ही उसका वोट मिला। मशीनों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई। इसके साथ ही मतगणना के पहले ऐसी किसी भी दस पेटियों के वोट गिन लिए जाएं और बाद में उनका मिलान काउंटिंग यूनिट के साथ कर लिया जाए। यदि नतीजे मेल खाते हैं तो काउंटिंग यूनिट के नतीजे को घोषित कर दिया जाए। सिंह के इस सुझाव पर सोशल मीडिया पर हजारों प्रतिक्रियाएं आई और अधिकतर लोगों ने इस सुझाव को व्यावहारिक माना है। जब भी कभी कोई प्रतियोगिता होती है तो उसका संचालन करने वाले शक के घेरे में न आएं इसलिए उस प्रतियोगिता के हर कृत्य को सार्वजनिक रूप से किया जाता है। आयोजक इस बात पर खास ध्यान देते हैं कि उन पर पक्षपात का आरोप न लगे। इसीलिए जब भी कभी आयोजकों को कोई सुझाव दिए जाते हैं तो यदि वे उन्हें सही लगें तो उसे स्वीकार लेते हैं।

ऐसे में उन पर पक्षपात का आरोप नहीं लगता। ठीक उसी तरह एक स्वस्थ लोकतंत्र में होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता चुनाव हैं। उसके आयोजक यानी चुनाव आयोग को उन सभी सुझावों को खुले दिमाग से और निष्पक्षता से लेना चाहिए। चुनाव आयोग एक संविधानिक संस्था है, इसे किसी भी दल या सरकार के प्रति पक्षपात होता दिखाई नहीं देना चाहिए। यदि

चुनाव आयोग ऐसे सुझावों को जनहित में लेती है तो मतदाताओं के बीच भी एक सही संदेश जाएगा, कि चाहे ईवीएम पर गड़बड़ियों के आरोप लगें पर चुनाव आयोग किसी भी दल के साथ पक्षपात नहीं करता। जहां तक ईवीएम पर एक बार फिर से खड़े हुए विवाद की बात है तो सभी राजनैतिक दलों को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए। सभी दलों को एकजुट हो कर अमेरिकी राष्ट्रपति के ताजा बयान के चलते चुनाव आयोग के पास एक प्रस्ताव लेकर जाना चाहिए और विधान सभा चुनाव में ईवीएम के बजाय बैलट पेपर से चुनाव की मांग करनी चाहिए। यदि यह संभव न हो और चुनाव आयोग को ईवीएम की गुणवत्ता और उसकी कार्य पद्धति पर पूरा विभास है तो उसे दिग्विजय सिंह के सुझाव पर एक प्रयोग करा लेना चाहिए। इससे भारत जैसे मजबूत लोकतंत्र को और मजबूती भी मिलेगी।

भारतीय राष्ट्रबोध में अंतर्निहित है वसुधैव कुटुम्बकम की भावना : राज्यपाल आरिफ

दबंग हिंद संवाददाता

पटना। भारतीय आध्यात्मिक चिंतन में संपूर्ण चराचर जगत में एकत्व का आदर्श प्रस्तुत किया गया है। हमारी मान्यता है कि एक ही परमात्मा सभी मनुष्यों, मनुष्येतर प्राणियों एवं चराचर जगत में आत्मा के रूप में विद्यमान है। इसलिए हमारी आध्यात्मिकता लोगों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करती है। यह बात बिहार के राज्यपाल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कही। वे जयप्रकाश नारायण अनुषद भवन में प्रो. विजयश्री की स्मृति में 21वाँ प्रो. (डॉ.) विजयश्री स्मृति व्याख्यानमाला में उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। राष्ट्रबोध विषयक यह व्याख्यानमाला भारत विकास विकलांग न्यास के सेवा एवं संस्कार प्रकोष्ठ, पटना तथा दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति सदियों पुरानी है। हमारे सांस्कृतिक राष्ट्रबोध में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना अंतर्निहित है। हम भारत को इसलिए सशक्त बनाना चाहते हैं, ताकि वह आवश्यकता पड़ने पर संसार के कल्याण हेतु अपना योगदान दे सके।

मनवबोध है भारतबोध

इस अवसर पर मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्रो. सुधीर सिंह ने कहा कि भारतबोध मनवबोध है। भारत पूरी दुनिया में धनबल एवं शैन्यबल के कारण नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों के लिए जाना जाता है। हम मानवता आधारित सत्ता के माध्यम से ही वर्ष 2047 में विकसित भारत बना सकेंगे।

पद्मश्री विमल जैन ने की अध्यक्षता

कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यास के महासचिव पद्मश्री विमल जैन ने की

और आशीर्वचन रामकृष्ण मिशन आश्रम, मुजफ्फरपुर के सचिव स्वामी भावात्मानंद ने दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पटना विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह तथा सम्मानित अतिथि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने भी अपने विचार व्यक्त किए।अतिथियों का स्वागत दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ) राजेश कुमार सिंह ने किया। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजेता ने किया। दर्शन परिषद्, बिहार की कोषाध्यक्ष प्रो. वीणा कुमारी ने प्रो. विजयश्री का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर तथा बीएनएमयू के शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान ने भी भाग लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल सह कुलाधिपति श्री आरिफ मोहम्मद खां ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भारत विकास विकलांग न्यास के चेयरमैन देशबंधु गुप्ता, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविन्द्र कुमार, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के. सी. सिन्हा, मगध विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी, बीएचयू के प्रो. डी. एन. तिवारी, पीयू के प्रो. एन. पी. तिवारी, दर्शन परिषद्, बिहार की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह, उपाध्यक्ष द्वय प्रो. अभय कुमार सिंह एवं प्रो. शैलेश कुमार, महासचिव डॉ. श्यामल किशोर, संयुक्त सचिव द्वय प्रो. किस्मत कुमार सिंह एवं डॉ. सुधांशु शेखर, आरएसएस के क्षेत्र कार्यवाह डॉ मोहन सिंह, अभाविप के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 04 मार्च को जिले में विशेष अभियान

बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नाशक दवा

दबंग हिंद संवाददाता

अररिया। अररिया जिले में आगामी 04 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत 01 से 19 साल तक के 18.25 लाख बच्चों को कृमि नाशक दवा दी जाएगी। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है ताकि बच्चों को पेट में होने वाले कृमि से मुक्ति मिल सके। इस अभियान के तहत, 04 मार्च को दवा सेवन से वंचित बच्चों के लिए 07 मार्च को मॉपअप राउंड आयोजित किया जाएगा, ताकि सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा मिल सके। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे

हैं। इसी कड़ी में, जागरूकता फैलाने के लिए ₹सारथी रथ₹ को रवाना किया गया, जिसका उद्घाटन डीआईओ सह एसीएमओ डॉ. मोईज ने किया। सारथी रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में घूमकर लोगों को दवा सेवन के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।

जागरूकता व सामुदायिक भागीदारी से होगी अभियान की सफलता

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मोईज ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पेट में कृमि होने से बच्चों में कुपोषण, एनीमिया, थकान और पढ़ाई में ध्यान की कमी जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। यह अभियान बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत जरूरी है। हर साल दो बार यह विशेष अभियान संचालित किया जाता है और बच्चों को एलबेंडाजोल नामक दवा दी जाती है।

18.25 लाख बच्चों को दवा का सेवन कराने का लक्ष्य

एनडीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शाहीद रेजा ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 18.25 लाख बच्चों को दवा का सेवन कराना है। अररिया, भरगामा, जोकीहाट, नरपतगंज, फारबिसगंज, रानीगंज, कुसार्काटा, पलासी और सिकटी प्रखंडों में बच्चों को दवा दी जाएगी। यह अभियान सुनिश्चित करेगा कि हर बच्चा इस दवा का सेवन करे, ताकि वे कृमि से मुक्त हो सकें।

विधायक के सरकारी आवास पर हुई तोड़फोड़

दबंग हिंद संवाददाता

पटना। बिहार के रूपौली से निर्दलीय विधायक शंकर सिंह के पटना स्थित सरकारी आवास पर गुरुवार रात तोड़फोड़ की घटना हुई। विधायक ने इस घटना के लिए जेडीयू विधायक गोपाल मंडल और पूर्व विधायक बीमा भारती को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। विधायक शंकर सिंह का सरकारी आवास पटना के होर्डिंग रोड पर हज भवन के सामने स्थित है। गुरुवार रात उनके आवास के गेट पर लगी नेम प्लेट को तोड़ दिया गया। इस घटना को लेकर शंकर सिंह ने कहा कि जेडीयू विधायक गोपाल मंडल और पूर्व विधायक बीमा भारती उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। हालांकि, इस तोड़फोड़ की घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

विधायक ने दर्ज कराई शिकायत इस मामले को लेकर शंकर सिंह ने पटना के सचिवालय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। निर्दलीय विधायक शंकर सिंह ने कहा कि, 'यह गोपाल मंडल और बीमा भारती की साजिश है। इससे पहले भी जब रूपौली विधानसभा में एक सड़क का शिलान्यास किया गया था, तब तीन-चार बोर्ड तोड़ दिए गए थे। अब मेरे आवास पर हमला हुआ है। इसके लिए मैं जवाब जरूर दूंगा।'

शिक्षकों का आंदोलन : वेतनमान की मांग को लेकर काला बिल्ला प्रदर्शन

दबंग हिंद संवाददाता

मधेपुरा। वेतनमान की मांग को लेकर संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। 30 वर्षों से बिना वेतन के काम कर रहे शिक्षकों ने इस आंदोलन के तहत काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध जताया। यह विरोध फेक्टनेब के बैनर तले बीएनएमयू के सभी डिग्री कॉलेजों में किया गया, जिसमें शिक्षक और कर्मचारी एकजुट होकर प्रधानाचार्यों को अपनी मांगों का पत्र सौंप रहे हैं। मधेपुरा के पीएस कॉलेज और मधेपुरा कॉलेज में सबसे महत्वपूर्ण प्रदर्शन हुआ, जहां शिक्षकों ने मिलकर काला बिल्ला लगाकर संबंधित प्रधानाचार्य को मांग पत्र सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि पिछले 30 वर्षों में बिहार के शिक्षा तंत्र का अवमूल्यन हुआ है और अब

उनका धैर्य टूट चुका है। शिक्षक और कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, जबकि राज्यभर के 60 प्रतिशत से अधिक छात्र संबद्ध कॉलेजों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अब शिक्षकों ने सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आगामी विधानसभा चुनाव में उनका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। इसके अलावा, संघ के विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि सात साल से लंबित अनुदान की राशि को लेकर भी कई परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं, जिससे गुजारा नहीं हो पा रहा है। 5 मार्च को राज्य के सभी संबद्ध कॉलेजों के कर्मी विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री के नाम कुलपति को मांग पत्र सौंपेंगे। इसके बाद 6 से 19 मार्च तक अपने-अपने क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों का घेराव कर उनसे इस मुद्दे पर सदन में आवाज बुलंद करने की अपील करेंगे।

नियमित वेतन भुगतान की मांग को लेकर शिक्षाकर्मी काला पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया : फैक्टनेब

दबंग हिंद संवाददाता

पटना। वेतन संरचना निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन भुगतान करने, बकाया अनुदान राशि का बजटीय उपबंध कर एकमुश्त भुगतान करने , बिहार सरकार की संकल्प का अनुपालन करते हुए परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि स्नातक स्तर के लिए एक करोड़ पच्चास लाख, एवं इण्टर स्तर के लिए पच्चास लाख की बंधेज को समाप्त कर पूर्ण राशि का भुगतान आदि मांगों को लेकर संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारीयों ने आज शुक्रवार को विधानमंडल सत्र के प्रथम दिन काला दिवस मनाया, जिसके तहत शिक्षाकर्मी काला पट्टी बांध कर अपना कार्य संपादित करते हुए तथा विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजा , जबकि उत्तर पुस्तिका

मूल्यांकन कर रहे शिक्षक काला पट्टी बांध कर मूल्यांकन कार्य संपादित किया। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डॉ शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि आज का आन्दोलन संपूर्ण बिहार में सफल रहा । आन्दोलन की अगली कड़ी में 5 मार्च को राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कुलपति को सौंपेंगे, तत्पश्चात 5 मार्च से 19 मार्च तक सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों, पत्रकारों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं आदि से संपर्क अभियान चलाकर मांगों का समर्थन करने का अपील किया जाएगा। फैक्टनेब नेताओं ने राज्य सरकार को आगाह किया है कि इसके बावजूद हमारी समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो 20 मार्च को विधानमंडल का घेराव करते हुए संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षाकर्मी अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगें ।

जदयू विधायक गोपाल मंडल पर एफआईआर दर्ज

दबंग हिंद संवाददाता

भागलपुर। पुलिस ने जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उन पर आरोप है कि उन्होंने बुधवार को एक स्कूल शिक्षक को घर खाली करने के लिए डराने के लिए उस पर बंदूक तान दी। भागलपुर जिले के बरारी क्षेत्र के सन्हौला प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार कुशवाहा ने शिकायत की कि गोपालपुर विधायक बुधवार को छह अन्य लोगों के साथ उनके घर पहुंचे, अपनी पिस्तौल निकाली और उन्हें डराने के लिए उनके चेहरे पर तान दी।

शिक्षक ने लगाया आरोप

कुशवाह ने कहा कि विधायक ने दावा किया कि यह घर उनके किसी रिश्तेदार का है और उन्होंने मांग की कि वे घर खाली कर दें। यह पहली बार नहीं था जब विधायक शिक्षक के दरवाजे पर पहुंचे। इससे पहले भी विधायक पर बल प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। शिक्षक ने बताया कि 12 फरवरी और 22 फरवरी को विधायक ने मेरे किरायेदारों को घर खाली करने को कहा था। हम पिछले 13 सालों से यहां रह रहे हैं, जब से हमने घर बनाया है। कुशवाह ने कहा कि उन्होंने बताया कि उन्होंने एक दशक से भी ज्यादा समय पहले जमीन का टुकड़ा खरीदा था और पुलिस के साथ कागजात की एक कॉपी भी साझा की थी।

पटना में श्री श्री रविशंकर का महासत्संग होगा

दबंग हिंद संवाददाता

पटना। बिहार में अभी चुनाव को लेकर भले समय हो, पर भाजपा के रणनीतिकार राजनीतिक जमीन तो तैयार कर ही रहे हैं। साथ ही अपरोक्ष रूप से आध्यात्मिक और धार्मिक संसार बसाने में लगे हैं। अभी पटना के गांधी मैदान में पंचम धाम का जग समाप्त ही हुआ था कि अब गांधी मैदान में ही आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी का महासत्संग होने जा रहा है। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की उपस्थिति में आगामी 7 मार्च 2025 को पटना का गांधी मैदान एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। इस दिन वैश्विक मानवतावादी एवं आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के सान्निध्य में एक भव्य महासत्संग का आयोजन होगा। 7 मार्च को आयोजित

राज्य के सांस्कृतिक धरोहर के इस उत्सव में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सहयोग से बिहार के सभी गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं की झांकी के साथ-साथ प्रसिद्ध मैथिली लोकनृत्य 'झिझिया' की भी विश्व रिकॉर्ड प्रस्तुति होगी। इस मौके पर गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों का अनावरण भी करेंगे। बिहार की धरती पहली बार इस गौरवशाली पल का साक्षी बनेगी। पवित्र सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के ये अवशेष तमिलनाडु के अग्निहोत्र ब्राह्मण सीताराम शास्त्री की पीढ़ियों ने संरक्षित किए हैं। कांची के शंकराचार्य ने उन्हें यह निर्देश दिया था कि बेंगलुरु के गुरुदेव श्री श्री रविशंकर इनकी प्रतिस्थापना में सहयोग प्रदान करेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों की 1001 छात्राएं एक साथ मिलकर झिझिया नृत्य का प्रदर्शन करेंगी। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम एक विश्व स्तरीय आयोजन होगा, जिसमें लगभग 25,000 वर्ग फुट के मंच पर बिहार के समृद्ध सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया जाएगा। इस सामूहिक लोकनृत्य का संचालन और समन्वयन बिहार में संगीत और नृत्य को समर्पित प्रसिद्ध संस्था निनाद की ओर से किया जा रहा है। गुरुदेव के इस ऐतिहासिक महासत्संग में जिले के आमजन के अलावा बड़ी संख्या में राजनीति, प्रशासन, तकनीकी, चिकित्सा एवं व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग भी में शामिल होंगे।

नालंदा में 60 बच्चे अंडा खाने से बीमार, दिए गए जांच के आदेश

दबंग हिंद संवाददाता

नालंदा। बिहार के नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के श्रीचंदपुर प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन खाने के 2 घंटा बाद 60 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और अस्वस्थता की शिकायत होने लगी। स्कूल प्रशासन ने तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित किया और बच्चों को त्वरित इलाज के लिए कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने बच्चों का इलाज शुरू किया और बताया कि हालत में सुधार हो रहा है।

विभाग करेगा जांच : स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की। जानकारी मिलने के बाद सदर अस्पताल से एंबुलेंस के साथ एक मेडिकल टीम भेजी गई थी, जिसने स्थिति पर कड़ी नजर रखी। बीपीएम मनीष कुमार ने बताया कि अंडे खाने के कारण कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी, लेकिन 25 बच्चों को घर भेजा जा चुका है, और शेष बच्चों को भी जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

कड़ी कार्रवाई का आश्वासन : घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार ने

बताया कि मामले की जांच की जा रही है और यह देखा जाएगा कि अंडों की गुणवत्ता में कोई गड़बड़ी थी या भोजन तैयार करने में कोई लापरवाही हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

जहां आएंगे बच्चे वहीं बंटेगा एमडीएम : इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने मिड-डे मील योजना की गुणवत्ता पर गंभीर चिंता जताई है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता और स्कूल में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की सख्त निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से यह भी मांग की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए भोजन की नियमित जांच की जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मिल सके। प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और संबंधित अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने और एमडीएम योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकने के लिए कदम उठाने का आदेश दिया है। शिक्षा विभाग ने आश्वासन दिया है कि वे मिड-डे मील के संबंध में निगरानी प्रक्रिया को और कड़ा करेंगे। ध्यान रहे कि स्कूलों में मिड डे मील भोजन के दौरान कई तरह की शिकायतें मिलती रहती है। लेकिन समय पर एक्शन नहीं लेने की वजह से लगातार ऐसी घटनाएं स्कूलों से सामने आती है।

एक नजर

कम्प्यूटेकफेस्ट-2025 प्रतियोगिता के पोस्टर का किया गया विमोचन

दबंग हिंद संवाददाता

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज में आइ.क्यू.ए.सी. के अंतर्गत संचालित यूजीडीसीए, कंप्यूटर सेंटर के तत्वावधान में कम्प्यूटेकफेस्ट-2025 प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव, कार्यकारी प्रिंसिपल प्रो. मिश्री लाल, उप प्राचार्य प्रो. राहुल और प्रो. संगीता जैन, ईक्यएसी की समन्वयक डॉ पारुल जैन, डॉ तरु सिंह, समन्वयक यूजीडीसीए डॉ शान्तनु सौरभ एवं नजम-उज-जमान ने किया। प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव ने कहा कि, वाराणसी मंडल में कम्प्यूटेकफेस्ट-2025 का पहला आयोजन डी.ए.वी. पीजी कॉलेज कर रहा है।जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। मुझे आशा है कम्प्यूटेकफेस्ट-2025 से निकले हुए निष्कर्ष राष्ट्र को विकसित बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा। समन्वयक यूजीडीसीए डॉ शान्तनु सौरभ ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम 10-11 और 12 अप्रैल 2025 को होगा। जिसमें बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड सहित भारत के विभिन्न राज्यों के सैकड़ों प्रतिभागी सहभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि, प्रतियोगिता का आयोजन 3 स्तर पर होगा, जिसमें विजेताओं को टेबलेट, मोबाइल फोन, बाद पैक और अन्य पुरस्कार दिये जायेंगे। इस कार्यक्रम की अन्य जानकारी डीएवी कॉलेज की वेबसाइट https://davpgcvns.ac.in पर भी उपलब्ध है। इस अवसर पर कावेरी शर्मा, रोजीना बानो, संध्या श्रीवास्तव, मोहित सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

सुंदरनाथ धाम मंदिर में चोरी के मोबाइल के साथ छह पॉकेटमारों की गिरफ्तारी

दबंग हिंद संवाददाता

कुसार्काटा। कुंवारी थाना अंतर्गत सुंदरनाथ धाम मंदिर परिसर में पुलिस ने छह पॉकेटमारों को चोरी के मोबाइल के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मो. सानू (19 वर्ष), मो. शहजाद (19 वर्ष), मो. आजाद (23 वर्ष), मो. इम्फराज (21 वर्ष), मो. अख्तर मियां (30 वर्ष) और रजत रॉय (22 वर्ष) शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश नेपाल और भारत के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस द्वारा की गई जांच में पता चला कि ये सभी आरोपी एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के सदस्य थे। यह गिरोह संगठित तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था और चोरी किए गए मोबाइलों को बेचने का काम करता था। इस गिरोह का नेटवर्क सीमा पार से लेकर जोगबनी सीमा क्षेत्र तक फैला हुआ था, जिसमें कई सामाजिक लोग भी शामिल थे। पुलिस ने इन आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस विभाग अब इन आरोपियों के अन्य अपराधों का पदार्फाश करने के लिए प्रयासरत है।

आयोजित हुआ जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला

दबंग हिंद संवाददाता

अररिया। श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार और जिला नियोजनालय, अररिया के तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला संयुक्त श्रम भवन परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी अनिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, सहायक निदेशक नितेश कुमार पाठक, और जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मेले में 17 कंपनियों के स्टॉल और 9 विभागीय स्टॉल लगाए गए थे। 764 बायोडाटा प्राप्त हुए, जिनमें से 303 आवेदकों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। विभागीय स्टॉल द्वारा 360 आवेदकों को सरकारी योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने कुशल युवा कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को सम्मानित किया। नियोजन मेले के सफल आयोजन में जिला कौशल प्रबंधक रविशंकर कुमार और जिला कौशल विशेषज्ञ संतोष कुमार नोनियां का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में जिला नियोजन पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सभी प्रखण्डों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भी उपस्थित थे।

आयोजित होगी राष्ट्रीय संगोष्टी और प्रदर्शनी

दबंग हिंद संवाददाता

अररिया। 3 मार्च 2025 को अररिया के शाही पैलेस एवं होटल इंटरनेशनल, जीरो माईल में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी और प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम एम.एस.एम.ई. (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे सार्वजनिक खरीद नीति, सरकारी ई-मार्केट प्लेस, एक्ट नीति, डिजाइन और पैकेजिंग, और ई-कॉमर्स के महत्व पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संगोष्टी में निर्यात क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया जाएगा, जबकि ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग के विकास के नए अवसरों पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद प्रदीप कुमार सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वह उद्घाटन समारोह में शामिल होकर इस आयोजन को संबोधित करेंगे और एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के विकास के लिए अपना मार्गदर्शन देंगे।

यूपी बीजेपी की सहयोगी पार्टी आएगी बिहार

दबंग हिंद संवाददाता

पटना। बिहार में इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में भाजपा की उत्तर प्रदेश सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) एनडीए शासित राज्य में पैठ बनाने के लिए कमर कस रही है। बिहार में, भाजपा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यूनाइटेड) के अलावा , एनडीए के तीन अन्य घटक हैं - चिराग पासवान के नेतृत्व वाली एलजेपी (आरवी), जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा। बिहार में मुख्यमंत्री पद अपने कनिष्ठ सहयोगी जेडीयू को सौंपने के बावजूद राजग की प्रमुख पार्टी के रूप में भाजपा को बिहार चुनाव के लिए सीट बंटवारे की कवायद में अपने ओबीसी-केंद्रित उत्तर प्रदेश सहयोगी एसबीएसपी से दबाव का सामना करना पड़ सकता है।

हेराफेरी 3 से भी कटा कार्तिक का पत्ता, प्रियदर्शन पहली बार करेंगे किसी सीक्वल का निर्देशन

हिंदी सिनेमा की कॉमेडी फिल्मों में 'हेराफेरी' का अलग ही फैन बेस है। इसमें परेश रावल के निभाए किरदार बाबूराव गणपतराव आप्टे पर जितने मीम्स बने हैं, उतने शायद ही हिंदी सिनेमा के किसी दूसरे किरदार पर बने हों। अगले महीने इस फिल्म की रिलीज के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिन फिल्म 'हेराफेरी 3' को लेकर भी एक बड़ा एलान होने जा रहा है। इस फ्रेंचाइजी की साल 2006 में रिलीज सीक्वल 'फिर हेराफेरी' को नीरज वोरा ने निर्देशित किया था। अब प्रियदर्शन इसकी तीसरी कड़ी निर्देशित करने जा रहे हैं और ये पहली बार होगा जब प्रियदर्शन अपनी ही किसी फिल्म की कोई सीक्वल निर्देशित करेंगे। फिल्म में एक अहम किरदार कार्तिक आर्यन का भी था, और फिल्म में बाबूराव का किरदार करने वाले परेश रावल ने बाकायदा इसकी सोशल मीडिया पर पुष्टि भी की थी, लेकिन अब कार्तिक आर्यन इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। परेश के मुताबिक, फिल्म 'हेराफेरी 3' जब निर्देशक फरहाद सामजी के साथ बन रही थी तो उसमें कार्तिक आर्यन को एक नए किरदार के रूप मे लाया जाना था। किस्सा कुछ यूं बना था कि कुछ लोग उसे राजू समझकर पकड़ लाते हैं। फिर फरहाद सामजी की फिल्म से छुट्टी हुई और प्रियदर्शन आ गए तो फिल्म की कहानी भी बदल गई। फिल्म 'हेराफेरी 3' पहले नीरज वोरा ही निर्देशित कर रहे थे तब फिल्म में अक्षय, परेश रावल और सुनील शेट्टी तीनों थे। लेकिन, जब अक्षय और परेश ने ये फिल्म करने से मना किया तो नीरज वोरा फिल्म में जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और नाना पाटेकर को ले आए थे, लेकिन नीरज के आकस्मिक निधन के बाद से फिल्म लटकी रही।

निर्देशक इंद्र कुमार व अनीस बज्मी के नाम भी फिल्म से जुड़े पर इस साल जाकर ये तय हुआ है कि फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ही करेंगे और फिल्म अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ ही बनेगी। फिल्म 'हेराफेरी' 25 साल पहले रिलीज हुई थी और इसकी सिल्वर जुबली अगले महीने होली के ठीक बाद मनाने की तैयारी है, उसी दिन फिल्म 'हेराफेरी 3' को लेकर एक बड़ा एलान भी होने वाला है।

सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल जीत चुकी हैं उर्वशी रौतेला, मॉडलिंग ने खोला अभिनय का रास्ता

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने अभिनय से ज्यादा अपने ग्लैमर और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। उर्वशी अपना 31वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री अपने बेहतरीन स्टाइल से समय-समय पर फैशन गोल्स भी देती रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई रहती है। हाल ही में अभिनेत्री डाकू महाराज में नजर आई थीं, जिसमें अपने डांस नंबर से अभिनेत्री ने लोगों को दीवाना बना दिया। उर्वशी रौतेला अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में तो बनी ही रहती हैं, लेकिन इसके साथ ही वह अपने फैशन सेंस और पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा बटोरती हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनसे जुड़ी खास बातें।

बॉलीवुड से साउथ तक छाई उर्वशी

25 फरवरी, 1994 को उत्तराखंड में जन्मीं उर्वशी रौतेला अपने परिवार से पहली शख्सियत हैं, जिन्होंने अभिनय की दुनिया और मॉडलिंग के ग्लैमर वर्ल्ड में किस्मत आजमाई। अपनी खूबसूरती और काबिलियत के बल पर देश से लेकर विदेशों तक में अपनी पहचान बनाने वाली उर्वशी रौतेला का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उर्वशी के पिता मानव सिंह बिजनेसमैन हैं। उनकी मां मीरा संस्कृति से कुमाऊंनी और एक सफल उद्यमी हैं। वह एक लग्जरी ब्यूटी सैलून की मालिक हैं।

नेशनल लेवल की बास्केटबॉल प्लेयर रह चुकी हैं उर्वशी

उर्वशी रौतेला अपनी खूबसूरती और कमाल की फिटनेस के लिए तो जानी जाती हैं, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि असल जिंदगी में वह राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। अभिनेत्री ने बास्केटबॉल के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपने राज्य उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है।

पांच डांस फॉर्म में माहिर हैं उर्वशी रौतेला

उर्वशी रौतेला अभिनय के साथ ही बेहतरीन डांसर भी हैं। उनके कातिलाना डांस मूव्स के पीछे की वजह यह है कि वह एक ट्रेंड डांसर हैं। उर्वशी पांच तरह के डांस फॉर्म्स भरतनाट्यम, कथक, जैज, हिप-हॉप और बेली डांस में माहिर हैं। इसके बाद उर्वशी ने अभिनय में भी अपनी किस्मत आजमाई और उन्होंने अपनी काबिलियत के दम पर बॉलीवुड में अच्छा-खासा मुकाम हासिल किया है। साथ ही अब वह साउथ इंडस्ट्री में भी पैर जमा रही हैं।

सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल अपने नाम कर चुकी हैं उर्वशी

उर्वशी रौतेला की खूबसूरती के तो सभी कायल हैं। बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने से पहले उर्वशी दो बड़े खिताब को अपने नाम कर चुकी हैं। वह पहली महिला हैं, जिन्होंने 2012 और 2015 में दो मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज जीता। इसके अलावा साल 2018 में भी उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सरकार और पर्यटन द्वारा ब्रह्मांड में सबसे कम उम्र की सबसे खूबसूरत महिला के रूप में सम्मानित किया गया था। उर्वशी रौतेला सबसे ज्यादा ब्यूटी टाइटल अपने नाम करने वाली महिला में शुमार हैं।



सिनेमाघरों में मलयालम थ्रिलर 'फुटेज' की हिंदी रीमेक रिलीज होगी

फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप मलयालम थ्रिलर फुटेज का हिंदी वर्जन पेश करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में मंजू वारियर मुख्य भूमिका में हैं। कश्यप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी। अनुराग कश्यप ने कहा, मैंने 'फुटेज' का मलयालम संस्करण देखा और यह मेरे दिमाग में बस गया। यह फिल्म पिछले साल केरल में रिलीज हुई थी और इसे काफी सराहना मिली थी। अब इसे पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सैजू श्रीधरन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। श्रीधरन को महेशिंते प्रतिकारम और कुंबलंगी नाइट्स जैसी सफल फिल्मों के लिए जाना जाता है। अनुराग कश्यप ने कहा, मलयालम सिनेमा के युवा फिल्म निर्माताओं को नए अंदाज और तकनीक से कहानियां कहते हुए देखना रोमांचक है। वे रूढ़ियों को तोड़ रहे हैं और नई चीजों को करने की कोशिश कर रहे हैं। इस फिल्म में मंजू वारियर के अलावा विशाक नायर और गायत्री अशोक भी नजर आएंगी। कहानी एक यूट्यूब व्लॉगिंग कपल की है, जो कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपने एक हेल्पर की खोज के लिए निकलते हैं। उनकी खोज उन्हें एक अलग द्वीप और एक रोमांचक सफर पर ले जाती है। मंजू वारियर ने कहा, फाउंड-फुटेज फॉर्मेट ने इस फिल्म को खास बना दिया। पूरी कहानी पात्रों को वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए बताई गई, जिससे यह बेहद रोमांचक अनुभव बन गया। फिल्म के हिंदी संस्करण को फ्लिप फिल्म्स, सिनेपॉलिस के साथ साझेदारी में रिलीज करेगी। अनुराग कश्यप हाल ही में टाइगर्स पॉन्ड फिल्म से भी जुड़े, जो इस साल बर्लिनले फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली पहली कन्नड़ फिल्म बनी। निर्देशक सैजू श्रीधरन ने कहा, हम बहुत खुश हैं कि अनुराग कश्यप और सिनेपॉलिस हमारी फिल्म को हिंदी दर्शकों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। गायत्री अशोक ने कहा कि अनुराग कश्यप के समर्थन से यह फिल्म तकनीकी और सौंदर्य की दृष्टि से शानदार साबित होगी, जबकि विशाक नायर ने इसे पूरी टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पुष्पा 2 के बाद एक नई फिल्म शुरू कर रहे अल्लू

साउथ सुपरस्टार अल्लू कलाकारों की कास्टिंग शुरू कर अर्जुन पुष्पा दे दी है। उन्होंने फिल्म में अहम रूल की सफलता के बाद अब अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। हैदराबाद में फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जोरों पर है और फिल्म को लेकर एक नया और दिलचस्प अपडेट सामने आया है। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने फिल्म के लिए भूमिकाओं के लिए कई एक्टर्स से संपर्क किया है। हालांकि, अभी तक इन कलाकारों के नाम या उनके किरदारों का खुलासा नहीं किया गया है। इसकी आधिकारिक पुष्टि निर्देशक की ओर से आनी बाकी है। पुष्पा 2 की तरह, यह भी एक पैन इंडिया फिल्म होगी। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने फिल्म के लिए कलाकारों की कास्टिंग शुरू कर दी है।

कभी जान्हवी ने उड़ाया था हिमेश रेशमिया का मजाक, सिंगर ने अब किया रिएक्ट

हिमेश रेशमिया की किस्मत के सितारे इन दिनों बुलंदी पर हैं। फिल्म बैडएस रवि कुमार की सफलता को एंजॉय कर रहे हिमेश ने ऐसा भी वक्त देखा है, जब उन्हें खूब ट्रोल किया गया। उनकी आलोचनाएं हुईं और मजाक उड़ाया गया। खुद के बारे में कही गई बातों पर हाल ही में हिमेश ने प्रतिक्रिया दी और बताया कि वे इनसे कैसे निपटते हैं? कुछ वक्त पहले अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सारा अली खान के साथ कॉफी विद करण में शिरकत की थी। इस दौरान जान्हवी ने कहा था कि उन्हें हिमेश के फीड पर जाना और बैकग्राउंड में तंदूरी नाइट्स के साथ उन्हें वर्कआउट करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने उनकी नकल भी की थी। जान्हवी ने हंसते हुए कहा था, यह दुनिया की सबसे अच्छी चीज है। मुझे यह पसंद है।

बहुत पहले छोड़ देता काम करना

हिमेश रेशमिया ने कहा, अगर मुझ पर लोगों की बातों का असर पड़ा होता तो मैं बहुत पहले ही यहां काम करना बंद कर देता। अगर मुझे खुद पर जरा भी शक होता, तो मैं यहां नहीं होता। आपको वही करना चाहिए जो आप कर सकते हैं। भगवान से प्रार्थना करें और अपने रास्ते में आने वाले प्यार को स्वीकार करें। उन्होंने आगे कहा, अक्षय कुमार हमेशा कहते हैं कि हमारे पास ये सभी फॉर्मूले हैं, किसी और की बात सुनो और फिर उसमें सुधार करो। अगर उनके पास एक निश्चित नजरिया है, तो उस पर काम करों और साबित करो।

नजरिए का फर्क है

हिमेश ने आगे कहा, आज मैंने बैडएस रवि कुमार के साथ अपनी मेहनत का फल देखा है। मुझे जो 6 दिखता है, आपको 9 दिखता है, यह नजरिए का फर्क है। किसी की आलोचना का बुरा नहीं मानना चाहिए। जब आशिक बनाया आया, तो बहुत ट्रोलिंग हुई, लेकिन वही लोग क्लबों में नाच रहे थे।

गो गोवा गॉन के सीक्वल का निर्देशन करेंगे कुणाल खेमू

बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कई चीजों पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के निर्देशन को लेकर भी अपनी इच्छा जाहिर की। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह फिल्म गो गोआ गॉन का सीक्वल जरूर निर्देशित करना चाहेंगे।

इस फिल्म में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे। कुणाल खेमू ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। हम हैं राही प्यार के और राजा हिंदुस्तानी जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने के बाद वह बतौर लीड एक्टर कलयुग में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने गो गोआ गॉन, ढोल, गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन जैसी कॉमेडी फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई।

गो गोवा गॉन के सीक्वल का करना चाहते हैं निर्देशन

पिछले साल कुणाल ने डायरेक्टर के रूप में अपनी शुरुआत मडगांव एक्सप्रेस नाम की फिल्म से की थी। इस फिल्म में प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु मुख्य भूमिका में थे। बातचीत के दौरान कुणाल ने कहा, मैंने गो गोआ गॉन में सैफ अली खान के साथ काम किया था और मुझे वह अनुभव बहुत पसंद आया था। अगर मुझे मौका मिला तो मैं इसका सीक्वल जरूर बनाऊंगा। साथ ही, मैं अपनी सास शर्मिला टैगोर के साथ भी फिल्म में काम करना चाहूंगा।

फिल्म के दूसरे भाग को लेकर कही ये बात

गो गोआ गॉन के सीक्वल के बारे में बात करते हुए कुणाल ने कहा, सीक्वल बनाना बहुत डरावना होता है, क्योंकि पहले लोग बिना किसी उम्मीद के आते हैं, लेकिन जब उन्हें फिल्म पसंद आती है तो वे सीक्वल के लिए उम्मीदें लेकर आते हैं। इसलिए हम पहले से ही यह सोचते हैं कि दर्शक क्या सोचेंगे। हालांकि, यह भी बहुत रोमांचक भी होता है, क्योंकि अब हमें दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना होता है। गो गोआ गॉन 2 की घोषणा साल 2018 में की गई थी, लेकिन कुछ वजहों से यह फिल्म अब तक नहीं बन सकी है।

नेहा मलिक ने फैंस को दिया सरप्राइज लॉन्च कर रही हैं पर्सनल एप

अभिनेत्री और मॉडल नेहा मलिक अपना पर्सनल एप लॉन्च करने जा रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। नेहा ने लिखा है, मेरे उन सभी फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज, जो मुझसे सीधे कनेक्ट होना चाहते हैं। नेहा ने लिखा है, मैं अपना पर्सनल एप लॉन्च कर रही हूं। इसके अलावा नेहा ने ईशा गुप्ता के साथ भी तस्वीरें शेयर की हैं और बताया है कि नए वीडियो में दोनों साथ नजर आएंगी। फैंस दोनों को साथ देखने के लिए उत्साहित हैं, फिलहाल ईशा, हनी सिंह के गाने मैनियक में नजर आ रही हैं।

इंग्लैंड को हराकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी दक्षिण अफ्रीका

कराची (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका की टीम शनिवार को यहां होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच मुकाबले में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका टीम का पलड़ा भारी है क्योंकि इंग्लैड की टीम का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह अपने दोनो ही मैच हारी है। पहले मैच में उसे ऑस्ट्रेलिया जबकि दूसरे मैच में अफगानिस्तान ने हराया। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके अधिकतर खिलाड़ी भी लय में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। वहीं दूसरी और इंग्लैंड की बल्लेबाज जो रुट पर ही टिक है। अन्य बल्लेबाज अब तक असफल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक केवल एक मैच ही खेला है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था। इस मैच में उसके बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने शतक लगाया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा, रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्क्रम ने अर्धशतक लगाये, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 315 रन बनाए और इसके बाद अफगानिस्तान को 208 रन पर ही समेट दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ जो बात जा रही है वह ये है कि वह बड़े मुकाबलों में दबाव का सामना करते हुए बिखर जाती है हालांकि आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है पर पिछले एक साल में वह उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी है। दक्षिण अफ्रीका को पिछले 12 एकदिवीसयय मैच में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले पाकिस्तान में खेली गई त्रिकोणीय सीरीज में भी दक्षिण अफ्रीका फाइनल में जगह नहीं बना पायी थी। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में उसको अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी क्योंकि इंग्लैंड की टीम जीत के साथ ही अपने अभियान का समापन करना चाहेगी। पहले ही सेमीफाइनल से बाहर होने के कारण उस

पर किसी भी प्रकार का मनोवैज्ञानिक दबाव भी नहीं रहेगा। उसकी कमजोर कड़ी ये है कि रूट को छोड़कर कोई भी खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ नहीं दिखता है। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में उसे सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम को हार के इस क्रम को तोड़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में रूट ने 120 रन की शानदार पारी खेली थी पर उसके बाद भी अन्य बल्लेबाज लक्ष्य हासिल नहीं कर पाये। वहीं पहले मैच में उसके गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 300 से अधिक बड़े लक्ष्य का बचाव भी नहीं कर पाये।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

इंग्लैंड = जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, रेहान अहमद, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

दक्षिण अफ्रीका = टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्क्रम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेलटन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

चैम्पियंस ट्रॉफी मेरे करियर का अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट होगा: डुसेन

कराची (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने कहा कि कहा है कि चैम्पियंस ट्रॉफी उनके करियर का अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट होगा। डूसने ने ये बात शनिवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाल आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कही है। डुसेन ने कहा, यह निश्चित रूप से एक संभावना है कि यह मेरा आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट हो। मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि या तो में नहीं खेलूंगा या प्रबंधन मुझे नहीं शामिल करेगा। इस क्रिकेटर ने कहा कि उनके लिए अपने देश के लिए खेलना हमेशा उनका सबसे बड़ा लक्ष्य रहा है।

डूसन ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य हमेशा अपनी टीम के लिए खेलना रहा है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं, क्या आप इसके बाद लीग खेलेंगे? मुझे नहीं पता। मुझे नहीं पता कि टीम के लिए नहीं खेलने की संभावना समाप्त हो जाएगी या नहीं हालांकि, मुझमें लीग में खेलने की भूख बनी रहेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य रहा है, इसलिए अगर यह लक्ष्य पूरा नहीं होता है, तो मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगा। अगर मुझे दूसरा अनुबंध दिया जाता है, तो मैं निश्चित रूप से इसे स्वीकार करूंगा और उस अवधि के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। इस खिलाड़ी ने टीम के युवा बल्लेबाजों ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी और मैथ्यू ब्रीट्ज़के की जमकर प्रशंसा की । उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि इतने सारे युवा खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जो वाकई अच्छा खेल रहे हैं। ट्रिस्टन स्टब्स या टोनी डी जोरजी जैसे खिलाड़ी किनारे पर बैठे हैं।

रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में बना सकते हैं एक रिकार्ड

दुबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले अंतिम लीग मैच में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। अभी ये रिकार्ड पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के नाम है।

रोहित अगर आने वाले मैच में 11 छक्के लगाने में कामयाब होते हैं तो वह एकदिवसीय में सबसे तेज 350 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। रोहित ने अब तक एकदिवसीय में 339 छक्के लगाए हैं। अगर वह आने वाले मैच में 11 छक्के लगाने में सफल होते हैं तो वह वनडे में सबसे तेज 350 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। वहीं 13 छक्के लगाने से वह शाहिद अफरीदी (351) को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 632 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

हर्ष दुबे ने रचा इतिहास, रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया

नागपुर (एजेंसी)। हर्ष दुबे (88 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन ने विदर्भ ने शुक्रवार को केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में तीसरे दिन पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल कर ली। हर्ष इसके साथ ही रणजी इतिहास में किसी भी गेंदबाज द्वारा एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रहे।

इस युवा वामहस्त स्पिनर ने इस सत्र में अब तक 69 विकेट चटका कर 2018-19 में बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। केरल के कप्तान सचिन बेबी (98) दो रन से शतक से चूक गये जबकि अनुभवी आदित्य सरवटे ने 185 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेली लेकिन विदर्भ के गेंदबाजों ने धैर्य बनाये रखते हुए केरल की पहली पारी को 342 रन पर समेट दिया।

विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। सरवटे दिन के पहले सत्र में आउट हुए जबकि सलमान निजार (21) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (34) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। दुबे के साथ दर्शन नालकंडे (52 रन पर तीन विकेट) और पार्थ रेखाडे (65 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट

लिए। हर्ष ने सरवटे को पहली स्लिप में कैच करा कर रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अपना 67वां विकेट हासिल किया।

इसके बाद उन्होंने लंच से ठीक पहले निजार को पगबाधा आउट करके बिहार के आशुतोष अमन के एक सत्र में सर्वाधिक 68 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्हें हालांकि अपने तीसरे विकेट के लिए काफी पसीना बहना पड़ा। उन्होंने एमडी निधीश (एक) को पगबाधा कर रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सरवटे ने अपना बल्ला फ्रंटफुट के पास रख रक्षात्मक रवैया अपनाया लेकिन हर्ष की गेंद अतिरिक्त उछाल ली और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक अमन मोखड़े ने आसान कैच पकड़ लिया।

सरवटे ने 185 गेंद की पारी में चौथे विकेट के लिए कप्तान के साथ 63 रन जोड़े। सचिन बेबी ने इसके बाद निजार के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 रन और अजहरुद्दीन के साथ छठे विकेट के लिए 59 रन साझेदारी की लेकिन उनका प्रयास टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। निजार ने अपनी 42 गेंद की पारी में तीन चौके लगाये। उन्हें हर्ष की गेंद पर पगबाधा दिया गया। केरल के खिलाड़ियों ने हालांकि इस फैसले पर निराशा जताई।

निजार ने हर्ष की ऑफस्टंप की बाहर टप्पा खाने वाली गेंद को छोड़ने के लिए बल्ला ऊपर उठा दिया लेकिन गेंद अधिक घुमाव के साथ उनके पैर से टकरा गया। मैदानी अंपायर अनिल चौधरी ने शॉट न खेलने के कारण बल्लेबाज को पगबाधा घोषित कर दिया। निजार ने डीआरसएस लिया लेकिन रीप्ले में भी गेंद विकेटों से टकरते दिखी। अजहरुद्दीन फ्लिक करने का प्रयास किया नलकंडे की गेंद पर पगबाधा हुए।

बून अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड के सदस्य बनेंगे : बेयर्ड

सिडनी ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड बून अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड में शामिल होंगे। बून अभी आईसीसी मैच रेफरी हैं पर वह अपना पद चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद छोड़ देंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार बून मार्च के अंत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड में शामिल होंगे। बून अभी तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और उन्हें सीए के निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह शामिल किया जाएगा। इसी को लेकर सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड कहा, ''बून एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने लंबे अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे जिससे उसे आगे ले जाने में सहायता मिलेग।卐

उन्होंने कहा, ''बून ने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में अपनी भूमिका से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में काफी जानकारी हासिल की है और ये ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। 卐 गौरतलब है कि बून साल 2011 से ह ही आईसीसी मैच रेफरी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 टेस्ट और 181 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें उन्होंने कुल 13,386 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। वह 1987 में विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे। बून चयनसमिति में भी शामिल रहे हैं।

रिजवान बोले, फखर और अयूब के नहीं होने से हारे

रावलपिंडी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम के खराब प्रदर्शन की बात स्वीकार करते हुए कहा कि दो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा है। पाक टीम टूर्नामेंट में अपने दोनो मैच हारकर शुरुआत में ही सेमीफाइल की दौड़ से बाहर हो गयी जिससे कारण टीम की जमकर आलोचना हो रही है। इसी को लेकर अब रिजवान ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि सैम अयूब और फखर जमान जैसे स्टार खिलाड़ियों के नहीं होने से टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी। अयूब और फखर चोटिल होने के कारण पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे। अयूब टखने में चोट की वजह से बाहर हो गए थे। वहीं फखर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में चोटिल हुए थे। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में लीग के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से और दूसरे मैच में भारत से हार का सामना करना पड़ा जबकि उसका बांग्लादेश के खिलाफ तीसरा लीग मुकाबल बारिश के हो रद्द हो गया। रिजवान ने कहा कि हम अपने खराब प्रदर्शन से दुखी हैं क्योंकि हमने अपने प्रशंसकों की उम्मीदें तोड़ी हैं। हम मानते हैं कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया पर वादा करते हैं कि हम और कड़ी मेहनत कर विश्वस्तर पर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा अयूब और फखर के नहीं होने से टीम का संतुलन खराब हो गया। दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे जिससे टीम संतुलित थी पर इनके बाहर होने से हालात विपरीत हो गये।

बदतमीजी मेरे से... वसीम अकरम ने माना- पाक टीम का कोच बनने पर झेलनी पड़ती है जिल्लत

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज और पूर्व कप्तान वसीम अकरम का मानना है पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कोच बनना किसी चुनौती से कम नहीं है। अकरम को अक्सर क्रिकेट शो के दौरान पाकिस्तानी टीम की खामियों पर बात करते हुए देखा जाता रहा है। सोशल मीडिया पर कई फैंस उन्हें कोच बनने का ऑफर भी करते रहे हैं, लेकिन वसीम हर बार गोलमोल जवाब देकर बात को टाल जाते थे। लेकिन इस बार वसीम अकरम ने इस पर खुलकर बात की। उन्होंने ड्रेसिंग रूम शो में एक प्रशंसक के सवाल का जवाब देते हुए साफ तौर पर कहा कि वह प्रशंसकों द्वारा किए गए खराब व्यवहार को बर्दाश्त नहीं कर सकते, जिसका सामना वकार यूनिस सहित उनके पूर्व साथियों ने अपने मुख्य कोच रहने के दौरान किया था। इसी कारण वह कभी पाकिस्तान का कोच बनने की नहीं सोचते।

वसीम अकरम ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो ऐसे बहुत सारे लोग है जो अभी भी बातों बातों में मेरी आलोचना करते हैं। कहते हैं कि इससे जितनी मर्जी बात करा लो खुद कुछ करता नहीं है। जब मैं वकार (यूनिस) सहित पाकिस्तानी कोचों को देखता हूं, जो कई बार कोच रह चुके हैं। और मैं उनके साथ हुआ हाल देखता हूं कि आप (क्रिकेटर) लोग किस तरह बदतमीजी करते हैं अपने कोचों से। यह बदतमीजी मेरे से बर्दाश्त नहीं होगी। वनडे में 500 विकेट लेने वाले अकरम ने कहा कि वह टीम के लिए जरूरत पड़ने पर मुफ्त में भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान क्रिकेट की मदद करना चाहता हूं। आपको मुझे भुगतान क्यों करना होगा? मैं निःशुल्क उपलब्ध हूं। जब भी आप मुझे शिविर के लिए बुलाओगे, मैं आऊंगा। अगर आप मुझे किसी टूर्नामेंट में शामिल करेंगे तो मैं खिलाड़ियों के साथ समय बिताऊंगा। लेकिन मैं 58 साल का हूं। मेरा एक परिवार है, एक 10 साल की बेटी। मेरे दो लड़के हैं। मैं उनके साथ समय बिताना चाहता हूं। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, जब भी मेरे पास समय होता है, मैं बच्चों के लिए शिविर आयोजित करने के लिए हमेशा उपलब्ध रहता हूं, यहां तक निःशुल्क भी। मैं चला जाऊंगा, पाकिस्तान टीम का कोई टूर्नामेंट आ रहा है, उनका कैंप लगता है, मैं आ जाऊंगा। ये मैं कर सकता हूं लेकिन ऐसी बेइज्जती नहीं करा सकता इस उमर में।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले खिलाड़ियों को अभ्यास का अवसर देगा बीसीसीआई !

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम को इस दौर पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज की तैयारी का अवसर भारतीय बोर्ड बीसीसीआई आईपीएल के दौरान देगा। अभी भारतीय टीम दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खेल रही है। इसके बाद वह आईपीएल खेलेगी। इस साल की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने सफेद गेंद वाली क्रिकेट खेली है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई आईपीएल सत्र के दौरान खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट, लाल गेंद के प्रारूप से जुड़े रहने के लिए एक योजना पर काम कर रहा है। ऐसी संभावना है कि खिलाड़ियों को लाल गेंद के अभ्यास सत्र में भाग लेने के लिए भी कहा जा सकता है, क्योंकि इंग्लैंड का दौरा अहम है। वहीं जो टीमें आईपीएल में आगे नहीं जाएंगी उनमें शामिल टेस्ट खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए कहा जाएगा। आईपीएल 22 मार्च से 25 मई तक चलेगा। इसके करीब 25 दिन बाद से भारतीय टीम को इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

डब्ल्यूपीएल : गार्डनर के अर्धशतक से गुजरात जायंट्स ने आरसीबी को हराया

बेंगलुरु (एजेंसी)। कप्तान एश्ले गार्डनर के शानदार अर्धशतक से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीतकर गुजरात ने आरसीबी को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आरसीबी ने 7 विकेट पर 125 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को गुजरात ने 17 ओवरों में ही 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

गुजरात की ओर से गार्डनर ने 58 जबकि लिचफील्ड ने 30 रन बनाए। आरसीबी की ओर से रेणुका ठाकुर और जॉर्जिया वेयरहम ने दो-दो विकेट लिए। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी

करते हुए आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 25 रनों पर ही 3 विकेट खो दिए। कप्तान स्मृति मंधाना भी 10 रन ही बना पायीं। वहीं डैनी व्याट केवल 4 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयीं। एलिस पेरी भी शून्य पर ही आउट हो गयीं। इसके बाद राघवी बिष्ट ने 22 और कनिका अहुजा ने 33 रन बनाकर स्कोर 70 रनों के ऊपर पहुंचाया। ऋचा घोष ने 9 रन बनाये। जॉर्जिया वेयरहम ने 20 और किम गार्थ ने 14 रन बनाकर स्कोर किसी प्रकार 125 रनों तक पहुंचाया। वहीं गुजरात की ओर से डिएंड्रा डॉटिन और तनुजा कंवर ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया। एश्ले गार्डनर और काशवी गौतम को 1-1 विकेट मिला।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजराज ने 17वें ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। उसने 66 रनों पर ही तीन विकेट हो दिये। बेथ मूनी 17, दयालन हेमलता 11 और हरलीन देओल 5 रन बनाकर पेवेलियन लौटीं। इसके बाद गार्डनर ने फिर फीब लिचफील्ड के साथ पारी संभाली और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाय। गार्डनर और लिचफील्ड के बीच 51 रन की साझेदारी हुई। गुजरात को इस सत्र में अपनी दूसरी जीत मिली है। इस प्रकार टीम चार अंक लेकर तालिका में 5वें नंबर पर है।

पाक सरकार टीम की हार के कारण पता लगाएगी : सनाउल्लाह

लाहौर ।आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम के बाहर होने से देश भर में निराशा और गुस्से का माहौल है। इसी को देखते हुए प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार, राणा सनाउल्लाह ने सरकार इस बार का पता लगायेगी कि टीम शुरुआत में ही कैसे बाहर हो गयी। सनाउल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर ध्यान देंगे। इस मामले को संसद में भी उठाया जाएगा। सनाउल्लाह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एक स्वतंत्र निकाय है और अपने फैसले स्वयं ले सकता है, वह व्यक्तिगत रूप से प्रधान मंत्री शहबाज से इस मुद्दे को कैबिनेट और संसद में उठाने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल चेयरमैन की नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है। वहीं पीसीबी अधिकारियों के वेतन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उच्च पदस्थ अधिकारियों को प्रति माह 5 मिलियन रुपये तक दिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से अनजान हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों को पूरा किए बिना ही पैसे दिये जा रहे हैं। सनाउल्लाह ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए पर टीम अपमानजनक तरीके से बाहर हो गयी। मुझे इस बात का बहुत दुख है। हमारे देश में ही दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम केवल देखेंगे। साथ ही कहा कि जितना ध्यान स्टेडियम बनाने में लगाया उतना टीम पर लगाया होता तो ये हालत नहीं होती।

शुभमन गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है : शिखर धवन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को लगता है कि शानदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है। यह युवा खिलाड़ी मौजूदा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में है। गिल ने शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद शतक के साथ की जबकि कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 46 रनों की पारी खेली। दो मैचों में 147 रन के साथ वह विराट कोहली (122 रन) से आगे हैं और भारत के शीर्ष स्कोरर हैं।

धवन ने कहा, 'मुझे शुभमन गिल की बल्लेबाजी बहुत पसंद है, यह बहुत ही उत्तम दर्जे की है और उनकी बल्लेबाजी में लालित्य है। और उनमें निरंतरता है; यह देखकर अच्छा लगता है कि उनमें इतना पेशेवरपन है। युवा लड़के हैं, वे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाना जानते हैं और लगातार रन बना रहे हैं। रोहित को युवाओं के साथ खेलना अच्छा लगता है और वह अपने कई सालों के अनुभव को उनके साथ साझा करते होंगे। मुझे यकीन है कि वह उनकी पीठ थपथपाते होंगे और उन्हें बताते होंगे कि किसी भी परिस्थिति में कैसे खेलना है। ये छोटी-छोटी बातें बहुत महत्वपूर्ण हैं।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी के बावजूद धवन ने कहा कि उनकी कमी खलेगी, लेकिन उन्होंने कहा कि हर्षित राणा के लिए वनडे टीम में अपनी जगह पक्की करने का यह एक बड़ा मौका है। राणा ने टूर्नामेंट में अब तक चार विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा, 'जसप्रीत बुमराह एक बहुत बड़ा नाम है, एक बहुत बड़ा गेंदबाज है। वह वहां लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बेशक, उसकी मौजूदगी की बहुत कमी खल रही थी। कोई कुछ कहे या न कहे, मुझे 100त्न लगता है कि उसकी मौजूदगी बहुत महत्वपूर्ण है। हर्षित राणा के लिए यह एक बहुत अच्छा मंच है। उसके पास जुनून और आक्रामकता है, और मुझे उसका विकेट लेने का तरीका पसंद है। उसके लिए यह एक शानदार मौका है, रोहित और विराट का मार्गदर्शन भी है। उसे उनसे सीखना चाहिए और इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।'

पत्थरबाजी के झूठे आरोप में फंसी फरहाना, 87 दिन बाद जेल से रिहा

संभल। 26 नवंबर को संभल हिंसा के दौरान पत्थरबाजी के आरोप में गिरफ्तार की गई 48 वर्षीय फरहाना को 87 दिनों बाद जेल से रिहा कर दिया गया। जांच में पाया गया कि फरहाना का वजन 120 किलोग्राम है, जिससे वह छत पर चढ़कर पत्थर फेंकने में सक्षम नहीं थी। पुलिस ने फरहाना पर दंगा, हत्या के प्रयास, सार्वजनिक सेवक पर हमले जैसी कई गंभीर धाराएं लगाई थीं। लेकिन स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की जांच में सामने आया कि सोशल मीडिया पर दिखी महिला की बनावट फरहाना से मेल नहीं खाती थी। जांच के दौरान यह भी पता चला कि फरहाना की पड़ोसी जिकरा से पुरानी दुश्मनी थी, जिसने उसे झूठे आरोप में फंसाया। जिकरा ने अपनी बहन को बचाने के लिए फरहाना का नाम लिया था। फरहाना की रिहाई के बाद उसके परिवार ने राहत की सांस ली, लेकिन जेल में बिताए गए समय की यादें उसे अब भी परेशान कर रही हैं। इस मामले में एसआईटी ने निष्पक्ष जांच का दावा किया है और झूठे बयान देने वाली जिकरा के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। यहां बताते चलें कि संभल हिंसा में कुल 26 गिरफ्तारियां हुई थीं, जिनमें से 25 पर आरोप तय हुए, लेकिन फरहाना के खिलाफ कोई सबूत न मिलने पर उसे रिहा कर दिया गया।

माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए खुशखबरी : वंदे भारत चलेगी 7 मार्च से

जम्मू। दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, जो जम्मू रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण कार्यों के चलते अस्थायी रूप से बंद थी, अब 7 मार्च से फिर से शुरू होने जा रही है। यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन जम्मू रेलवे स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दी गई थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, 6 मार्च तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 7 मार्च से वंदे भारत एक्सप्रेस फिर से अपनी सेवाएं बहाल करेगी।

रेलवे ने दी यात्रियों को सलाह- रेलवे प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस सूचना का ध्यान रखना चाहिए। यदि किसी यात्री को अधिक जानकारी चाहिए या अन्य ट्रेनों के शेड्यूल के बारे में जानना हो, तो वे रेलवे स्टेशन या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

अब यात्रा होगी आसान- वंदे भारत एक्सप्रेस के फिर से शुरू होने से माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा पहले की तरह तेज और सुविधाजनक हो जाएगी।

संभल में शाही जामा मस्जिद में नहीं होगी रंगाई-पुताई

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में विवादित धर्मस्थल शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई नहीं होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला दिया है। एएसआई की टीम को केवल सर्वेक्षण और सफाई करने की अनुमति दी गई है। कोर्ट के निर्देश पर 3 सदस्यीय टीम मस्जिद के सर्वे के लिए पहुंची थी, सर्वे टीम ने यहां अपनी रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट के आधार पर हाई कोर्ट ने रंगाई-पुताई नहीं करने का फैसला दिया है। दरअसल, संभल मस्जिद समिति की ओर से इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक सिविल रिवीजन याचिका दाखिल हुई थी। इसमें मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी से साफ तौर पर कहा कि वे इस समय केवल सफाई कार्य करवा सकते हैं। एएसआई ने कोर्ट को अपनी जॉइंट इंस्ट्रक्शन रिपोर्ट सौंप कर बताया कि मस्जिद की वर्तमान स्थिति में किसी भी तरह की रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद में कोई ऐसी संरचनात्मक समस्या नहीं है, जिसके लिए मरम्मत या फिर रंगाई करने की आवश्यकता हो।

दिल्ली पुलिस ने निजामुद्दीन इलाके से एक संदिग्ध आतंकवादी परवेज को उठाया

नई दिल्ली। कश्मीर और दिल्ली पुलिस ने निजामुद्दीन इलाके में स्थित फजार रेजीडेंसी और गेस्ट हाउस से एक संदिग्ध आतंकवादी परवेज अहमद खान को गिरफ्तार किया। फजर रेजीडेंसी के मैनेजर मोहम्मद शमी ने बताया कि एक रात पहले कश्मीर और दिल्ली पुलिस आई थी। हमारे एक कमरे में दो मेहमान ठहरे थे, एक का नाम परवेज और दूसरे का नाम फारुक था। पुलिस ने परवेज को होटल के बाहर से उठाया। फजर रेजीडेंसी के मैनेजर ने दावा किया कि ये दोनों कश्मीर से हैं। परवेज ने बताया था कि वह घूमने के लिए दिल्ली आये थे। 12 फरवरी की रात करीब 11 बजे परवेज आया। उसका दोस्त फारुक अभी भी हमारे कमरे में रहता है। हमें नहीं पता कि वह 12वीं से 26वीं तारीख तक कहां गए। हमें नहीं पता कि वह कहां जाता था और क्या करता था। हमारे गेस्ट हाउस में भी कोई उनसे मिलने नहीं आया। अगर कोई आता है तब उसके लिए हमारे पास विजिटर एंट्री होती है। परवेज़ के एक कारोबारी दोस्त मोहम्मद फारुक ने कहा कि मैं परवेज को 5-6 साल से जानता हूँ, मेरा उससे आर्थिक लेन-देन है। हमारा शॉल का कारोबार है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस आई तब मुझे और परवेज़ को थाने ले गई, हम दोनों से पूछताछ की गई, पूछताछ के बाद कश्मीर पुलिस परवेज को ले गई और मुझे छोड़ दिया। मुझे कभी नहीं लगा कि वह किसी आतंकवादी गतिविधि में शामिल था।

गडचिरौली में 18 लाख के इनामी दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गडचिरौली। महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गडचिरौली जिले में 18 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। आत्मसमर्पण करने वालों में भामरागढ़ स्थानीय संगठन दस्ते (एलओएस) की डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) कांता उर्फ कंटक्का उर्फ मंडी गालू पल्लो (56) और सुरेश उर्फ वारलू इरपा मज्जी (30) शामिल हैं।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्या नीतीश कुमार डरे?

अपने काम गिनाने के साथ बार-बार याद दिला रहे लालू का जंगल राज

पटना (एजेंसी)। इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी बिसात बिछ चुकी है। सत्तारूढ़ गठबंधन को एक बार फिर अपने किए गए के कामों पर ही ज्यादा भरोसा है। लालू यादव के राज को जिस तरह जंगल राज का नाम दिया गया है उसे निशाने पर रखकर पिछले कई चुनाव एनडीए जीत चुका है। एक बार फिर उसी को भुनाने की तैयारी है। अब देखना है कि ये कहां तक सही साबित होती है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी हफ्ते भागलपुर में एक सभा में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के शासनकाल को 'जंगल राज' बताते हुए हमला किया था। नीतीश कुमार तो हर मंच पर जंगल राज को याद कराते रहते हैं। पीएम मोदी के साथ सभा में उपस्थित नीतीश कुमार ने कहा था कि मुझे उम्मीद है कि आपको याद होगा कि जब हम बिहार 2005 में सत्ता में आए थे, तब क्या स्थिति थी। सूर्यास्त के बाद कोई भी घर से बाहर नहीं निकलता था। जाहिर है कि एनडीए एक बार फिर जंगल राज को फिर से मुद्दा बनाकर जनता के डर को भुनाना चाहती है लेकिन क्या 20 साल बाद भी आम लोग लालू के कार्यकाल की गलतियों को आधार बनाकर वोटिंग करेंगे?

क्या एनडीए सरकार के पास अपनी उपलब्धियां कम हैं जो उसे एक बार फिर नकारात्मक कैंपेन जो 20 साल पहले की बात है उस पर भरोसा करना पड़ रहा है? आखिर 20 सालों से प्रदेश के सीएम नीतीश कुमार सत्ता में हैं। क्या इतना समय जनता के बीच बताने के लिए काफी नहीं होता है? फिर अब तो बीजेपी भी साथ में हैं। केंद्र सरकार के साथ मिलकर बिहार में डबल इंजन की सरकार चल रही है। राज्य सरकार में दो-डिप्टी सीएम बीजेपी के ही हैं, फिर आखिरकार लालू राज का नाम क्यों लिया जा रहा है? आखिर बीजेपी ने ये देख लिया है कि अब नेगेटिव कैंपेन का असर जनता पर नहीं हो रहा है।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीतने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही रहा है। बीजेपी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में ध्रुवीकरण की राजनीति के बजाय एक सूत्रीय विकास की बातें की थी, जिसका असर हुआ और लोगों ने बीजेपी को आम आदमी पार्टी के मुकाबले तरजीह दी और बीजेपी को जीत हासिल हुई। ऐसा भी नहीं है कि नीतीश के नाम उपलब्धियां नहीं हैं। नीतीश सरकार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था आज भी पहले की तुलना में बेहतर है। यही कारण है कि कभी बिहार से बड़े डॉक्टर्स ने पलायन कर दिया था। आज मेदान्ता और पारस जैसे बड़े हॉस्पिटल ग्रुप बिहार पहुंच रहे हैं। बिहार में विदेशी सैलानियों की बढ़ती संख्या बताती है कि बिहार में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। 2023 की तुलना में 2024 में करीब 2 लाख विदेशी पर्यटक बिहार पहुंचे। बिहार में विदेश निवेश में भी

लगातार बढ रहा है। पावर सप्लाई भी पिछले कुछ सालों में बहुत बेहतर हुई है।

सात महीनों के अंतराल में आए दो केंद्रीय बजटों में बिहार के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश की झड़ी लगा दी है, जिसमें राजमार्ग, हवाई अड्डे, बाढ़ नियंत्रण और पर्यटन विकास जैसी योजनाएं शामिल हैं। हालांकि विपक्ष बार-बार नीतीश सरकार पर विशेष राज्य की मांग पूरी न करा पाने के लिए दबाव डालता रहता है।

जेपी नड्डा ओडिशा दौरे पर, एनएचएम कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

भुवनेश्वर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा अपने दो दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचे हैं। इस दौरान वह पुरी में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक विशेष कार्यक्रम में आज शामिल होंगे। जेपी नड्डा जब भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, तो मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

पुरी में होगा राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन

भाजपा प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष बिरंची नारायण त्रिपाठी ने बताया कि नड्डा पहले कोणार्क रवाना हुए, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। कार्यक्रम के अनुसार, वह शुक्रवार को पुरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित नौवें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वह 16वें 'कॉमन रिव्यू मिशन' की रिपोर्ट का भी अनावरण करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और बेहतर बनाना है।

एनएसए डोभाल को लेकर खालिस्तानी आंतकी पन्नू के वकीलों के दावे निकले फर्जी

नई दिल्ली (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकियों में हताशा कितने ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है, इसका एक और नमूना हाल में सामने आया है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के वकीलों ने फर्जी दावा किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को अमेरिका दौरे के दौरान समन दिया था। लेकिन सच यह हैं कि आंतकी पन्नू और वकीलों को पता नहीं कि प्रधानमंत्री के साथ एनएसए की यात्रा हो, तब उन्हें किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से छूट मिले है।

मोदी सरकार के सूत्रों ने बताया कि एनएसए डोभाल को प्रधानमंत्री मोदी के साथ यात्रा करते समय समन से छूट मिली है। मतलब साफ है, डोभाल पर कोई समन नहीं थोपा जा सकता जब वे प्रधानमंत्री के साथ हों। सूत्रों ने कहा कि अमेरिका ने यात्रा से पहले ही उनकी इम्यूनिटी की पुष्टि की गई थी। वकीलों के दावे को खालिस्तानी आतंकियों की हताशा भरी हरकत बताया जा रहा है।

13 फरवरी को पीएम और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच हुई शिखर बैठक में दोनों पक्षों ने सिख आतंकी ढांचे के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया। यानी, दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। इसके बाद पन्नू के वकीलों का दावा थोड़ा अजीब लगता है। पन्नू के वकीलों की ओर से दावा किया गया, भारत सरकार द्वारा न्यूयॉर्क में सिख कार्यकर्ता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के नवीनतम घटनाक्रम में, संघीय अदालत में दायर दस्तावेजों से पता चलता है कि पन्नू ने अपने मुकदमे की एक प्रति भारत की शीर्ष खुफिया एजेंसी के प्रमुख और डोभाल को उनकी हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने के लिए अमेरिका की यात्रा के दौरान दी थी... यदि सेवा पूरी हो जाती है, तब डोभाल के पास सेवा से 21 दिनों के भीतर सिविल सूट में पन्नू की शिकायत का जवाब देने होगा। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा था, जैसा कि हमने पहले कहा है, ये पूरी तरह से अनुचित और निराधार आरोप हैं। अब जबकि यह विशेष मामला दर्ज किया गया है, इससे अंतर्निहित स्थिति के बारे में हमारे विचार नहीं बदलते... डोभाल ने रक्षा उद्योग और नागरिक उच्च तकनीक और दूरसंचार क्षेत्रों में सहयोग के लिए आईसीईटी ढांचे को एक साथ रखने में अपने पूर्व अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

15 मार्च तक बीजेपी को मिल जाएगा जेपी नडडा का उत्तराधिकारी

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने शानदार जीत हासिल की है। अब हर किसी के मन में बस एक ही सवाल है कि बीजेपी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को लेकर संशय बना हुआ है। लेकिन इस बीच एक बड़ी खबर आई है कि अध्यक्ष का नाम 15 मार्च से पहले घोषित हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक ऐलान अगले दो हफ्ते के अंदर हो सकता है। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव 12 राज्यों में पूरे हो चुके हैं और बताया जा रहा है कि अध्यक्ष का नाम 15 मार्च से पहले घोषित किया जा सकता है। उसके बाद हिन्दू कैलेंडर के अनुसार अशुभ अवधि शुरू होती है।

बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के लिए करीब आधे राज्यों में संगठनात्मक चुनाव होना जरूरी है। इसके पहले, बूथ, मंडल और जिला स्तर पर चुनाव होते हैं। अभी 36 राज्यों में से सिर्फ 12 में ही चुनाव पूरे हुए हैं। इसलिए करीब 6 और राज्यों में चुनाव कराने की जरूरत है। बीजेपी उन राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें तमिलनाडु, बंगाल, असम और गुजरात शामिल है। बिहार में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं।

बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार का चयन कई बातों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। सबसे जरूरी है कि उम्मीदवार को सभी का समर्थन हासिल हो, इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी शामिल है। साथ ही उम्मीदवार को संगठनात्मक मूल्यों से ओतप्रोत होना चाहिए। पार्टी जातिगत समीकरण, उत्तर-दक्षिण भाषा विवाद, परिसीमन और सबसे महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में अपने जनाधार को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी को झटका लगा था, जिससे उसे सदन में पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका था। जेपी नड्डा ने 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पार्टी की जिम्मेदारी संभाली थी। जनवरी 2020 में, उन्हें सर्वसम्मति से बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और उन्होंने वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पदभार ग्रहण किया। लोकसभा चुनाव को देखकर उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। मोदी सरकार में शामिल होने के साथ, पार्टी उनके उत्तराधिकारी के लिए संभावित उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। लेकिन यह प्रक्रिया धीमी रही है, क्योंकि नेता इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। कई नामों पर चर्चा हो रही है, लेकिन पार्टी किसी भी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रही है।

असम में कांग्रेस की बैठक, आगामी चुनाव में बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस को अगले साल होने वाले असेंबली चुनावों को लेकर जिन दो राज्यों से उम्मीद हैं, उनमें असम और केरल प्रमुख है। इन राज्यों में सत्ता वापसी की बात हो रही है। असम चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के नए मुख्यालय में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश नेताओं से गुरुवार को बैठक की, जिसमें कई पहलुओं पर चर्चा की गई। असम नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर असम के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र बोरा, लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, सांसद रकीबुल हुसैन, सीएलपी लीडर देवब्रत सैकिया, प्रदेश के सीनियर लीडर प्रदीप बारदोलोई समेत कई लोग शामिल थे।

बैठक के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के नेतृत्व में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुआ। असम ने भ्रष्टाचार और नफरत की राजनीति को हटाने और कांग्रेस के साथ मोहब्बत और प्रगति की राजनीति को गले लगाने का मन बना लिया है।

वही बैठक खत्म होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार बोरा ने कहा कि असम से जुड़े अहम मुद्दों और रणनीति को लेकर शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की, जहां असम के सीनियर नेता और तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने एकसुर से संकल्प लिया कि हम एकजुट होकर आने वाले चुनाव में असम से बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। बोरा ने सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरमा देश के सबसे भ्रष्ट सीएम हैं और हमने उनके भ्रष्टाचार से जुड़े तमाम सबूत अपने शीर्ष नेतृत्व के सामने रख दिए हैं।

हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर में भारी बर्फबारी, जनजीवन प्रभावित

- सड़कों पर बर्फ जमा होने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित

- कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क कटा

- गंगोत्री में 4 फीट तक बर्फ, स्कूलों में छुट्टी

नई दिल्ली/ शिमला/ देहरादून/ श्रीनगर (एजेंसी)। उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी और बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कश्मीर के कई इलाकों में बीते तीन दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे कई सड़कें बंद हो गई हैं और स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा (भरमौर-पांगी) और किन्नौर जिले में भारी बर्फबारी के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़कों पर बर्फ जमा होने के कारण वाहनों की आवाजाही संभव नहीं है, जिससे कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क कट गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ठंड बढ़ने और बर्फबारी जारी रहने की संभावना जताई है। प्रशासन ने जरूरी सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं और लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

उत्तराखंड में भी मौसम का कहर जारी है। खासतौर पर गंगोत्री और यमुनोत्री क्षेत्र में 4 फीट तक बर्फबारी दर्ज की गई है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान माइनस डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पहाड़ों में रहने वाले लोगों को खाद्य सामग्री और ईंधन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम में भी भारी बर्फबारी हो रही है। कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 बंद हो गया है, जिससे जम्मू से श्रीनगर का संपर्क टूट गया है। श्रीनगर और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम और बिजली कटौती जैसी समस्याएं सामने आई हैं।

हालांकि, बर्फबारी के चलते पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। शिमला, मनाली, मसूरी और गुलमर्ग में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। प्रशासन ने पर्यटकों से सतर्क रहने और मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर यात्रा करने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों तक हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। साथ ही मैदानी इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है। प्रशासन ने सभी जरूरी सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा है और बचाव दल तैनात किए गए हैं। जनता से अपील है कि मौसम को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन की सलाह का पालन करें।

मैं हिंदू हूं, इसलिए शिवरात्रि कार्यक्रम में गया: डीके शिवकुमार

- अमित शाह की मौजूदगी से शुरू हुआ था विवाद

- कर्नाटक कांग्रेस में गहराये मतभेद

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और डिप्टी मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और पार्टी के अन्य नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं। हाल ही में शिवकुमार के ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि कार्यक्रम में जाने को लेकर कांग्रेस में अंदरूनी बहस छिड़ गई है।

गौरतलब है की 26 फरवरी को कोयंबटूर में ईशा फाउंडेशन की ओर से महाशिवरात्रि समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए थे। शिवकुमार की इस कार्यक्रम में उपस्थिति पर, ढ्ढष्ट्ठ के सचिव पीवी मोहन ने सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, शिवकुमार उस व्यक्ति के निमंत्रण पर गए, जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाता है। उनका इशारा

ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की ओर था।

इस आलोचना का जवाब देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, मैं एक हिंदू हूं। मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ और हिंदू के रूप में मरूंगा, लेकिन मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि वे महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा करने के लिए इस कार्यक्रम में गए थे, राजनीति करने के लिए नहीं। इस मुद्दे ने कांग्रेस पार्टी के अंदर मौजूद विभाजन को उजागर कर दिया है। कुछ नेता शिवकुमार के इस कदम को निजी आस्था का मामला बता रहे हैं, जबकि कुछ इसे पार्टी लाइन के खिलाफ मान रहे हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई पहले भी हिंदुत्व से जुड़े मुद्दों पर दो गुटों में बंटी रही है।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर खींचतान की खबरें आती रही हैं। शिवकुमार के इस बयान के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि वे राज्य में हिंदू वोट बैंक को मजबूत करने की रणनीति बना रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद जल्द थमने वाला नहीं है। कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद राज्य में सत्ता संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले दिनों में पार्टी आलाकमान इस मुद्दे पर डीके शिवकुमार और अन्य नेताओं को तलब कर सकता है।

भाजपा ने साधा निशाना

शिवकुमार के बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हिंदू आस्था का अपमान करती है और उनके ही नेताओं को कटघरे में खड़ा करती है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि कांग्रेस के अंदर हिंदू विरोधी मानसिकता हावी है।

कई कठिनाईयों से जूझने के बाद भारतीय स्किल वर्कर्स को मिलता है अमेरिकी वीजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए अंग्रेजी दक्षता परीक्षा एक बड़ी चुनौती बन रही है। हाल ही में एक नए सर्वे में बताया गया कि कई भारतीय टेस्ट देने वालों को डर लगता है कि उनके स्कोर उनकी स्किल के बजाय एक्सेंट (भाषा बोलने का तरीका), रंग और यहां तक कि कपड़े पहनने के तरीकों जैसे फैक्टर्स से प्रभावित हो सकते हैं।

भारतीय स्किल प्रोफेशनल्स के लिए अमेरिका हमेशा से पसंदीदा देश रहा है। 2023 में एच-1बी वीजा के अकेले 72 प्रतिशत भारतीयों को दिए गए। एच-1बी वीजा मिलन से करियर में ग्रोथ का गोल्डन टिकट तो मिल जाता है, लेकिन इस वीजा को पाना आसान नहीं होता है। भारतीय स्किल वर्कर्स को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक अंग्रेजी दक्षता परीक्षा है। वैसे यूएससीआईएस की तरफ से एच-1बी वीजा देने के लिए कोई टेस्ट स्कोर नहीं मांगा जाता है।अमेरिका में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए अंग्रेजी दक्षता परीक्षा एक बड़ी चुनौती बन रही है। हाल ही में एक नए सर्वे में बताया गया कि कई भारतीय टेस्ट देने वालों को डर लगता है कि उनके स्कोर उनकी स्किल के बजाय एक्सेंट (भाषा बोलने का तरीका), रंग और यहां तक कि कपड़े पहनने के तरीकों जैसे फैक्टर्स से प्रभावित हो सकते हैं। सर्वे में 1000 भारतीय टेस्ट देने वाले लोगों ने हिस्सा लिया और उन्होंने अपनी चिंताएं बताईं।

दरअसल, भले ही यूएससीआईएस एच-1बी वीजा देने के लिए कोई टेस्ट स्कोर नहीं मांगे, लेकिन कई अमेरिकी कंपनियां अच्छी अंग्रेजी बोलने और समझने वाले लोगों को ही नौकरी देती हैं। खासकर साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स, हेल्थकेयर और कानून जैसे क्षेत्रों में तो यह और भी जरूरी है। सर्वे में बताया गया है कि 62 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को लगता है कि अगर कोई इंसान उनकी परीक्षा ले रहा है, तो उनका एक्सेंट उनके खिलाफ जा सकता है। ये उनकी चिंताओं को उजागर कर रहा है।